राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उत्तरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उतरांचल,उतराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारित

क्रांति समय
SURESH MAURYA
(Chief Editor)
M. 98791 41480
Working. off.: STPI-SURAT, GUJARAT-395023 (Software Technology Park of India, Surat.
www.krantisamay.com
www.krantisamay.in
krantisamay@gmail.com

सुरत-गुजरात, संस्करण रविवार,30अगस्त2020 वर्ष-3, अंक -214 पृष्ठ-10 मूल्य-01रूपये

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

संक्षिप्त समाचार



## केंद्र ने कहा, कोरोना के चलते राजस्व में कमी के बावजूद राज्यों को जीएसटी की बकाया राशि दी जाएगी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कहा है कि कोरोना वायरस महामारी के चलते राजस्व में कमी हुई है लेकिन फिर वह राज्यों को जीएसटी की बकाया रकम का भुगतान करेगी। राज्यों को लिखे पत्र में केंद्र ने कहा वादा किया है कि कोरोना के चलते जीएसटी सेस की वसूली में भारी गिरावट के बावजूद वह राज्यों की बकाया रकम अदा करेगी। कोरोना वायरस के चलते हो रहे आर्थिक नुकसान को वित्त मंत्री ने 'एक्ट ऑफ गॉड' करार दिया था। 27 अगस्त को बैठक के बाद जीएसटी काउंसिल ने राज्यों के सामने दो विकल्प रखे थे और उनसे एक हफ्ते के भीतर इनपर फैसला करने को कहा था। गैर-राजग शसित राज्यों की जीएसटी क्षतिपूर्ति तुरंत किये जाने की मांग के बीच केंद्र ने बृहस्पतिवार को जीएसटी राजस्व में आई कमी की भरपाई के लिये राज्यों को दो विकल्प दिये। इसके तहत राज्य भविष्य में होने वाले कर प्राप्ति के एवज में बाजार से कर्ज ले सकते हैं। हालांकि, पंजाब और दिल्ली ने इस पर अपनी असहमति जता दी थी। केंद्र ने चालू चालू वित्त वर्ष में जीएसटी राजस्व प्राप्ति में 2.35 लाख करोड़ रुपये की कमी का रहने का अनुमान लगाया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी परिषद की पांच घंटे चली बैठक के बाद कहा था कि कोविड-19 महामारी के कारण राजस्व में कमी बढ़ी है और इसकी भरपाई के लिये कर की दरें बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। उन्होंने महान्यायवादी की कानूनी राय का हवाला देते हुए केंद्र सरकार के अपने कोष से या अपने खाते में कर्ज लेकर राजस्व की भरपाई की संभावना को खारिज कर दिया। केंद्र ने जीएसटी लागू करने की वजह से और कोविड-19 संकट के कारण आर्थिक नरमी से होने वाले राजस्व नुकसान के बीच अंतर को भी स्पष्ट किया।

## होम क्वारंटाइन में रह रहे मरीजों से हो नियमित संवादः योगी

**लखनऊ।** लउत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को निर्देश दिए कि घर पर पृथक-वास (होम आइसोलेशन) में रह रहे मरीजों से नियमित संवाद हो और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली जाए। योगी ने कहा, होम आइसोलेशन में रह रहे मरीजों से नियमित संवाद स्थापित करते हुए उनके स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की जाए और इस कार्य में सीएम हेल्पलाइन का भी उपयोग किया जाए। उन्होंने कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग, सर्विलांस तथा डोर-टू-डोर सर्वे कार्य को पूरी तेजी से संचालित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में एक दिन में कोविड-19 के एक लाख 48 हजार से अधिक टेस्ट किए जाने पर संतोष जताते हुए टेस्टिंग क्षमता को शीघ्र बढ़ाकर एक लाख 50 हजार टेस्ट प्रतिदिन करने का निर्देश दिया। योगी अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड प्रभावित लोगों को और बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए समस्त जिलाधिकारी तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी दिन में दो बार नियमित रूप से बैठक करें। उन्होंने साािजक मेल उन्होंने साािजक मेल जोल से दूरी के नियमों के पालन के लिये मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को खाद बिना दिक्कत के मिले और खाद की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

भाजपा सरकार

# कृषि को आधुनिक बनाने के लिए युवा वैज्ञानिकों को निरंतर काम करना होगाः पीएम मोदी

**झांसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के झांसी स्थित रानी लक्ष्मीबाई कृषि विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और प्रशासनिक भवन का शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि देश को खेती को अनुसंधान से जोड़ने का लगातार प्रयास किया जा रहा है और इसके लिए युवा वैज्ञानिकों को निरंतर काम करना होगा। यहां कृषि विश्वविद्यालय परिसर में मौजूद जनप्रतिनिधि, किसान और स्टाफ के लोगों के अलावा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में उपस्थित देश भर के 101 संस्थान और 75 कृषि विश्वविद्यालय के छात्रों और लोगों को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि बीज से लेकर बाजार तक खेती को टेक्नोलॉजी से जोड़ने का लगातार काम किया जा रहा है और इसमें अनुसंधान संस्थान और कृषि विश्वविद्यालयों की प्रमुख भूमिका है। बुंदेलखंड में किसानों को आधुनिक खेती से जोड़ने में इस कृषि विश्वविद्यालय की प्रमुख भूमिका है। खेती के आधुनिकीकरण के लिए युवा वैज्ञानिकों को लगातार काम करना होगा। उन्होंने कहा कि पिछले छह साल से देश में कृषि के आधुनिकीकरण के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। अगर बात करें तो छह साल पहले देश में एकमात्र कृषि विश्वविद्यालय था और आज तीन तीन केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) झारखंड, आईएआरआई असम और बिहार के मोतीहारी में अनुसंधान संस्थान की स्थापना की गयी है। देश में सोलर पंप, सोलर ट्री ,स्थानीय जरूरत के बीज, माइक्रो इरिगेशन आदि के क्षेत्र में एकसाथ काम हो रहा है । इन सभी कार्यों को ज्यादा से ज्यादा किसानों तक पहुंचाने और बुंदेलखंड के किसानों को इससे जोड़ने में आपकी भूमिका अहम है। कृषि के विशेषज्ञों और जानकारों को साथ ही कृषि से जुड़ी शिक्षा को स्कूल के स्तर तक ले जाना जरूरी है । इसे गांव के स्तर पर लागू करना होगा ताकि देश को आत्मनिर्भर बनाने का काम प्रभावी तरीके से किया जा सके। बुंदेलखंड के क्षेत्र में कई समस्याएं हैं लेकिन इस वीर भूमि के लोगों ने हर समस्या का डटकर मुकाबला किया है और आज भी कोरोना महामारी के खिलाफ यह क्षेत्र मजबूती से लड़ रहा है। इस क्षेत्र के विकास के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है ।बुंदेलखंड की 10 लाख बहनों को मुफ्त गैस सिलेंडर मुहैया कराये गये हैं । मैं जब पहले झांसी आया था तो मैंने यहां की बहनों से कहा था कि पिछले पांच साल शौचालय के लिए थे और आने वाले पांच वर्ष पानी के लिए होंगे। बुंदेलखंड की पानी की समस्या का समाधान करने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। एक ओर पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है तो दूसरी ओर गरीब कल्याण रोजगार योजना के तहत सैंकडों तालाबों को ठीक करने और नये तालाब बनाने का काम किया जा रहा है। इस क्षेत्र मे पानी की बड़ी समस्या है और केन -बेतवा लिंक के समाधान में बेहद महत्वपूर्ण है और इस पर लगातार काम किया जा रहा है। एक बार यहां की पानी की समस्या का समाधान हो जाऐ तो इस क्षेत्र की तस्वीर पूरी तरह से बदल जायेगी। डिफेंस कॉरिडोर और बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे जैसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं के पूरा होने के बाद वीरों की भूमि झांसी रक्षा के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने का एक बड़ा क्षेत्र बनेगा। '' जय जवान, जय किसान और जय विज्ञान का मंत्र यहां गूंजेगा । इस क्षेत्र के समृद्ध इतिहास को सामने लाने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है । प्रधानमंत्री ने इस दौरान बुंदेलखंड में चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं का जिक्र किया और सभी को कोरोना काल में '' दो गज की दूरी और मास्क है जरूरी का मंत्र भी दिया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने पांच विद्यार्थियों के साथ परिचर्चा कर कृषि के क्षेत्र में युवाओं के रूझान और उनके सामने आने वाली परेशानियों को जानने का प्रयास किया। इससे पहले विश्वविद्यालय के कुलपति अरविंद कुमार ने प्रधानमंत्री ,मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर के साथ उपस्थित जन प्रतिनिधियों और अन्य का स्वागत किया। रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि



विश्वविद्यालय की स्थापना संसद के अधिनियम द्वारा सन् 2014 में देश के अन्य कृषि विश्वविद्यालयों और केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय की तरह बुंदेलखंड की वीरभूमि झांसी में कृषि और कृषि संबंधित विज्ञान की विभिन्न शाखाओं में शिक्षा प्रदान करने में अनुसंधान करने, विस्तार शिक्षा के कार्यक्रम और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक संस्थानों के साथ संबंधों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गयी थी। यह विश्वविद्यालय 300 एकड में फैला है जो न केवल बुंदेलखंड बल्कि देश के अन्य राज्यों के कृषि के छात्रों को अनुसंधान एवं कृषि शिक्षा के साथ किसानों को तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए ।

## सोनिया गांधी को पत्र लिखने वाले जितिन प्रसाद का छलका दर्द, बोले- हमारी मंशा गलत नहीं थी

**नेशनल डेस्क।** कांग्रेस में संगठनात्मक बदलाव और पूर्णकालिक अध्यक्ष की मांग को लेकर सोनिया गांधी को पत्र लिखने वाले 23 नेताओं में शामिल जितिन प्रसाद ने शनिवार को कहा कि पत्र का गलत मतलब निकाला गया और उन्हें पार्टी के शीर्ष नेतृत्व में पूरा विश्वास है। प्रसाद ने एक साक्षात्कार में कहा कि यह पत्र कभी भी नेतृत्व परिवर्तन की मंशा से नहीं लिखा गया। पत्र पर हस्ताक्षर करने के कारण के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस नेता ने कहा कि पत्र यह सुझाव देने के मकसद से लिखा गया कि कैसे पार्टी को फिर से खड़ा किया जाए और मजबूती दी जाए तथा संगठन को प्रेरित करने के लिए आत्ममंथन किया जाए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस पत्र का मकसद नेतृत्व को कमतर दिखाना नहीं था। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुझे सोनिया गांधी और राहुल गांधी के नेतृत्व पर पूरा विश्वास है और उन्हें मुझमें पूरा विश्वास है। उन्होंने यह टिप्पणी उस वक्त की है जब पत्र से जुड़े विवाद को लेकर उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले की कांग्रेस कमेटी पिछले दिनों प्रस्ताव पारित कर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रसाद ने कहा कि स्थानीय स्तर के प्रतिद्वंद्वी गुटों द्वारा उकसाने पर इस तरह का प्रस्ताव पारित किया गया होगा। प्रसाद के अनुसार हर लोकतांत्रिक पार्टी में इस तरह के छोटे-मोटे मामले होते हैं ।

## कोरोना वायरस : पिछले 24 घंटे में किए गए 9 लाख से ज्यादा सैंपल टेस्ट, मृत्युदर में गिरावट जारी

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने शनिवार को कहा कि कोरोना वायरस कोविड-19 के खिलाफ जंग में केंद्र और राज्यों के सम्मिलित प्रयास संतोषजनक हैं और इन प्रयासों से देश में मृत्यु दर में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। डॉ. हर्षवर्धन ने कोविड-19 को लेकर गठित मंत्रिमंडल समूह की शनिवार को हुई 20वीं बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि 31 जुलाई को हुई मंत्रिमंडल समूह की पिछली बैठक से अब तक कोरोना संक्रमण को रोकने की दिशा में कई कदम उठाए गए हैं। देशभर में अब तक 26.4 लाख से अधिक कोरोना संक्रमित स्वस्थ हो चुके हैं। देश में कोरोना मृत्यु दर घटकर 1.81 प्रतिशत हो गई है जबकि रिकवरी दर बढ़कर 76.47 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने बताया कि देश में स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे को काफी मजबूती दी गई है। देश में 1,576 कोरोना टेस्ट लैब हो गए हैं



और इन लैब ने एक दिन में 10 लाख कोरोना नमूना जांच करने का लक्ष्य हासिल कर लिया है। अब तक देशभर में चार करोड़ से अधिक नमूनों की जांच की जा चुकी है। इस बैठक में कोविड-19 की मौजूदा स्थिति एवं भविष्य की तैयारियों पर चर्चा की गई। कि इस वक्त देश में 0.29 प्रतिशत कोरोना मरीज वेंटिलेटर पर हैं, भविष्य की तैयारियों पर चर्चा की गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने बैठक में कहा कि इस वक्त देश में 0.29 प्रतिशत कोरोना मरीज वेंटिलेटर पर हैं, भविष्य की तैयारियों पर चर्चा की गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने बैठक में कहा कि इस वक्त देश में 0.29 प्रतिशत कोरोना मरीज वेंटिलेटर पर हैं, 1.93 प्रतिशत मरीज आईसीयू में भर्ती हैं जबकि 2.88 कोरोना संक्रमितों को ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है। मंत्रिमंडल समूह को बताया गया कि राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को कोरोना के खिलाफ लड़ाई मदद देने के लिए केंद्र सरकार ने उन्हें 338 लाख से अधिक एन95 मास्क, करीब 135 लाख पीपीई किट और लगभग 27,000 वेंटिलेटर दिए हैं।

## निजी स्कूलों की मनमानी पर सख्त हुए सीएम , अधिकारियों को दिए निर्देश

**भोपाल।** इंदौर दौरे दौरान निजी स्कूलों की मनमानी का मुद्दा सामने आने के बाद सीएम शिवराज सिंह चौहान सख्त नजर आ रहे हैं। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान वरिष्ठ अफ़सरों को निर्देश दिए हैं कि निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाई जाए और सख्त कार्रवाई की जाए। स्कूलों में मनमानी फीस वृद्धि पर रोक को लेकर जल्द से जल्द कानून बनाया जाएगा। आज इंदौर में मुझे कुछ बहनों ने मिलकर निजी स्कूलों द्वारा फीस को लेकर की जा रही मनमानी से अवगत कराया था। मैंने आज अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दे दिए हैं। निजी स्कूलों की मनमानी नहीं चलेगी। इस संकटकाल में उन्हें अभिभावकों से अनाप-शनाप फीस वसूलने नहीं दिया जाएगा। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को ट्वीट करते हुए लिखा कि कल इंदौर में मुझे कुछ बहनों ने मिलकर निजी स्कूलों द्वारा फीस को लेकर की जा रही मनमानी से अवगत कराया था। मैंने आज अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दे दिए हैं। निजी स्कूलों की मनमानी नहीं चलेगी। इस संकटकाल में उन्हें अभिभावकों से अनाप-शनाप फीस वसूलने नहीं दिया जाएगा। आपको बता दें कि शुक्रवार को इंदौर दौरे दौरान बायपास से पीपल्याहाना चौराहा तरफ आ रहे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के काफिले को एक महिला ने रोक लिया था।

## बीएसएफ को भारत-पाक सीमा पर मिली 20 मीटर लंबी सुरंग, पाकिस्तान में बनी रेत की बोरियां बरामद



**नई दिल्ली।**

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने जम्मू में भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बाड़बंदी के पास एक सुरंग का पता लगाया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बल ने पूरे इलाके में बड़ा अभियान चलाया है ताकि पता लगाया जा सके कि कहीं और भी ऐसी सुरंगें तो नहीं हैं। इसके साथ ही, इस मिली सुरंग को लेकर विश्लेषण किया जा रहा है जिसका इस्तेमाल संभवत- आतंकवादियों की घुसपैठ और मादक पदार्थों तथा हथियारों की तस्करी के लिए किया गया हो। अधिकारियों ने बताया कि बीएसएफ महानिदेशक राकेश अस्थाना ने सीमा पर तैनात कमांडरों को निर्देश दिया है कि वे सुनिश्चित करें कि सीमा पर घुसपैठ रोधी प्रणाली प्रभावी रहे और इस सीमा पर कोई खामी नहीं रहे। जम्मू के सांबा सेक्टर में बृहस्पतिवार को बीएसएफ जवानों को गश्त के दौरान भारतीय क्षेत्र में सीमा पर बाड़बंदी के पास स्थित इस सुरंग का पता चला। अधिकारियों ने को बताया कि बाद में बल ने सुरंग का निरीक्षण किया और इसके मुहाने पर रेत की बोरियां मिलीं, जो पाकिस्तान में बनी हैं। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हाल में हुई बारिश के बाद कुछ स्थानों पर जमीन धंसने से बीएसएफ को आशंका हुई। अधिकारी ने बताया कि सुरंग का पता लगाने के लिए तत्काल मशीन मंगाई गई, मौके पर निरीक्षण करने पर पता चला कि सुरंग निर्माणाधीन है, जिसकी लंबाई करीब 20 मीटर है। सूत्रों के मुताबिक सुरंग करीब 25 फुट की गहराई में बनाई गई थी और यह बीएसएफ की 'व्हेलबैक सीमा चौकी के नजदीक खुलती है। उन्होंने बताया कि बीएसएफ ने ऐसे अन्य किसी गुप्त ढांचे का पता लगाने के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बड़ा अभियान चलाया है। सूत्रों ने बताया कि बीएसएफ महानिरीक्षक (जम्मू) एनएस जामवाल ने भी मौके का दौरा किया और अभियान का जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि सुरंग के द्वार पर आठ से 10 रेत की बोरियां मिली हैं जिनपर 'कराची और 'शकरगढ़ लिखा है। उनपर दर्ज निर्माण एवं मियाद खत्म होने की तारीख से संकेत मिलता है कि इनका हाल में निर्माण हुआ है। उन्होंने बताया कि सुरंग से पाकिस्तानी सीमा चौकी 'गुलजार की दूरी करीब 700 मीटर है। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगते पंजाब में पांच हथियारबंद घुसपैठियों के हाल में मारे जाने के बाद बीएसएफ ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बड़ा सुरंग खोज अभियान चलाया है। पाकिस्तान से लगती करीब 3,300 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी बीएसएफ के हाथों में है और पहले भी सीमा से लगते जम्मू के इलाकों में सुरंगों का पता चला है। पहले भी सीमा से लगते जम्मू के इलाकों में सुरंगों का पता चला है। पाकिस्तान से लगती करीब 3,300 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी बीएसएफ के हाथों में है और पहले भी सीमा से लगते जम्मू के इलाकों में सुरंगों का पता चला है।

## भाजपा मिलीभगत का अमेरिका में हुआ खुलासाः राहुल गांधी

**नई दिल्ली।**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपने राजनीतिक लाभ के लिए सोशल मीडिया फेसबुक-व्हाट्सऐप का इस्तेमाल करती है और इनकी मिलीभगत का खुलासा अमेरिका की टाइम पत्रिका ने किया है। गांधी के साथ ही कांग्रेस पार्टी ने इस गठबंधन को लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा बताया है। पार्टी ने इसकी शिकायत व्हाट्सऐप के मालिक मार्क्स जुकरबर्ग से की है। पार्टी महासचिव के सी वेणुगोपाल ने अपनी शिकायत में कहा कि यह मिलीभगत भारतीय लोकतंत्र के लिए गंभीर चुनौती पैदा करता है इसलिए इस सांठगांठ की जांच होनी चाहिए । उन्होंने कहा कि फेसबुक और भाजपा के बीच सांठगांठ का खुलासा अमेरिका से प्रकाशित वाल स्ट्रीट जर्नल में हुआ था और इसकी 17 अगस्त को उन्होंने शिकायत की थी लेकिन अब अमेरिकी पत्रिका टाइम ने भाजपा व्हाट्सऐप के बीच ककी साठगांठ का खुलासा किया है और इस मामले की भी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।गांधी ने ट्वीट किया, '' अमेरिका की टाइम पत्रिका ने व्हाट्सऐप-भाजपा की मिलीभगत का खुलासा किया है।



व्हाट्सऐप का करीब 40 करोड़ भारतीय उपयोग करते है और अब भुगतान करने के लिए इसका इस्तेमाल करने की फिराक में है जिसके लिए मोदी सरकार की स्वीकृति आवश्यक है। भाजपा की इस तरह से व्हाट्सऐप पर पकड़ है।

अब भुगतान करने के लिए इसका इस्तेमाल करने की फिराक में है जिसके लिए मोदी सरकार की स्वीकृति आवश्यक है। भाजपा की इस तरह से व्हाट्सऐप पर पकड़ है।

## देश में कोरोना मृत्यु दर 1.81 प्रतिशत, लगातार बढ़ रहा आंकड़ा

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे के दौरान 1,021 कोरोना संक्रमितों की मौत होने के बीच कोरोना मृत्यु दर 1.81 प्रतिशत हो गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक 28 अगस्त को देशभर में 1,021 कोरोना संक्रमितों की मौत हो गयी, जिससे अब तक इस संक्रमण के कारण जान गंवाने वाले व्यक्तियों की संख्या बढ़कर 62 हजार के पार 62,550 हो गयी है। . मंत्रालय द्वारा आज जारी आंकड़ों के अनुसार, गुजरात और महाराष्ट्र में मृत्यु दर 3.2 प्रतिशत है। इसके अलावा दिल्ली में मृत्यु दर 2.6 प्रतिशत, पंजाब में 2.6 प्रतिशत,मध्य प्रदेश में 2.2 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में 2.0 प्रतिशत, जम्मू कश्मीर में 1.9 प्रतिशत, तमिलनाडु में 1.7 प्रतिशत, कर्नाटक में 1.7 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 1.5 प्रतिशत, राजस्थान में 1.3 प्रतिशत, हरियाणा में 1.1 प्रतिशत, आंध्रप्रदेश में 0.9 प्रतिशत, तेलंगाना में 0.7 प्रतिशत, ओडिशा में 0.5 प्रतिशत, बिहार में 0.4 प्रतिशत, केरल में 0.4 प्रतिशत और असम में 0.3 प्रतिशत है। महाराष्ट्र में 28 अगस्त को सर्वाधिक 331 कोरोना संक्रमितों ने दम तोड़ा। इसके अलावा तमिलनाडु में 102 और आंध्र प्रदेश में 81 कोरोना मरीजों की मौत हो गयी। अंडमान निकोबार द्वीप समूह, अरुणाचल प्रदेश, दादर नगर हवेली एवं दमन दीव, हिमाचल प्रदेश, नागालैंड और सिक्किम में पिछले 24 घंटे के दौरान एक भी कोरोना संक्रमित की मौत के मामले दर्ज नहीं हुए। देश में मात्र मिजोरम ही एक ऐसा राज्य है, जहां अब तक किसी भी कोरोना सिक्किम में पिछले 24 घंटे के दौरान एक भी कोरोना संक्रमित की मौत के मामले दर्ज नहीं हुए। देश में मात्र मिजोरम ही एक ऐसा राज्य है, जहां अब तक किसी भी कोरोना संक्रमित की मौत नहीं हुई है।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

संपादकीय

## परीक्षा तय

सुप्रीम कोर्ट ने विश्वविद्यालयों के अंतिम वर्ष की परीक्षाओं को हरी झंडी दिखाते हुए न केवल साहसिकता का परिचय दिया है, बल्कि शिक्षा में परीक्षा के महत्व को भी स्थापित किया है। कोरोना के समय देश भर के कॉलेजों में जहां बाकी वर्षों के विद्यार्थियों को प्रमोट कर दिया गया, वहीं अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों की परीक्षा रुकी हुई है। अंतिम वर्ष की परीक्षाओं में कई महीनों की देरी पहले ही हो चुकी है। सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले के अनुसार, कोई राज्य सितंबर महीने तक इन परीक्षाओं को टाल सकता है, लेकिन बिना परीक्षा किसी को उपाधि नहीं दी जा सकती। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से संकेत मिलता है कि विश्वविद्यालयों को हर हाल में इसी साल अंतिम वर्ष की परीक्षा लेनी पड़ेगी। कोई राज्य परीक्षाओं को स्थगित कर सकता है, लेकिन रद्द नहीं कर सकता। सुप्रीम कोर्ट के लिए यह फैसला आसान नहीं था, लेकिन जब कोर्ट में जेईई और नीट को मंजूरी मिल गई, तो अंतिम वर्ष की परीक्षाओं को रोकने के तर्क कमजोर पड़ गए। यह फैसला प्रत्याशित था, लेकिन इससे राज्यों की चिंता बढ़ जाएगी। अनेक याचिकाओं में कोविड-19 की वजह से परीक्षा रद्द करने की मांग की गई थी। परीक्षा रद्द करने के समर्थकों का कहना है कि अंतिम वर्ष के जो विद्यार्थी दो, तीन या चार वर्ष की परीक्षाएं पहले दे चुके हैं, उन्हें उनके पूर्व प्रदर्शन के आधार पर अंतिम वर्ष के लिए भी अंक देते हुए उपाधि दी जा सकती है। इसके खिलाफ तर्क यह है कि अंतिम वर्ष की विशेषता और परीक्षा के महत्व को खत्म न किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने अंतिम वर्ष की परीक्षा के महत्व को ही सिद्ध किया है और शैक्षणिक लिहाज से गुणवत्ता बनाए रखने के लिए यह जरूरी भी है। कोर्ट ने फैसला सुना दिया कि आंतरिक आकलन पर्याप्त नहीं होगा। न्यायमूर्ति अशोक भूषण, न्यायमूर्ति आर सुभाष रेड्डी और न्यायमूर्ति एमआर शाह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए फैसला सुनाते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के महत्व और काम को भी बढ़ा दिया है। अगर राज्यों को लगता है कि वे अभी परीक्षा आयोजित नहीं कर सकते, तो वे राहत के लिए यूजीसी से संपर्क कर सकते हैं। यूजीसी ने अंतिम वर्ष की परीक्षाओं को रद्द करने के दिल्ली और महाराष्ट्र सरकार के फैसलों पर सवाल उठाए थे। यूजीसी भले ही शिक्षा के मानकों को बचाने में जुटा है, लेकिन यह भी ध्यान देने योग्य बात है कि भारत में कोरोना के मामले 34 लाख के करीब पहुंच गए हैं और अब प्रतिदिन मरने वालों की संख्या 1,000 के पार चल रही है, तब राज्यों के लिए विश्वविद्यालयों में परीक्षा कराना जेईई और नीट के आयोजन से भी बड़ी चुनौती होगी। केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट के विगत कुछ फैसलों से साफ हो गया है कि ये दोनों प्रतिष्ठान भविष्य की ओर दृढ़ता और साहस के साथ देख रहे हैं, लेकिन वास्तविक चुनौती का सामना राज्य सरकारों को करना है, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सितंबर में परीक्षा कराने से मना कर दिया है और अपने शिक्षा मंत्री को यह निर्देश दिया है कि वह संबंधित संस्थानों से बात कर आगे की राह निकालें। क्या ऑनलाइन या ऑफलाइन परीक्षाएं संभव हैं? कुल मिलाकर, अब हरेक राज्य सरकार को परीक्षाओं के आयोजन में ऐसे इंतजाम करने होंगे, ताकि परीक्षा कराने के फैसले पर किसी को पछताना न पड़े।



## आज के ट्वीट

### गलती

मैंने जीवन में एक गलती की 20 वर्ष की पत्रकारिता में मैंने हिंदी चैनल को प्रमुखता नहीं दिया अब हिंदी में आ गया हूँ, ताहिर, अफजल, भटकल, मेमन, बुरहान, जैसे देश विरोधियों को जीने नही दूंगा

– अर्नब गोस्वामी

# वैक्सीन ट्रायल में विविधता न होने के खतरे

मुकुल व्यास



कोरोना की वैक्सीन के लिए चल रहे ट्रायलों से आशाजनक संकेत मिल रहे हैं लेकिन कुछ विशेषज्ञों ने इन ट्रायलों में विविधता की कमी पर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि विविधता के अभाव में ट्रायलों से ठोस नतीजे नहीं निकल पाएंगे। इस समय ऑक्सफर्ड और मोडर्ना की वैक्सीन सबसे ज्यादा चर्चा में है। लेकिन इनके ट्रायल सबसे ज्यादा गोरे लोगों पर किए गए हैं जबकि कोरोना वायरस ने अमेरिकी-अफ्रीकी और लैटिनो लोगों को अपेक्षाकृत ज्यादा प्रभावित किया है। रिसर्च से पता चला है कि विविध नस्लों के लोगों पर दवाओं और थिरेपी का असर अलग-अलग ढंग से होता है। इसमें आयु जैसी दूसरी बातें भी महत्वपूर्ण हैं। यह पता लगाना भी आवश्यक है कि अधिक उम्र वाले लोगों पर वैक्सीन का क्या असर होगा। लोगों की जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, उनका इम्यून रेस्पांस कमजोर पड़ने लगता है। पिछले महीने ऑक्सफर्ड यूनिवर्सिटी ने बताया कि एस्ट्राजेनेका कंपनी के साथ विकसित उसकी वैक्सीन ने ट्रायल में शामिल लोगों में तगड़ा इम्यून रेस्पांस उत्पन्न किया है। यह वैक्सीन चिंपैंजी के वायरस से तैयार की गई है। दूसरी तरफ, अमेरिकी बायोटेक कंपनी मोडर्ना की देखरेख में चल रहे वैक्सीन प्रोजेक्ट से भी उत्साहवर्धक परिणाम मिले हैं। इन दोनों वैक्सीन पर बहुत तेजी से काम चल रहा है लेकिन सबसे ज्यादा हैरानी की बात यह है कि इनके ट्रायल ज्यादातर गोरे लोगों पर किए जा रहे हैं। ऑक्सफोर्ड के ट्रायल में जिन 1000 स्वस्थ वालंटियर्स ने भाग लिया, उनमें 91 प्रतिशत गोरे थे। इनमें करीब पांच प्रतिशत एशियाई थे। अश्वेत लोगों की संख्या एक प्रतिशत से भी कम थी। मोडर्ना के छोटे ट्रायल में 45 वयस्कों ने हिस्सा लिया, जिनमें 40 गोरे थे। इसमें अश्वेत पार्टिसिपंट्स सिर्फ दो थे। ये दोनों वैक्सीन प्रोजेक्ट अब बड़े चरणों में प्रवेश करने वाले हैं। मोडर्ना अपने नवीनतम चरण में 30000 लोगों को सम्मिलित कर रही है जबकि ऑक्सफर्ड अपने तीसरे चरण के ट्रायल भारत में कर रही है। ड्यूक यूनिवर्सिटी की रिसर्चर और सर्जन ओलूवाडामिलोला फायनजू ने कहा कि प्रारंभिक चरणों में विविधता की कमी से कई त्रुटियां रह सकती हैं। यह देखते हुए कि कोविड ने अमेरिका और ब्रिटेन में अश्वेत लोगों को असमान रूप से प्रभावित किया है, ये त्रुटियां महंगी साबित हो सकती हैं। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि इन दोनों देशों में नस्लीय आधार पर बहुत ज्यादा असमानताएं हैं। लोगों में वैक्सीन के गंभीर साइड इफेक्ट्स रोकने के लिए ट्रायल में विविधता आवश्यक है। अश्वेत लोगों में हाइपरटेंशन और डायबिटीज जैसी बीमारियों के मामले अपेक्षाकृत अधिक हैं। हमें यह पता लगाना होगा कि ये बीमारियां वैक्सीन को किस तरह प्रभावित करती हैं। फायनजू ने कहा कि वर्तमान असाधारण परिस्थितियों में सभी चाहते हैं कि वैक्सीन जल्दी से जल्दी बने लेकिन हम इसके लिए शॉर्टकट नहीं ढूंढ सकते क्योंकि इससे कुछ चीजों के छूटने का डर रहेगा। ड्रग कंपनियां ट्रायलों को विविध न करके भारी भूल कर रही हैं। इस बीच, कोविड-19 के इलाज के लिए रिसर्चरों ने कृत्रिम एंटीबॉडीज विकसित की हैं, जिन्हें इनहेलर के रूप में मरीज को दिया जा सकता है। रिसर्चरों का कहना है कि यह कृत्रिम एंटीबॉडी कोरोना वायरस को मानव कोशिकाओं पर हमला करने से रोकती है। यह रिसर्च अभी प्रयोगशाला के स्तर पर हुई है और इसका कोई क्लिनिकल ट्रायल नहीं हुआ है लेकिन रिसर्चर शुरुआती नतीजों से बहुत उत्साहित हैं। उनका कहना है कि नई थेरैपी काफी दमदार है और जल्द ही इसके क्लिनिकल ट्रायल शुरू किए जाने चाहिए। रिसर्चरों का मकसद इस थेरैपी को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का है ताकि वे घर पर ही कोविड का उपचार कर सकें। निरोधात्मक उपाय के रूप में भी इस थेरैपी का इस्तेमाल किया जा सकता है। रिसर्चरों का कहना है कि सांस के साथ ली जाने वाली कृत्रिम एंटीबॉडी कुछ ही महीनों के भीतर सार्वजनिक प्रयोग के लिए जारी की जा सकती है। रिसर्चरों द्वारा विकसित किए गए एंटीबॉडी प्रोटीन का नाम एनएमबी6-ट्राई है। उन्होंने इसका दूसरा नाम एरोनेब्स भी रखा है। यह प्रोटीन सार्स-कोव-2 वायरस के स्पाइक प्रोटीन को मजबूती के साथ जकड़ लेता है, जिसकी वजह से वायरस की मानव कोशिकाओं को संक्रमित करने की क्षमता अवरुद्ध हो जाती है। रिसर्चरों ने परीक्षणों के दौरान देखा कि एनएमबी6-ट्राई प्रोटीन एक बार वायरस के स्पाइक प्रोटीन को कस कर पकड़ने के बाद उससे अलग नहीं होता। यह एक अच्छी खबर है। ध्यान रहे कि स्पाइक प्रोटीन कोरोना वायरस का मुख्य हथियार है, जिसके जरिए वह मानव कोशिकाओं में दाखिल होता है। ऊंट और लामा जैसे कुछ स्तनपायी जीवों की एंटीबॉडीज बहुत ही सरल प्रोटीनों से बनी होती है। इन्हें 'नैनोबॉडीज' कहा जाता है। वैज्ञानिक पिछले काफी समय से इस बात पर रिसर्च कर रहे हैं कि क्या कोविड के खिलाफ जंग में नैनोबॉडीज का प्रयोग किया जा सकता है। सेन फ्रांसिस्को स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ कैलफोर्निया में फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री के असिस्टेंट प्रोफेसर आशीष मांगलिक अपने प्रयोगों में नैनोबॉडीज का इस्तेमाल कर रहे हैं। रिसर्चरों का कहना है कि नैनो बॉडीज बहुत छोटी होती हैं और वे वायरस के स्पाइक प्रोटीन को आसानी के साथ खोज कर जकड़ लेती हैं। मांगलिक के सहयोगी पीटर वाल्टर ने कहा कि कोविड के उपचार में कृत्रिम एंटीबॉडी के असर को जानने के लिए प्रति दिन एरोनेब्स पार्टिकल्स की एक ही डोज काफी होगी। वाल्टर के अनुसार जिन मरीजों के फेफड़ों में सार्स-कोव-2 है, उन्हें नेबुलाइजर के जरिए एरोनेब्स मिस्ट दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि कोविड के गंभीर लक्षणों वाले मरीजों में एरोनेब्स का असर देखने के लिए दिन में एक बार कुछ मिनट तक नेबुलाइजर दिया जा सकता है। चूंकि कोरोना इंफेक्शन सांस की नली से शुरू होता है, अग्रणी स्वास्थ्य कर्मियों को सुरक्षा के तौर पर एरोनेब्स नेसल स्प्रे दिया जा सकता है। यह स्प्रे उन लोगों को भी दिया जा सकता है, जिनके लक्षण नहीं दिखते लेकिन उनके टेस्ट पॉजिटिव आते हैं। वाल्टर ने कहा कि एरोनेब्स का बहुत कम लागत पर औद्योगिक उत्पादन किया जा सकता है और पाउडर के रूप में उसे दुनिया के किसी भी हिस्से में भेजा जा सकता है।

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

## ज्ञान गंगा

### शरीर

जग्गी वासुदेव

शायद आप नहीं चाहेंगे कि मैं ऐसे शब्द कहूं, लेकिन अपने जीवन के हर क्षण में, आप अपनी मृत्यु के थोड़ा पास पहुंच रहे हैं। मैं आपको दीर्घायु होने का आशीर्वाद दूंगा पर मृत्यु तो हर मिनट आपके पास आ ही रही है। हमारे जीवन के जो दो सबसे महत्त्वपूर्ण आयाम हैं, वे हैं समय और ऊर्जा। आप अपनी ऊर्जाओं को अच्छे से मैनेज करते हैं, तो आपकी ऊर्जाओं के बढ़ जाने से आपके अनुभव में समय भी ज्यादा अच्छा गुजरेगा। जब आपके जीवन के अनुभव मधुर होते हैं, तो वे जितने ज्यादा मधुर होते जाएंगे, उतनी ही ज्यादा तेजी से आपको समय बीतता मालूम पड़ेगा। आप सुबह उठेंगे और आपको पता चलने से पहले दिन पूरा भी हो जाएगा-इसका सीधा अर्थ है कि सब कुछ अच्छा है, आप बढ़िया स्थिति में हैं। आपका समय जल्दी नहीं गुजरता, भारी मालूम होता है तो इसका अर्थ है कि आपकी स्थिति कष्टप्रद है, खराब है। आपका यह समझना महत्त्वपूर्ण है कि इस धरती पर, आज के समय में, एक मनुष्य के रूप में आपके शरीर के अंदर समय किस तरह चल रहा है, या आप समय का अनुभव किस प्रकार कर रहे हैं। आपके शरीर के कई आयाम इस धरती पर समय को तय करने के मूल भागों के साथ तालमेल में हैं। हमारे लिए समय का मूल माप तो पृथ्वी का सूर्य के चारों ओर घूमना ही है, जो एक वर्ष है। चंद्रमा पृथ्वी के चारों ओर घूम रहा है और इसका एक चक्र एक महीना है। लेकिन समय का सबसे मूल माप पृथ्वी के अपनी धुरी पर चक्कर लगाने से मिलता है। पृथ्वी के एक चक्कर को हम एक दिन कहते हैं। पृथ्वी की भूमध्य रेखा 21600 नॉटिकल मील लंबी है। एक दिन में आपके द्वारा ली गई सांसों की संख्या भी 21600 ही है। इसे 1440 से भाग करें-जो हर दिन के मिनटों की संख्या है-तो उत्तर मिलता है 15। इसका अर्थ है कि आप हर मिनट लगभग 15 सांसें ले रहे हैं, तो आप पृथ्वी के अपनी धुरी पर चक्कर लगाने के साथ पूरी तरह तालमेल में हैं। आपके हृदय की धड़कनें प्रति मिनट 70 से 72 के बीच हैं, तो आपका हृदय भी आप की सांस के साथ तालमेल में है, सांस पृथ्वी के चक्करों के साथ तालमेल में है। अपनी शारीरिक व्यवस्था में तालमेल लाने का यह सरल उपाय है। आप यह करते हैं, तो आपके शरीर की बाध्यताएं, शरीर की मजबूरियां छूट जाएंगी।




# आज का राशिफल

| | |
| --- | --- |
| मेष | शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। किसी रिश्तेदार के आगमन से मन प्रसन्न होगा। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। अनावश्यक कष्टों का सामना करना पड़ेगा। |
| वृषभ | पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। खान-पान में संतुलन बना कर रखें। मकान, सम्पत्ति व वाहन की दिशा में किया गया प्रयास सफल होगा। |
| मिथुन | दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। आय के नये स्त्रोत बनेंगे। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। आय और व्यय में संतुलन बना कर रखें। रुपए पैसे के लेन-देन में सावधानी अपेक्षित है। |
| कर्क | पारिवारिक जनों का सहयोग मिलेगा। स्थानान्तरण व परिवर्तन की दिशा में सफलता मिलेगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। किसी बहुमूल्य वस्तु के पाने की अभिलाषा पूरी होगी। धन लाभ होगा। |
| सिंह | रोजी रोजगार की दिशा में सफलता मिलेगी। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी। |
| कन्या | पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। भाग्यवश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। |
| तुला | आर्थिक योजना सफल होगी। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी रिश्तेदार से तनाव मिल सकता है। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। |
| वृश्चिक | पारिवारिक जनों का सहयोग मिलेगा। रोजी रोजगार की दिशा में प्रगति होगी। अधीनस्थ कर्मचारी का सहयोग रहेगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे। |
| धनु | जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। फिजूलखर्ची से बचें अन्यथा कर्ज की स्थिति आ सकती है। प्रणय संबंध प्रगाढ़ होंगे। धन हानि की संभावना है। |
| मकर | दाम्पत्य जीवन सुखमय होगा। राजनैतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। संतान के संबंध में सुखद समाचार मिलेगा। वाहन प्रयोग में सावधानी अपेक्षित है। |
| कुम्भ | गृहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। खान पान में संयम रखें। स्वास्थ्य शिथिल रहेगा। आमोद प्रमोद के साधनों में वृद्धि होगी। |
| मीन | पिता या उच्चाधिकारी का सहयोग मिलेगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। आय के नवीन स्त्रोत बनेंगे। नेत्र विकार की संभावना है। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। |

# जमीन की खरीद-फरोख्त पर उठे सवाल

जयसिंह रावत



ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित गैरसैण में कभी सरकार पहुंचेगी भी या नहीं, यह तो वक्त ही बतायेगा, मगर उससे पहले वहां जमीनों के खरीदार अवश्य पहुंच गये हैं। मजेदार बात तो यह है कि जमीनों के सौदे की पहल राज्य के सत्ता शीर्ष से जुड़े और साधन सम्पन्न लोगों द्वारा की गई है। जबकि 2012 में विजय बहुगुणा के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने इस क्षेत्र में जमीनों की बिक्री पर इसलिये प्रतिबंध लगाया था ताकि प्रलोभन स्थानीय लोगों या दबाव में भावी पीढ़ियों को भूमिहीन न बना दें। इससे पहले नारायण दत्त तिवारी और फिर भुवनचन्द्र खण्डूड़ी की सरकारों द्वारा ग्रामीणों की जमीनें भू-माफिया से बचाने के लिये बनाये गये भू-कानून में छेद कर भू-माफिया के लिए जमीन तैयार की गई, फिर गैरसैण क्षेत्र में लगे प्रतिबंध को हटा दिया गया। गैरसैण में इस बार आयोजित राज्यस्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र रावत का स्वयं को गैरसैण का भूमिधर होने की घोषणा करनी ही थी कि अगले दिन 16 अगस्त को उनके नाम भराड़ीसैण के निकट दूधातोली की ओर हेलीपैड के निकट की एक जमीन की रजिस्ट्री उनके नाम हो गयी। जमनसिंह की शेष जमीन उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगी डॉ. धनसिंह रावत के नाम चढ़ने की प्रक्रिया जारी है। उसी क्षेत्र में विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चन्द अग्रवाल और कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज आदि के लिये भी जमीनें तलाशी जा रही हैं। कल्पना की जा सकती है कि जब राजनेताओं में गैरसैण क्षेत्र में जमीनें हासिल करने की इतनी होड़ लगी हो तो फिर जमीनों के सौदागरों तथा धन्ना सेठों में कितनी अधिक होड़ लग चुकी होगी। दरअसल, गरीब पहाड़ियों की जमीनें हड़पने की आशंका को देखते हुए ही कांग्रेस के दुबारा सत्ता में आने पर 3 नवम्बर 2012 को गैरसैण में पहली बार आयोजित विजय बहुगुणा कैबिनेट की बैठक में इस क्षेत्र में जमीनों की खरीद-फरोख्त पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया था। उसी दिन गैरसैण में विधानसभा भवन बनाने का निर्णय भी लिया गया था। अगर प्रतिबंध न लगा होता तो अब तक वहां स्थानीय लोगों की जमीनें बिक चुकी होतीं, क्योंकि पहाड़ का काश्तकार गरीब है और खेती उपजाऊ नहीं रह गयी। इसलिये वह पैसों के लालच में आकर अपनी आने वाली पीढ़ियों के हिस्से की जमीन बेचने में संकोच नहीं करता। इसी कमजोरी को भांप कर और जमीनखोरों के प्रभाव में आकर मौजूदा सरकार ने 11 जुलाई, 2019 को गैरसैण क्षेत्र में भूमि की बिक्री पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया था। नब्बे के दशक में भड़के उत्तराखण्ड आन्दोलन का लक्ष्य केवल अलग राज्य हासिल करना नहीं बल्कि पूर्वोत्तर के पड़ोसी हिमालयवासियों की तरह संविधान के अनुच्छेद 371 की छत्रछाया प्राप्त करना भी था ताकि पहाड़वासियों की संस्कृति के साथ ही उनकी जमीनों का भी संरक्षण हो सके। उस अभूतपूर्व आन्दोलन के बाद उत्तराखण्डवासियों को अलग राज्य तो मिल गया मगर अनुच्छेद 371-ए की तरह विशेष दर्जा नहीं मिला। बाद में जनभावनाओं के दबाव में नारायण दत्त तिवारी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने हिमाचल प्रदेश टेनेंसी एंड लैंड रिफार्म एक्ट 1972 की धारा 118 की तर्ज पर उत्तराखण्ड में यह व्यवस्था कर दी थी कि प्रदेश के ग्रामीण क्षत्रों में कोई भी अकृषक या जो मूल अधिनियम की धारा 129 के तहत जमीन का खातेदार न हो, वह बिना अनुमति के 500 वर्ग मीटर से अधिक जमीन नहीं खरीद सकता। हालांकि, उस समय गठित विजय बहुगुणा समिति भी बाहरी लोगों के दबाव में आ गयी थी, फिर भी उसकी सिफारिश पर बने इस अधूरे कानून से बेतहाशा खरीद-फरोख्त पर रोक अवश्य लगी थी। बाद में भुवनचन्द्र खण्डूड़ी के नेतृत्व वाली सरकार ने इस भू-कानून में कठोरता लाते हुए अकृषकों द्वारा बिना अनुमति के 500 वर्गमीटर तक जमीन खरीदने की छूट को कम कर 250 वर्गमीटर कर दिया। यह मामला कोर्ट में भी गया मगर बाद में सुप्रीम कोर्ट से राज्य सरकार ने अपना कानून बचा लिया था।

लेकिन मौजूदा सरकार के आते ही उसका पहला वार इसी कानून पर पड़ा और आज औद्योगिकीकरण के नाम पर पहाड़वासियों की बेशकीमती जमीनें सौदागरों और धन्नासेठों को निगलने के लिये तश्तरी पर सजा दी गयी हैं। उत्तराखण्ड के ही तराई में थारू-बुक्सा की जमीनें बाहरी लोगों ने हड़प ली हैं और इन जनजातियों के लोग अपनी ही जमीनों पर खेतिहर मजदूर के रूप में काम करने को मजबूर हैं। टिहरी बांध के चारों ओर धन्ना सेठों ने स्थानीय लोगों की पुश्तैनी जमीनें होटल-रिसॉर्ट और आरामगाह बनाने के लिये खरीद ली हैं। भूमि वह संसाधन है, जिसे खींचतान कर लम्बा या चौड़ा नहीं किया जा सकता। इसलिये अब गैरसैण क्षेत्र के लोगों के पांवों तले से जमीनें खिसका कर उनकी आने वाली पीढ़ियों को अपने ही पुरखों के गैरसैण में गैर बनाने की होड़ शुरू हो चुकी है।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# डीईआरसी की बिजली शुल्क दरों से डिस्कॉम के लिए वित्तीय चुनौतियां बढ़ेंगी : डीपीडीडीएल



**नई दिल्ली।** टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रिब्यूशन लि. (टीपीडीडीएल) ने दिल्ली के लिए घोषित बिजली की नई दरों को लेकर निराशा जताई है। दिल्ली बिजली नियामक आयोग (डीईआरसी) ने 2020-21 के लिए दिल्ली में बिजली शुल्क की घोषणा की है और दरों में कोई बदलाव नहीं किया है। टीपीडीडीएल के एक प्रवक्ता ने शनिवार को कहा कि मौजूदा बिजली दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं होने से बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) पर वित्तीय दबाव उल्लेखनीय रूप से बढ़ेगा। इससे डिस्कॉम की दिल्ली में चौबीसों घंटे बिजली आपूर्ति की क्षमता प्रभावित होगी। डीईआरसी ने शुक्रवार को नए शुल्क दरों की घोषणा करते हुए कहा कि कोविड-19 महामारी के मद्देनजर दरों में बढ़ोतरी पर विचार नहीं किया गया। टीपीडीडीएल के प्रवक्ता ने कहा, ''कोविड-19 महामारी की वजह से डीईआरसी ने बिजली दरों को मौजूदा स्तर पर कायम रखने का फैसला किया है। यह शुल्क आदेश उल्लेखनीय रूप से वित्तीय चुनौतियां बढ़ाएगा और इससे वितरण कंपनियों की चौबीसों घंटे बिजली आपूर्ति की क्षमता प्रभावित होगी। टीपीडीडीएल उत्तर और उत्तर-पश्चिम दिल्ली के करीब 18 लाख उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति करती है। बीएसईएस राजधानी पावर लि. (बीआरपीएल) तथा बीएसईएस यमुना पावर लि. (बीवाईपीएल) शहर के शेष यानी 43 लाख उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति करती है।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा, एनसीडीआरसी की नियुक्तियों में और देरी नहीं की जाए

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने केंद्र से कहा है कि राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निपटान आयोग (एनसीडीआरसी) के सदस्यों की नियुक्तियों में और विलंब नहीं किया जाए। न्यायालय ने केंद्र से इस प्रक्रिया को जल्द पूरा करने को कहा है। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता तथा न्यायमूर्ति एस रविंद्र भट की पीठ ने एनसीडीआरसी के एक सदस्य का कार्यकाल बढ़ाते हुए यह निष्कर्ष दिया है। यह सदस्य रविवार को सेवानिवृत्त होने वाला था। पीठ ने कहा, 'एनसीडीआरसी के सदस्यों के चयन और नियुक्तियों में और देरी नहीं होनी चाहिए। हम उम्मीद और भरोसा करते हैं कि एनसीडीआरसी में नियुक्तियां जल्द की जाएंगी।' पीठ ने एनसीडीआरसी के एक सदस्य की अपील पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। इस सदस्य ने नियमित नियुक्ति होने तक उसे सेवा विस्तार देने की अपील की थी। अटॉर्नी जनरल के के वेणुगोपाल ने कहा कि चयन समिति द्वारा की गई सिफारिशें कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) के विचाराधीन है। शीर्ष अदालत ने कहा कि आवेदक 30 अगस्त को सेवानिवृत्त होने जा रहा है और उसका कार्यकाल एक महीने के लिए बढ़ाया जाता है।




## 'कोष का लाभ उठा पूंजीगत खर्च बढ़ाकर देश की जीडीपी दो-तीन प्रतिशत बढ़ा सकते हैं केंद्रीय उपक्रम'

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (सीपीएसई) कोष का लाभ उठा पूंजीगत खर्च तेज कर देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) को दो से तीन प्रतिशत बढ़ा सकते हैं। सार्वजनिक उपक्रम चयन बोर्ड (पीईएसबी) के चेयरमैन राजीव कुमार ने यह टिप्पणी की। केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों की कुल नेट-वर्थ (निवल संपत्ति) करीब 12 लाख करोड़ रुपये है। कुमार ने सार्वजनिक उपक्रमों को मौके पर उठकर सामने आने और आत्मनिर्भर भारत बनाने में योगदान देने का भी आह्वान किया। पीईएसबी चेयरमैन ने केंद्रीय उपक्रमों में निदेशक मंडल स्तर पर नियुक्तियों में पारदर्शिता को बढ़ावा देने व प्रतिभा की कमी को दूर करने के कई सुझाव भी दिये। पिछले पांच-छह साल में विविध कारणों से नया निवेश करने में निजी क्षेत्र हिचकिचाते रहे हैं। ऐसे में सार्वजनिक उपक्रमों ने अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में प्रमुख निवेश किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी पिछले महीने कहा था कि कोविड-19 महामारी के मद्देनजर उत्पन्न चुनौतियों से अर्थव्यवस्था को उबारने के लिये केंद्रीय उपक्रम वित्त वर्ष 2020-21 के लिये नियोजित पूंजीगत खर्च का 50 प्रतिशत अगले महीने तक हासिल कर लें।

## एनएमडीसी के निदेशक मंडल ने छत्तीसगढ़ इस्पात संयंत्र के कारोबार को अलग करने की मंजूरी दी

**हैदराबाद।** एनएमडीसी लिमिटेड के निदेशक मंडल ने छत्तीसगढ़ में तैयार हो रहे 30 लाख टन सालाना क्षमता वाले संयंत्र के कारोबार को अलग करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। एनएमडीसी ने शेयर बाजारों को बताया, ''कंपनी के निदेशक मंडल ने बृहस्पतिवार (27 अगस्त 2020) को आयोजित बैठक में एनएमडीसी लौह एवं इस्पात संयंत्र (एनआईएसपी) नगरनार के कारोबार को अलग करने के प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है।'' छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हाल ही में केंद्र से बस्तर जिले में तैयार हो रहे इस्पात संयंत्र का निजीकरण नहीं करने का आग्रह किया। एनएमडीसी के अधिकारियों ने पहले कहा था कि संयंत्र अगले साल चालू होने की संभावना है।

## चेन्नई एयरपोर्ट के 2,500 कर्मचारियों को नौकरी जाने का डर, एटक ने हरदीप पुरी से मांगी मदद

**नई दिल्ली।** श्रमिक संगठन 'ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कॉंग्रेस' (एटक) ने चेन्नई हवाईअड्डे पर काम करने वाले 2,500 लोगों की नौकरी बचाने के लिए नागर विमानन मंत्री हरदीप पुरी से शुक्रवार को हस्तक्षेत्र की अपील की। सभी हवाअड्डे पर जमीनी कामकाज और मालवहन संभालने वाली एजेंसी 'बिल' के कर्मचारी हैं।' हवाईअड्डे पर जमीनी कामकाज और मालवहन संभालने का ठेका किसी और कंपनी को दिए जाने के बाद 'भद्र इंटरनेशनल इंडिया लिमिटेड' (बिल) के कर्मचारियों को नौकरी जाने का डर है। एटक की महासचिव अमरजीत कौर ने पुरी को लिखे एक पत्र में कहा, 'भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) इन कर्मचारियों की मूल नियोक्ता है। मेरा आपसे अनुरोध है कि इन सभी कर्मचारियों को उनके पद और वेतन के अनुरूप एएआई की कारगो लॉजिस्टिक एंड एलाइड सर्विसेस कंपनी लिमिटेड (क्लास) में या नयी ठेका पाने वाली कंपनी में शामिल करने का प्रावधान किया जाए।' मेरा आपसे अनुरोध है कि इन सभी कर्मचारियों को उनके पद और वेतन के अनुरूप एएआई की कारगो लॉजिस्टिक एंड एलाइड सर्विसेस कंपनी लिमिटेड (क्लास) में या नयी ठेका पाने वाली कंपनी में शामिल करने का प्रावधान किया जाए।' एटक ने पुरी से जल्द से जल्द हस्तक्षेप कर इन कर्मचारियों की नौकरी बचाने का आग्रह किया।

## रिजर्व बैंक के पुनर्संरचना पैकेज पर वित्तीय विशेषज्ञों की मिश्रित प्रतिक्रिया

**कोलकाता।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ऋण पुनर्संरचना पैकेज पर वित्तीय क्षेत्र के विशेषज्ञों ने मिश्रित प्रतिक्रिया दी है। कुछ विशेषज्ञों ने इसे पर्यटन उद्योग के लिये मददगार बताया है, जबकि कुछ अन्य का मानना है कि यह गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के लिये अवरोध का काम करेगा। टूरिज्म फाइनेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अनिर्बान चक्रवर्ती ने कहा कि होटल और आतिथ्य सत्कार क्षेत्र आरबीआई के ऋण पुनर्गठन ढांचे में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) श्रेणी के दायरे में है। उन्होंने एनक्यूब कोलाबोरेशन के द्वारा शुक्रवार को आयोजित एक वेबिनार में कहा कि आपातकालीन ऋण सुविधा इस क्षेत्र को अगले दो साल तक टिकाये रखने में महत्वपूर्ण मदद करने वाली है।श्रेई इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस के वाइस चेयरमैन सुनील कनोरिया ने कहा कि आरबीआई का पुनर्गठन पैकेज कुछ हद तक पाबंदियों के साथ है और यह व्यावहारिक समाधान नहीं है। पुनर्गठन पैकेज कुछ हद तक पाबंदियों के साथ है और यह व्यावहारिक समाधान नहीं है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कार्यकारी निदेशक बी मिश्रा ने कहा कि कोविड-19 ने सरकार, नियामक, बैंककर्मियों और कर्जदारों के व्यवहार में बदलाव किया है।

# मोदी सरकार की स्कीम के जरिए सस्ता सोना खरीदने का आखिरी मौका

**मुंबई।** इस साल सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की छठी और आखिरी किस्त के बॉन्ड की खरीद सोमवार से खुलेगी। इसमें 31 अगस्त से 4 सितम्बर तक गोल्ड बॉन्ड में निवेश किया जा सकेगा। इसके तहत प्रति ग्राम सोने की कीमत 5,117 रुपए तय की गई है। जो लोग इनके लिए ऑनलाइन आवेदन करेंगे और डिजिटल पेमेंट के जरिए भुगतान करेंगे, उन्हें प्रति ग्राम 50 रुपए का डिस्काउंट मिलेगा। इससे पहले 3 से 7 अगस्त को खुली पांचवीं सीरीज में प्रति ग्राम सोने की कीमत 5,334 रुपए रखी गई थी। आरबीआई ने कहा कि स्वर्ण बॉन्ड की कीमत उसके पेश होने वाले सप्ताह से पिछले हफ्ते के अंतिम तीन कारोबारी दिवसों में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की औसत बंद कीमत पर आधारित होती है। मौजूदा श्रृंखला के लिए यह गणना 26 अगस्त से 28 अगस्त 2020 के औसत बंद भाव पर 5,117 रुपए प्रति ग्राम की गई है।



स्वर्ण बॉन्ड की खरीद के लिए डिजिटल भुगतान करने पर प्रति ग्राम 50 रुपए की छूट मिलेगी। ऐसे निवेशकों के लिए बॉन्ड की कीमत 5,067 रुपए प्रति ग्राम होगी। सरकार के स्वर्ण बॉन्ड को रिजर्व बैंक भारत सरकार की ओर से जारी करता है। देश में सोने का आयात घटाने के लिए सरकार ने नवंबर 2015 में यह योजना पेश थी। वित्त वर्ष 2019-20 में रिजर्व बैंक ने दस किस्तों में कुल 2,316.37 करोड़ रुपए यानी 6.13 टन के स्वर्ण बॉन्ड जारी किए। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में इश्यू प्राइस पर हर साल 2.50 फीसदी का निश्चित ब्याज मिलता है। यह पैसा हर 6 महीने में अपने आप आपने खाते में पहुंच जाता है। फिजिकल गोल्ड और गोल्ड ईटीएफ पर आपको इस तरह का फायदा नहीं मिलता। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में इश्यू प्राइस पर हर साल 2.50 फीसदी का निश्चित ब्याज मिलता है। यह पैसा हर 6 महीने में अपने आप आपने खाते में पहुंच जाता है। फिजिकल गोल्ड और गोल्ड ईटीएफ पर आपको इस तरह का फायदा नहीं मिलता। एनएसई के वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार सॉवरेन 8 साल के मैच्योरिटी पीरियड के बाद इससे होने वाले लाभ पर कोई टैक्स नहीं लगता। इसके साथ ही हर छह महीने पर मिलने वाले ब्याज पर कोई टीडीएस भी नहीं लगता। आप अपने बैंक, स्टॉक होल्डिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, चुनिंदा पोस्ट ऑफिस, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज या बंबई स्टॉक एक्सचेंज से खरीद सकते हैं।

## चीन सहित इन चार देशों ने की थी गड़बड़, वर्ल्ड बैंक को रोकनी पड़ी रिपोर्ट

**वॉशिंगटन।** वर्ल्ड बैंक ने पिछले 5 साल की ईज ऑफ डूइंग बिजनेस लिस्ट की समीक्षा करने का फैसला किया है और इस साल अक्टूबर में आने वाली बिजनेस रैंकिंग लिस्ट पर फिलहाल रोक लगा दी है। नीति आयोग ने कहा है कि विश्व बैंक को अनियमितता की जांच करनी चाहिए और जल्द अगली रिपोर्ट जारी करनी चाहिए। वर्ल्ड बैंक ने यह कदम चार देशों की तरफ से हेराफेरी करने के शक में उठाया है। ये 4 देश हैं चीन, यूएई, अजरबेजान और सऊदी अरब। ये 2019 में जारी की गई ईज ऑफ डूइंग बिजनेस लिस्ट में भारत से ऊपर थे। कुछ साल में इनकी रैंकिंग में उछाल आया। 5 साल पहले चीन 90वें स्थान पर था, जबकि पिछले साल 31वें स्थान पर पहुंच गया। विश्व बैंक ने कहा कि अक्टूबर 2017 और अक्टूबर 2019 में प्रकाशित होने वाली लिस्ट के डेटा के साथ गड़बड़ी की गई है। पिछले 5 साल के आंकड़ों की जांच कर रहे हैं। इसके आधार पर उन देशों की रैंकिंग को ठीक किया जाएगा,जिनकी रैंकिंग प्रभावित हुई। पिछले 5 साल के दौरान भारत की रैंकिंग में 79 पायदान का उछाल आया और 2019 की लिस्ट में वह 63वें स्थान पर जा पहुंचा। जिनकी रैंकिंग प्रभावित हुई। पिछले 5 साल के दौरान भारत की रैंकिंग में 79 पायदान का उछाल आया और 2019 की लिस्ट में वह 63वें स्थान पर जा पहुंचा।

# आईटी विभाग जांच के दायरे वाले करदाताओं को 'फेसलेस' आकलन के बारे में करेगा सूचित




**नई दिल्ली।** आयकर विभाग जल्द ही वैसे करदाताओं को चेहरारहित (फेसलेस) मूल्यांकन के बारे में सूचित करने की शुरुआत करेगा, जो जांच के दायरे में हैं। एक कर अधिकारी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अतिरिक्त आयुक्त जयश्री शर्मा ने कहा कि घरेलू ट्रांसफर प्राइसिंग के मामले भी अब चेहरारहित मूल्यांकन व्यवस्था के दायरे में आयेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या पहले भेजे गये नोटिस अभी भी मान्य होंगे, शर्मा ने कहा, 'पिछले नोटिस निरर्थक नहीं बनेंगे। सबसे पहले, एक सूचना भेजी जायेगी कि अब आपके मामले का मूल्यांकन चेहरारहित मूल्यांकन योजना के तहत किया जायेगा और यदि मूल्यांकन करने वाले अधिकारी को लगता है कि उसे कुछ अन्य जानकारी चाहिये, तब वह 142 (1) के तहत नये (नोटिस) भेजेगा।' आयकर अधिनियम के तहत मूल्यांकन करने से पहले विवरण और दस्तावेजों के बारे में पूछताछ करने के लिये धारा 142 (1) के तहत करदाता को पहले एक नोटिस भेजा जाता है। उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित एक वेबिनार में शर्मा ने कहा कि पुनर्मूल्यांकन मामले भी इस चेहरारहित योजना का हिस्सा होंगे। उन्होंने कहा सभी 148 मामले जो चल रहे थे, उन्हें फेसलेस मूल्यांकन योजना में स्थानांतरित कर दिया गया है और राष्ट्रीय ई-मूल्यांकन केंद्र को ऐसे सभी मामलों में सूचना भेज दी जायेगी, जिनका मूल्यांकन अब चेहरारहित मूल्यांकन योजना के तहत किया जायेगा। अतः आप 15 सितंबर तक या उससे पहले राष्ट्रीय ई-मूल्यांकन केंद्र से सूचना की उम्मीद कर सकते हैं। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने इस महीने की शुरुआत में दिल्ली में स्थित राष्ट्रीय योजना के तहत करदाताओं के साथ संचार के लिये अधिसूचित किया था। ई-आकलन केंद्र को सभी मूल्यांकन कर योजना के तहत करदाताओं के साथ संचार के लिये अधिसूचित किया था।

## बढ़ सकती है राशन कार्ड पोर्टेबिलिटी लागू करने की तारीख, खाद्य मंत्रालय कर रहा विचार

**नई दिल्ली।** खाद्य मंत्रालय 'एक राष्ट्र-एक राशन कार्ड पहल के तहत राशन कार्ड पोर्टिबिलिटी लागू करने की अवधि को मार्च 2021 से आगे बढ़ाने पर विचार कर रहा है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली में सुधार के लिए बनी एक अधिकार प्राप्त समिति की शुक्रवार को हुई बैठक में इस पर चर्चा हुई। खाद्य सचिव सुधांशु पांडे ने इसकी अध्यक्षता की। यह बैठक सार्वजनिक वितरण प्रणाली के एकीकृत प्रबंधन समयसीमा के विस्तार की समीक्षा और मंजूरी के लिए बुलाई गई थी। इसी प्रबंधन प्रणाली के तहत 'एक राष्ट्र-एक राशन कार्ड योजना को लागू किया जाएगा। यह प्रणाली राज्यों के बीच राशन कार्ड की पोर्टिबिलिटी के लिए प्रौद्योगिकी समाधान उपलब्ध कराएगी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि इस प्रबंधन प्रणाली के तहत अब तक किए गए काम को जारी रखने और इसे और मजबूत बनाने को देखते हुए इसे मार्च 2021 के बाद लागू करने पर विचार किया जा रहा है। कानून के लाभार्थियों को अपने गृह राज्य से दूसरे राज्य में प्रवास करने की स्थिति में उसी राशन कार्ड से दूसरे राज्य से खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध होगी।

## बैंक ऋण में 14 अगस्त को समाप्त पखवाड़े में 5.52 प्रतिशत वृद्धिः रिजर्व बैंक




**मुंबई।** बैंकों का ऋण 14 अगस्त को समाप्त पखवाड़े में 5.52 प्रतिशत बढ़कर 102.19 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वहीं बैंको की जमा राशि 11.04 प्रतिशत बढ़कर 140.80 लाख करोड़ रुपये रही। यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों में सामने आयी है। पिछले साल इसी अवधि में बैंकों का ऋण 96.84 लाख करोड़ रुपये रहा था। जबकि उनकी जमा 126.8 लाख करोड़ रुपये पर थी। इससे पिछले 31 जुलाई को समाप्त पखवाड़े में बैंकों का ऋण 5.51 प्रतिशत और जमा 11.11 प्रतिशत बढ़ी थी। इस दौरान गैर-खाद्य बैंक रिण जून माह में सालाना आधार पर 6.7 प्रतिशत बढ़ा, मई में भी यह करीब करीब इतना ही बढ़ा था जबकि एक साल पहले जून 2019 में इसमें 11.1 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई थी। इससे पहले जून में कृषि और संबद्ध गतिविधियों का ऋण सालाना आधार पर 2.4 प्रतिशत बढ़ा था। जबकि जून 2019 में यह वृद्धि दर 8.7 प्रतिशत रही थी। इस साल जून में उद्योग क्षेत्र में ऋण वृद्धि 2.2 प्रतिशत, बड़े उद्योगों को 3.7 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र में 10.7 प्रतिशत रही। हालांकि यह जून 2019 में हासिल वृद्धि क्रमशः 6.4 प्रतिशत, 7.6 प्रतिशत और 13 प्रतिशत से कम है। व्यक्तिगत ऋण में जून में 10.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी जो जून 2019 में 16.6 प्रतिशत थी।

## भारत में 2021 के शुरुआत में मिल सकती है कोरोना वैक्सीन: बर्नस्टीन

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे कोविड-19 के टीके का परीक्षण तेज गति से आगे बढ़ रहा है, भारतीय बाजार में 2021 की शुरुआत में एक स्वीकृत टीका उपलब्ध हो जाने की उम्मीद बढ़ रही है। बर्नस्टीन ने एक रिपोर्ट में यह कहा है। वैश्विक स्तर पर चार संभावित टीके हैं, जिन्हें 2020 के अंत तक या 2021 की शुरुआत में स्वीकृति मिल जाने के अनुमान हैं। इनमें से दो टीके 'एस्ट्राजेनेका व ऑक्सफोर्ड का वायरल वेक्टर टीका और नोवावैक्स का प्रोटीन सबयूनिट टीका' के लिये भारत ने भागीदारी की हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, 'इन दोनों टीकाओं के लिये सुरक्षा तथा प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया की क्षमता बढ़ाने में पहले व दूसरे चरण के परीक्षण भरोसेमंद लगते हैं। हम इस बारे में आशावादी हैं कि भारत में 2021 की पहली तिमाही में बाजार में एक स्वीकृत टीका उपलब्ध हो जायेगा।' उसने कहा कि टीके की कीमत प्रति खुराक तीन से छह डॉलर (225 से 550 रुपये) हो सकती है और क्रियान्वयन की दिक्कतों के कारण सामूहिक प्रतिरक्षा विकसित होने में दो साल लग सकते हैं। इसका कारण व्यापक स्तर पर टीकाकरण के मामले में कम अनुभव होना है। रिपोर्ट के अनुसार, बड़े स्तर पर टीकाकरण के दो अनुभव हैं। एक 2011 का पोलिया उन्मूलन अभियान और दूसरा हालिया सघन मिशन इंद्रधनुष (आईएमआई), लेकिन इनका स्तर कोविड-19 के लिये अपेक्षित स्तर का एक तिहाई भर था। बर्नस्टीन ने कहा कि शीत भंडार गृहों की श्रृंखला तथा कुशल श्रम की कमी दो बड़ी चुनौतियां होने वाली हैं। यदि यह भी मानकर चलें कि क्रियान्वयन की गति पहले की तुलना में दो गुना होगी, तब भी सरकारी कार्यक्रम के अमल में आने में 18 से 20 महीने लगेंगे। उसने कहा, 'हमारा मानना है कि शुरुआत में टीके स्वास्थ्यकर्मियों और 65 वर्ष से अधिक उम्र वाले लोगों आदि जैसे संवेदनशील वर्ग को उपलब्ध कराये जायेंगे। इनके बाद टीके आवश्यक सेवाओं में लगे लोगों तथा आर्थिक रूप से गरीब लोगों को दिये जा सकते हैं।' रिपोर्ट के अनुसार, नोवावैक्स का टीका एजेड व ऑक्सफोर्ड वाले की तुलना में बेहतर परिणाम दे रहा है। दोनों ने पहले दो चरणों में अच्छे परिणाम दिये हैं और अब तीसरे चरण में है। इनके लिये एक व्यक्ति को 21 से 28 दिन के अंतराल में दो खुराक देने की जरूरत होगी। उसने कहा कि सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया पहले टीके को पेश करने के लिये पूरी तरह से तैयार है। सीरम इंस्टीट्यूट ने एजेड व ऑक्सफोर्ड तथा नोवावैक्स दोनों के साथ उनके संभावित टीके के उत्पादन का करार किया हुआ है।

# भारत ने रचा एक और इतिहास, बना दुनिया का 5वां सबसे बड़ा शहद उत्पादक देश

**नई दिल्ली।** किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार मधुमक्खीपालन को बढ़ावा दे रही है। साथ ही, सरकार ने आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत मधुमक्खीपालन को और बढ़ावा देने के लिए 500 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। देश में मधुमक्खीपालकों की मेहनत से, विश्व में शहद के पांच सबसे बड़े उत्पादकों में भारत का नाम शुमार हुआ है। मधुमक्खीपालन के प्रशिक्षण के लिए चार मॉड्यूल बनाए गए हैं, जिसके माध्यम से देश में 30 लाख किसानों को प्रशिक्षण दिया गया है और उन्हें अन्य सहायता भी उपलब्ध कराई गई है। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने हाल में कहा था कि मधुमक्खीपालन को बढ़ावा देने के लिए गठित समिति की सिफारिशों के आधार पर भी सरकार आगे काम कर रही है। मधुमक्खी पालन का व्यापार कृषि के साथ साथ होने वाला व्यापार है। इस व्यापार की सहायता से आपको सीजन के तौर पर अच्छा लाभ प्राप्त हो सकता है। आप चाहे तो इस व्यापार को आरम्भ करने के लिए सरकार से आर्थिक मदद भी प्राप्त कर सकते हैं। इस व्यापार के लिए आपको मधुमक्खी पालन सम्बंधित जानकारियां प्राप्त करने की आवश्यकता होती है। अगर आप इस स्सकीम के तहत हनी प्रोसेसिंग प्सलांट लगाना चाहते हैं तो कमीशन की ओर से आपको 65 फीसदी लोन दिलाया जाता है और खादी ग्रामोद्योग आपको 25 फीसदी सब्सिडी भी देता है यानी कि आपको केवल 10 फीसदी पैसा लगाना पड़ता है। खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के मुताबिक, आप 20 हजार किलोग्राम सालाना शहद बनाने वाला प्लांट लगाना चाहते हैं



तो इस पर लगभग 24.50 लाख रुपए का खर्च आएगा। इसमें से आपको लगभग 16 लाख रुपए का लोन मिल जाएगा, जबकि मार्जिन मनी के रूप में 6.15 लाख रुपए मिल जाएंगे और आपको अपनी ओर से केवल लगभग 2.35 लाख रुपए लगाने होंगे। केवीआईसी का कहना है कि अगर आप सालाना में 20 हजार किलोग्राम शहर तैयार करते हैं, जिसकी कीमत 250 रुपए प्रति किलोग्राम है, इसमें से 4 फीसदी वर्किंग लॉस को भी शामिल कर लिया जाए तो आपकी सालाना बिक्री 48 लाख रुपए होगी। इसमें से सभी खर्च जो लगभग 34.15 लाख रुपए होगा को कम कर दिया जाए।

तो आपको साल भर में लगभग 13.85 लाख रुपए की आमदनी होगी यानी कि आप हर महीने 1 लाख रुपए से ज्यादा कमाई कर सकते हैं।

## विस्तार की पहली लंबी दूरी की सीधी उड़ान दिल्ली-लंदन के बीच

**नई दिल्ली।** विस्तार एयरलाइन ने अपनी पहली लंबी दूरी की सीधी उड़ान शुक्रवार को दिल्ली से लंदन के बीच संचालित की। कंपनी ने यह उड़ान हाल में अपने बेड़े में शामिल बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर से की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह उड़ान 28 अगस्त से 24 अक्टूबर के बीच सप्ताह में तीन बार होगी। कोविड-19 संकट के चलते भारत और ब्रिटेन के बीच एक विशेष उड़ान समझौता हुआ है। विस्तार की यह उड़ान उसी समझौते के अनुरूप है। दिल्ली से यह उड़ान बृहस्पतिवार देर रात दो बजकर 15 मिनट पर रवाना हुई और लंदन के स्थानीय समयानुसार शुक्रवार को सवेरे छह बजकर 55 मिनट पर वहां पहुंची। कंपनी के बेड़े में 43 विमान हैं जिसमें 34 एयरबस ए320, एक एयरबस ए321नियो, छह बोइंग 737-800एनजी और दो बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर शामिल हैं।



## कंधे की चोट के कारण चार महीने क्रिकेट से दूर रहेंगे ओली पोप



**लंदन।** इंग्लैंड के बल्लेबाज ओली पोप अपने कंधे की चोट के कारण अगले चार महीनों तक क्रिकेट से दूर रहेंगे। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 22 वर्षीय पोप अगले कुछ सप्ताह में कंधे की सर्जरी कराएंगे। साउथम्पटन में इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच तीसरे टेस्ट के चौथे दिन फील्डिंग के दौरान पोप के कंधे में चोट आई थी। पोप फील्डिंग करते हुए स्टुअर्ट ब्रॉड की गेंदबाजी के दौरान गेंद को बाउंड्री के पार जाने से बचाने की कोशिश में चोटिल हो गए थे। उन्होंने चोट लगने के बाद तुरंत मैदान छोड़ दिया था। पोप ने बुधवार को कंधे का एमआरआई स्कैन कराया जिसकी रिपोर्ट के अनुसार उन्हें सर्जरी कराने की जरूरत है। उम्मीद की जा रही है कि पोप अगले वर्ष इंग्लैंड के श्रीलंका और भारत दौरे से पहले पूरी तरह स्वस्थ होकर टीम से जुड़ जाएंगे।

शतरंज

# अर्मेनिया को हराकर भारत शतरंज ओलंपियाड के सेमी फाइनल मे



**नई दिल्ली ।**

विश्व फीडे ऑनलाइन शतरंज ओलंपियाड मे भारतीय शतरंज टीम इतिहास रचते हुए सेमी फाइनल मे पहुँच गयी है । भारत ने अर्मेनिया को बेहद विवादित मुक़ाबले मे 3.5-2.5 और 6-0 से हराते हुए सेमी फाइनल मे जगह बना ली है जहां भारत का मुक़ाबला अजरबैजान और पोलैंड की विजेता टीम से होगा नियम के अनुसार आज दो रैपिड मैच दोनों टीम के बीच होने थे । पहले मुक़ाबले मे भारत नें 3.5-2.5 से मुक़ाबला जीता । पहले बोर्ड पर विश्वनाथन आनंद नें अर्मेनिया के लेवोन अरोनियन को ड्रॉ पर रोका तो दूसरे बोर्ड पर कप्तान विदित गुजराती नें दूसरा मुक़ाबला जीतकर स्कोर 1.5-0.5 कर दिया अगली जीत की खबर आई कोनेरु हम्पी के बोर्ड से जहां पर उन्हे हार का सामना करना पड़ा तो हरिका द्रोणावल्ली नें अपना मुक़ाबला जीतकर भारत को 2.5-1.5 से आगे कर दिया । आखिरी बोर्ड पर वन्तिका अग्रवाल के हारने से स्कोर 2.5-2.5 हो गया । ऐसे मे निहाल सरीन के मैच मे सबकी नजर थी और निहाल नें अर्मेनिया के जूनियर खिलाड़ी हैक मटरोरसयान के मुक़ाबले मे जिसमें निहाल अच्छी स्थिति मे थे और हैक समय खत्म हो जाने से मुक़ाबला हार गए । और इसके बाद विवाद तब शुरू हुआ जब अर्मेनिया नें सर्वर की गलती बताते हुए निहाल के मैच को पुनः खेलने के लिए विश्व शतरंज संघ के सामने अपील की जिसे अपील समिति ,निर्णायक समिति नें निरस्त करते हुए भारत को ही जीता घोषित किया पर इसके विरुद्ध अर्मेनिया अगले मुक़ाबले मे खेलने ही नहीं उतरा और दूसरा मैच भारत को 6-0 से जीता घोषित कर दिया गया ।

## सुरेश रैना की घर वापसी पर केदार जाधव ने कसा तंज, बोले- 1000 बहाने मिल जाते हैं...



**नई दिल्ली ।**

चेन्नई सुपर किंग्स को झटके लगने अभी भी बंद नहीं हुए हैं। बीते दिनों सीएसके के 13 खिलाड़ी कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। इनमें तेज गेंदबाज दीपक चहार और रुतुराज गायकवाड़ का नाम था लेकिन बाद में खबर आई कि स्टार क्रिकेटर सुरेश रैना ने भी आईपीएल-2020 से अपना नाम वापस ले लिया है। रैना के अचानक आईपीएल से बाहर होने पर केदार जाधव ने इंस्टाग्राम पर ऐसी पोस्ट डाली है जिसे रैना पर तंज माना जा रहा है। दरअसल, केदार जाधव ने अपने अधिकारिक इन्स्टाग्राम अकाउंट पर अपनी जिम ट्रेनिंग का वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा है- उत्कृष्टता के पथ से, आपको जाने के लिए 1000 बहाने मिल जाते हैं, लेकिन केवल 1 कारण है, वहां रुकने का, चुनना आपको है! केदार के शब्द साफ बयां कर रहे हैं कि वह किसकी बात कर रहे हैं। बीते दिन ही चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी काशी विश्वनाथन ने ट्विटर अकाउंट पर लिखा था- सुरेश रैना निजी कारणों से भारत लौट आए हैं और आईपीएल के शेष सत्र के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। चेन्नई सुपरकिंग्स इस दौरान सुरेश और उनके परिवार को पूरा समर्थन देगा। बता दें कि सुरेश रैना का आईपीएल रिकॉर्ड शानदार है। उन्होंने 177 मैच में 33.34 की औसत से 5368 रन बनाए हैं। वह कोहली के बाद आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज है।

रैना का स्ट्राइक रेट 137.14 के है। वह अब तक आईपीएल में 38 अर्धशतक और एक शतक बना चुके हैं।

## जोकोविच और पोस्पिसिल पुरुषों के टेनिस में नए समूह का नेतृत्व करेंगे



**न्यूयॉर्क।** विश्व रैंकिंग में पहले स्थान पर काबिज नोवाक जोकोविच और शीर्ष 30 में शामिल रहे वासेक पोस्पिसिल पेशेवर टेनिस खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व करने के लिए बन रहे नए समूह में सह-अध्यक्ष होंगे। इस संबंध में खिलाड़ियों को भेजे गये ईमेल 'द एसोसिएटेड प्रेस के पास भी हैं। इसमें 'पेशेवर टेनिस खिलाड़ी संघ (पीटीपीए) के गठन पर जो दिया गया है। इस पत्र में कहा गया है इस समूह का उद्देश्य 'खिलाड़ियों को समर्थन देना है जिसमें उन्हें बढ़ावा देना, उनके हितों की रक्षा और उनका प्रतिनिधित्व करने के साथ टेनिस के भविष्य की रक्षा करना है। टेनिस खिलाड़ियों ने कभी भी ऐसा संघ नहीं बनाया जिस तरह से उत्तर अमेरिकी टीम खेल में होता है। पुरुषों का टेनिस टूर एटीपी द्वारा आयोजित किया जाता है जबकि महिला टेनिस टूर डब्ल्यूटीए द्वारा संचालित किया जाता है। जोकोविच एटीपी प्लेयर काउंसिल (खिलाड़ी परिषद) के अध्यक्ष हैं और पोस्पिसिल दो साल से इसके सदस्य हैं लेकिन उन्होंने शुक्रवार रात ट्वीट किया कि वह इस्तीफा दे रहे हैं। इस ईमेल में यह भी कहा गया, 'पीटीपीए का लक्ष्य एटीपी की जगह लेना नहीं है। इसका मकसद खिलाड़ियों को एक स्व-शासन संरचना प्रदान करना है जो एटीपी से स्वतंत्र है और खिलाड़ी-सदस्यों की आवश्यकताओं और चिंताओं के लिए सीधे उत्तरदायी होगी।

# जन्मदिवस विशेष : हॉकी के जादूगर ध्यानचंद ने जब बल्ला थाम उड़ाए चौके-छक्के

**नई दिल्ली ।**

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के हाथों में थमी हॉकी स्टिक की बाजीगरी को सभी जानते हैं लेकिन एक बार उन्होंने क्रिकेट खेलते हुए हाथों में बल्ला थामा था और गेंद को एक बार भी विकेट के पीछे नहीं जाने दिया था। ध्यानचंद का शनिवार 29 अगस्त को जन्मदिन है जिसे पूरे देश में खेल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। ध्यानचंद ने 1961 में माउंट आबू में शौकिया तौर पर क्रिकेट खेली थी। माउंट आबू में ध्यानचंद हॉकी खिलाडियों को प्रशिक्षण दे रहे थे। उसी हाकी मैदान के पास के मैदान पर क्रिकेट का प्रशिक्षण भी चल रहा था। इसी बीच ध्यानचंद भी क्रिकेट पिच पर आ गए और शौकियाना अंदाज में बल्ला लेकर बैटिंग करने लगे। बॉलर बॉल फेंकते जा रहे थे और ध्यानचंद बॉल को अलग-अलग दिशाओं में बाउंड्री के बाहर बड़ी कुशलता से भेजते जा रहे थे। उन्होंने कोई भी बॉल विकेटकीपर के दस्तानों में नहीं पहुंचने दी। जब ध्यानचंद से पूछा गया कि आपने तो विकेट के पीछे गेंद ही नहीं जाने दी तब उन्होंने कहा कि हम हॉकी स्टिक के दो इंच के छोटे से ब्लेड से गेंद को पीछे नहीं जाने देते और गेंद को छिटकने नहीं देते तो फिर यह क्रिकेट का 4 इंच का चौड़ा बैट है इससे गेंद पीछे कैसे जा सकती है। क्रिकेट से जुड़ा ध्यानचंद का एक और दिलचस्प वाक्या है। महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर जून,1985 में एक फेस्टिवल मैच खेलने लखनऊ पहुंचे थे। इस फेस्टिवल क्रिकेट मैच के लिए भारत के उस समय के चोटी के क्रिकेट खिलाड़ी सुनील गावस्कर, कपिल देव, सैयद किरमानी, दिलीप वेंगसरकर, संदीप पाटिल आदि लखनऊ पहुंचे थे। मैच समाप्ति के बाद रात में एक भव्य भोज का आयोजन इन खिलाडियों के सम्मान में आयोजित किया गया था। उस रात्रि भोज में प्रख्यात मूर्तिकार अवतार सिंह पवार भी उपस्थित थे। अवतार सिंह पवार ख्याति प्राप्त मूर्तिकार और संस्मरणों का खजाना रहे थे। 150 से अधिक महान व्यक्तियों की मूर्ति का निर्माण पवार के हाथों से हो चुका था। कार्यक्रम उद्घोषक ने घोषणा करते हुए कहा कि प्रख्यात मूर्तिकार कार्यक्रम में कुछ कहना चाहते हैं और साथ ही वह सुनील गावस्कर को अपने हाथों से बनाई गई एक मूर्ति भेंट करना चाहते हैं। मंच पर अवतार सिंह पवार पधारे और कहना शुरू किया कि मैंने अपने जीवन में अनेकों महान व्यक्तियों की मूर्तियों का निर्माण किया है आज मैं गावस्कर को एक मूर्ति भेंट करना चाहता हूं क्योंकि आज गावस्कर की उपलब्धियां को देखते हुए मैं यह समझता हूं कि यह मूर्ति के लिए वह उपयुक्त व्यक्ति हैं और वह उसके सही हकदार है। मूर्ति को गावस्कर को भेंट करते हुए पवार ने फिर कहा कि गावस्कर साहब मेरे पास आपको देने के लिए जमीन, प्लॉट, कार आदि कुछ नहीं है किन्तु मैंने ध्यानचंद जी की एक मूर्ति बड़ी मेहनत और भावना से अपने जीवन में बनाई है जो मैं आपको भेंट करना चाहता हूं। पवार ने वह मूर्ति गावस्कर को बड़ी ही श्रद्धा के साथ भेंट की। गावस्कर ने मूर्ति ग्रहण करते हुए कहा कि पवार साहब जिंदगी में मुझे बंगला, गाड़ी, प्लॉट बहुत मिले है।

### संक्षिप्त समाचार



## सीएसके की मुसीबतें बढ़ीं, सुरेश रैना का रिप्लेसमेंट भी आया कोरोना पॉजीटिव

**नई दिल्ली ।** धोनी की रिटायरमैंट को आईपीएल जीतकर सेलिब्रेट करने के मूड में चल रही चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा झटका लगा है। बीते दिनों ही चेन्नई टीम के 12 सदस्य कोरोना पॉजीटिव पाए गए थे। शनिवार को तेज गेंदबाज दीपक चहार की पुष्टि होने के बाद एक अन्य भारतीय बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ को भी कोरोना पॉजीटिव पाया गया है। खास बात यह है कि सुरेश रैना के अचानक निजी कारणों के चलते आईपीएल 2020 छोड़ने के बाद रुतुराज को ही उनका रिप्लेसमैंट देखा जा रहा था लेकिन उनके भी कोरोना पॉजीटिव आने से चेन्नई की मुसीबतें बढ़ गई हैं। एक-एक कर कोरोना पॉजीटिव के मामले सामने आने के बाद चेन्नई टीम प्रबंधन सतर्क हो गया है। पता चला है कि मैनेजमेंट ने एमएस धोनी, ड्वेन ब्रावो, फाफ डु प्लेसिस, शेन वॉटसन, रवींद्र जडेजा, इमरान ताहिर की विशेष देखरेख करने की प्लान बनाया है। बता दें कि रुतुराज गायकवाड़ तेजी से उभरते हुए भारतीय क्रिकेटरों में से एक हैं। उनका घरेलू रिकॉर्ड बेहद अच्छा है। उन्होंने 21 प्रथम श्रेणी, 54 लिस्ट ए और 28 टी-20 मैच खेले हैं। तीनों प्रारूपों में, रुतुराज गायकवाड़ का औसत 30 से ऊपर है, जबकि सबसे छोटे प्रारूप में उनकी स्ट्राइक रेट 135 के आसपास है। 23 वर्षीय गायकवाड़ सुरेश रैना की अनुपस्थिति में उपयोगी खिलाड़ी हो सकते हैं लेकिन वह कब कोरोना से उभरेंगे इसके बारे में किसी को नहीं पता।

## अंतिम लक्ष्य विश्व कप के लिये क्वालीफाई करना: झिंगन

**नयी दिल्ली।** अर्जुन पुरस्कार प्राप्त कर खुश भारत के सेंट्रल डिफेंडर संदेश झिंगन ने शनिवार को कहा कि टीम का अंतिम लक्ष्य फीफा विश्व कप के लिये क्वालीफाई करना है। झिंगन ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े टूर्नामेंट में जगह बनाने के लिये भारतीय टीम को नियमित रूप से एएफसी एशियाई कप में भाग लेने के अलावा फीफा रैंकिंग में शीर्ष 100 से शीर्ष 50 में पहुंचने की जरूरत है। झिंगन ने कहा, ''बतौर टीम हमारा अंतिम लक्ष्य विश्व कप के लिये क्वालीफाई करना है। '' उन्होंने कहा, ''लेकिन इसके लिये कुछ कदम हमें उठाने होंगे जैसे नियमित रूप से एएफसी एशियाई कप में खेलना, शीर्ष 100 में पहुंचना, फिर शीर्ष 50 में पहुंचना, घरेलू और विदेशी मैदानों पर टूर्नामेंट जीतने होंगे। '' उन्होंने कहा, ''शारीरिक और मानसिक रूप से आपको संतुलन बनाये रखना होगा। बतौर खिलाड़ी हमें जीत के लिये भूखे रहने की जरूरत है। '' झिंगन 27वें फुटबॉलर हैं जिन्हें अर्जुन पुरस्कार से नवाजा गया है। पंजाब के इस खिलाड़ी का मानना है कि कोविड-19 महामारी से पैदा हुई परिस्थितियों को देखते हुए राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों का 'वर्चुअल' आयोजन उचित था। यह पुरस्कार प्रेरणादायी है या फिर इससे अतिरिक्त दबाव पड़ेगा क्योंकि अब वह भी शीर्ष खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गये हैं तो उन्होंने कहा कि वह इसे जिम्मेदारी के रूप में लेते हैं। उन्होंने कहा, ''जो लोग मुझे जानते हैं, उन्हें पता है कि मैं दबाव में होना कितना पसंद करता हूं। लेकिन मैं इस पुरस्कार को जिम्मेदारी के तौर पर लेता हूं।

## राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों 2020 के विजेताओं की सूची




**नयी दिल्ली ।**

राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों 2020 के विजेताओं की सूची इस प्रकार है।

**राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार :**

रोहित शर्मा (क्रिकेट), मरियप्पन थांगवेलु (पैरा एथलीट), मनिका बत्रा (टेबल टेनिस), विनेश फोगाट (कुश्ती), रानी रामपाल (हॉकी)

**अर्जुन पुरस्कार :**

अतनु दास (तीरंदाजी), दुती चंद (एथलेटिक्स), सात्विक साईराज रंकीरेड्डी (बैडमिंटन), चिराग चंद्रशेखर शेट्टी (बैडमिंटन), विश्वेश भृगुवंशी (बास्केटबॉल), मनीष कौशिक (मुक्केबाजी), लवलिना बोरगोहान (मुक्केबाजी), दीप्ति शर्मा (क्रिकेट), सावंत अजय अनंत (अश्वारोही), संदेश झिंगन (फुटबॉल), अदिति अशोक (गोल्फ), आकाशदीप सिंह (हॉकी), दीपिका (हॉकी), दीपक (कबड्डी), काले सारिका सुधाकर (खो खो), दत्तू बबन भोकानल (रोइंग), मनु भाकर (निशानेबाजी), सौरभ चौधरी (निशानेबाजी), मधुरिका पाटकर (टेबल टेनिस), दिविज शरण (टेनिस), शिवा केशवन (शीतकालीन खेल), दिव्या काकरान (कुश्ती), राहुल अवारे कुश्ती), सुयश नारायण जाधव (पैरा तैराक), संदीप (पैरा एथलीट), मनीष नरवाल (पैरा निशानेबाजी)।

**द्रोणाचार्य पुरस्कार (लाइफटाइम):**

धर्मेंद्र तिवारी (तीरंदाजी), पुरुषोत्तम राय (एथलेटिक्स), शिव सिंह (मुक्केबाजी), रोमेश पठानिया (हॉकी), कृष्ण कुमार हुड्डा (कबड्डी), विजय भालचंद्र मुनीश्वर (पैरा पावरलिफ्टिंग), नरेश कुमार (टेनिस), ओम प्रकाश दहिया (कुश्ती)।

**द्रोणाचार्य पुरस्कार (नियमित श्रेणी) :**

ज्यूड फेलिक्स (हॉकी), योगेश मालवीय (मल्लखंब), जसपाल राणा (निशानेबाजी), कुलदीप कुमार हांडू (वुशु), गौरव खन्ना (पैरा बैडमिंटन)।

**ध्यानचंद पुरस्कार:**

कुलदीप सिंह भुल्लर (एथलेटिक्स), जिंसी फिलिप्स (एथलेटिक्स), प्रदीप श्रीकृष्ण गंधे (बैडमिंटन), तृप्ति मुर्गुंडे (बैडमिंटन), एन उषा (मुक्केबाजी), लखा सिंह (मुक्केबाजी), सुखविंदर सिंह संधू (फुटबॉल), अजीत सिंह (हॉकी), मनप्रीत सिंह (कबड्डी), जे रंजीत कुमार (पैरा एथलेटिक्स), सत्यप्रकाश तिवारी (पैरा बैडमिंटन), मंजीत सिंह (रोइंग), स्वर्गीय श्री सचिन नाग (तैराकी), नंदन बाल (टेनिस), नेत्रपाल हुड्डा(कुश्ती)।

**तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार :**

अनीता देवी, कर्नल सरफराज सिंह, टाका तमुत, नरेंद्र सिंह, केवल हिरेन कक्का, सतेंद्र सिंह, गजानंद यादव, स्वर्गीय मगन बिस्सा।

**मौलाना अबुल कलाम आज़ाद ट्रॉफी:**

पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ राष्ट्रीय खेल प्रत्साहन पुरस्कार उभरते हुए और युवा प्रतिभा की पहचान और उनका पोषण : लक्ष्य संस्थान, सेना खेल संस्थान । कॉरपोरेट की सामाजिक जिम्मेदारी के तहत खेलों को प्रोत्साहन।

## 13 लोगों के कोरोना पॉजिटिव होने पर बीसीसीआई हुआ गंभीर, बोला-1988 लोगों का हुआ था टेस्ट



**नई दिल्ली।**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के सभी प्रतिभागियों के कुल 1,988 आरटी-पीसीआर परीक्षणों में दो खिलाड़ी सहित 13 लोग कोविड-19 पॉजिटिव पाए गए हैं। इससे पहले यह खबर आई थी कि चेन्नई सुपरकिंग्स दल के 13 सदस्य दुबई में कोरोना वायरस की जांच में पॉजिटिव आए हैं। बीसीसीआई की विज्ञप्ति के मुताबिक, '13 लोग पॉजिटिव (कोविड-19 से) मिले हैं जिसमें से दो खिलाड़ी हैं। जांच में संक्रमित पाए गए लोगों और उनके करीबी संपर्क में रहे किसी में भी इसके लक्ष्य नहीं दिखे हैं। आईपीएल मेडिकल टीम द्वारा उनकी निगरानी की जा रही है। विज्ञप्ति के मुताबिक 20 अगस्त से 28 अगस्त तक सभी प्रतिभागियों के यूएई में कुल 1,988 आरटी-पीसीआर कोविड-19 परीक्षण हुए। इनमें खिलाड़ी, सहयोगी सदस्य, टीम प्रबंधन, बीसीसीआई सदस्य, आईपीएल संचालन दल, होटल एवं स्टेडियम यातायात से जुड़े सदस्य शामिल हैं।

बीसीबीआई ने कहा, 'आईपीएल 2020 के स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार, सभी प्रतिभागियों का पूरे सत्र के दौरान नियमित तौर पर परीक्षण किया जाएगा।

### बीसीसीआई ने 'अनअकैडमी' को आईपीएल का अधिकारिक साझीदार बनाया

**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को बेंगलुरू की शिक्षा टेक्नॉलाजी फर्म 'अनअकैडमी' को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के तीन सत्र के लिए अधिकारिक साझीदार बनाने की घोषणा की। आईपीएल का 13वां चरण संयुक्त अरब अमीरात में 19 सितंबर से 10 नवंबर तक खेला जाएगा। आईपीएल अध्यक्ष ब्रजेश पटेल ने मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में कहा-हम अनअकैडमी को इंडियन प्रीमियर लीग 2020 से 2022 तक अधिकारिक भागीदार के रूप में नियुक्त करने से काफी खुश हैं। उन्होंने कहा- आईपीएल भारत में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली लीग है और हमारा मानना है कि स्वदेशी भारतीय शिक्षा कंपनी के तौर पर अनअकैडमी दर्शकों पर आकांक्षाओं पर काफी सकारात्मक प्रभाव डाल सकती है विशेषकर लाखों भारतीय युवाओं पर जो अपना करियर बनाना चाहते हैं। बीसीसीआई ने इससे पहले फंतासी गेमिंग प्लेटफार्म ड्रीम11 को इस साल आईपीएल का टाइटल प्रायोजक नियुक्त किया था जिसने चीनी मोबाइल फोन कंपनी विवो की जगह ली।

# खेल रत्न पुरस्कार मिलने से पहले पहलवान विनेश फोगाट कोरोना पॉजिटिव



**स्पोर्ट्स डेस्क।** एशियाई और राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता पहलवान विनेश फोगाट ने शुक्रवार कहा कि वह कोविड-19 जांच में पॉजिटिव पाई गई है हालांकि उसमें कोई लक्षण नहीं पाए गए। इस साल देश के सर्वोच्च खेल पुरस्कार 'राजीव गांधी खेल रत्न% के लिए चुनी गई विनेश इन दिनों अपने कोच ओम प्रकाश की देख-रेख में सोनीपत में अभ्यास कर रही थी। विनेश ने कहा, 'खेल पुरस्कारों की तैयारियों के तहत कोरोना वायरस के जांच के लिए सोनीपत में मेरा नमूना लिया गया था, जांच में इसका नतीजा पॉजिटिव आया है। उन्होंने कहा, 'भगवान ने चाहा तो मैं जल्द ठीक हो जाऊंगी। मैं घर पर पृथकवास में हूं। अभी तक कोई लक्षण नहीं पाया गया है। तोक्यो ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने वाली एकमात्र भारतीय महिला पहलवान विनेश शनिवार को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार के वर्चुअल समारोह में भाग नहीं ले सकेंगी। भारतीय कुश्ती महासंघ ने जब राष्ट्रीय शिविर एक सितंबर से लखनऊ में आयोजित करने का फैसला लिया था तो स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर विनेश ने चिंता जताई थी। उसने शिविर से बाहर रहने की छूट मांगी थी। बाद में भारतीय खेल प्राधिकरण और डब्ल्यूएफआई ने हालांकि शिविर ही स्थगित कर दिए।

## आईपीएल 2020 के लिए विराट कोहली ने कसी कमर, मैदान पर पहुंचकर बहाया जमकर पसीना



**स्पोर्ट्स डेस्क।** आईपीएल शुरू होने में केवल 21 दिनों का समय रह गया है। जहां दिल्ली से लेकर आरसीबी ने दुबई में अपनी प्रैक्टिस शुरू कर दी है। ऐसे में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के कप्तान विराट कोहली अपना क्वारंटाइन का समय पूरा करके क्रिकेट के मैदान में उतर गए है। जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। दरअसल, विराट ने अपने इंस्टा अकाउंट पर कुछ नई तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा- पिछली बार जब मैंने मैदान पर कदम रखा था तब से 5 महीने बाद। लगा जैसे 6 दिन हो गए जब मैं नेट्स में आया। लड़कों के साथ शानदार पहला सत्र.. बता दें, कोहली अपनी टीम के साथ दुबई में मौजूदा है। जहां अब आरसीबी ने आईपीएल 2020 के लिए अपनी कमर कस लिए है। आपको बता दें कि इस पहले आरसीबी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। जिसमें टीम 7 दिन के क्वारंटाइन समय के बाद बार निकल पड़ी है। जहां कोहली और अनुष्का शर्मा ने टीम के साथ बेबी अनाउंसमेंट सेलिब्रेट किया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। बता दे, इस वीडियो में कोहली- अनुष्का एक साथ केक कट करते दिखाई पड़ रहे है।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# कास्टिंग काउच पर खुलकर बोलीं शमा सिकंदर



## कहा- 'मैंने बुद्धिमानी से काम लिया'

महज 16 साल की उम्र में फिरोज खान की फिल्म 'प्रेम अगन' से अपना बॉलीवुड सफर शुरू करने वालीं अभिनेत्री शमा सिकंदर (Shama Sikander) कास्टिंग काउच पर खुलकर बोलती नजर आईं. शमा ने कहा कि वह इससे परिपक्वता और बुद्धिमानी से निपटी हैं.

शमा सिकंदर कहती हैं, 'मुझे लगता है कि मैं कास्टिंग काउच के बारे में बोलने वाली पहली व्यक्ति थी. आज आप इसे महसूस करते हैं क्योंकि एक स्द्गञ्शश्च आंदोलन हुआ था, जिसने सबको हिला कर रखा दिया था. इसलिए, हर कोई अब इन चीजों के बारे में बात करने की कोशिश कर रहा है. पहले इन चीजों के बारे में कोई भी बात करना नहीं चाहता था. हर कोई इतना डर गया था, लेकिन अब हर कोई एक साथ आ रहा है और उस सोच के लिए लड़ रहा है और इसलिए सभी इन चीजों के बारे में बोलने के लिए आज सशक्त है. हां, मैं हमेशा लोगों को बताती रही हूं कि निश्चित रूप से यह मौजूद है और सिर्फ इस उद्योग में नहीं है, यह हर जगह है.'

हालांकि, शमा कहती हैं कि जैसा की लोग मानते है कि यहां हर कोई बुरा है, ऐसा नहीं है. वह यहां के कुछ महान और बेहतरीन लोगों से भी मिलीं है. वह कहती हैं, 'कास्टिंग काउच हर जगह मौजूद है, लेकिन सिर्फ इसलिए कि हमारी इंडस्ट्री पर हर वक्त मीडिया का फोकस होता है, तो हम इसके बारे में बोलते हैं, लेकिन मैंने अपनी लाइन के कुछ सबसे महान लोगों से भी मुलाकात की है, कुछ बहुत ही प्रतिभाशाली, रचनात्मक, सबसे अच्छे दिल वाले लोग हमारी लाइन में हैं. मैं इस बात से इनकार नहीं कर सकती. मेरे कुछ सबसे अच्छे दोस्त इस लाइन से हैं और वे अद्भुत लोग हैं.'



# VIDEO: रिलीज हुआ 'London Confidential' का टीजर, मौनी रॉय का दिखा नया अवतार



भारत में सबसे बड़े मूल कंटेंट निर्माता जी5 (Zee 5) द्वारा बैक टू बैक अनूठे ओरिजिनल फिल्मों और सीरीज के साथ दर्शकों का खूब मनोरंजन किया जा रहा है. अब वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म द्वारा हाल ही में %लंदन कॉन्फिडेंशियल' (London Confidential) की घोषणा की गई है, जो अपनी तरह की एक अनोखी सिचुएशनल स्पाई-थ्रिलर फ्रैंचाइजी है, जिसका टीजर रिलीज होते के साथ सोशल मीडिया पर छा चुका है. लेखक एस हुसैन जैदी द्वारा रचित %लंदन कॉन्फिडेंशियल' 18 सितंबर को द्ब्द5 पर प्रीमियर के लिए तैयार है.

यह टीजर लंदन की पृष्ठभूमि में स्थापित है, जहां मौनी रॉय (Mouni Ro4), पूरब खोली और कुलराज रंधावा अंडरकवर एजेंट की भूमिका में दिखाई दे रहे हैं. कहानी, संक्रमण फैलाने की साजिश के पीछे स्रोत खोजने के चारों ओर घूमती है, जिसे विस्फोट के लिए एक टाइम बम की तरह तैयार किया जाता है. इस टीजर में मौनी का नया अवतार देखने को मिल रहा है.

एस हुसैन जैदी द्वारा रचित फिल्म में मौनी रॉय और पूरब कोहली ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. इनके अतिरिक्त, कुलराज रंधावा, सागर आर्य, परवेश राणा, जस बिनाग, दिलजोन सिंह और किरेन जोगी सहायक भूमिकाओं में होंगे. फिल्म अजय जी राय और मोहित छाबड़ा द्वारा निर्मित और कंवल सेठी द्वारा निर्देशित है.

# वायरल हुआ Kajol का ये इंस्टा पोस्ट, दिया कोरोना को हराने वाले TIPS



एक्ट्रेस काजोल (Kajol) सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय बनी हुई हैं और तरह-तरह के मजेदार पोस्ट साझा कर अपने प्रशंसकों का मनोरंजन करती रहती हैं. काजोल को उम्मीद है कि दया और करुणा ये दो चीजें COVID-19 के इस महामारी को पछाड़ देगी. उन्होंने सोशल मीडिया पर एक नई पोस्ट में अपने विचार साझा किया है.

एक्ट्रेस काजोल ने अपने इंस्टाग्राम वॉल पर एक सेल्फी वाली तस्वीर पोस्ट की है. फोटो में वह कैमरे की तरफ देखती हुई नजर आ रही हैं. तस्वीर में उन्होंने सिर पर चश्मा लगाया है. काजोल की बहन और अभिनेत्री तनीषा मुखर्जी ने कमेंट किया है. उन्होंने लिखा, 'मिस यू.'वर्कफ्रंट की बात करें तो, काजोल रेणुका शहाणे द्वारा निर्देशित 'त्रिभंगा' के साथ डिजिटल प्लेटफार्म पर शुरुआत करने के लिए तैयार हैं. इसके पहले इंस्टाग्राम पर काजोल ने साल 1995 में आई अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' से अपनी एक तस्वीर साझा की थीं. वह उन बीतें दिनों को याद कर रही थीं, जब वह कहीं बाहर जाने के लिए खूब तैयार हुआ करती थीं.

# सुशांत केस: स्टेट ह्यूमन राइट्स कमीशन ने मुंबई पुलिस-कूपर अस्पताल से मांगे इन सवालों के जवाब

**अभिनेता सुशांत सिंह केस में महाराष्ट्र राज्य मानवाधिकार आयोग ने रिया चक्रवर्ती के कूपर अस्पताल की मोर्चरी में जाने पर नोटिस जारी किया है.**

अभिनेता सुशांत सिंह केस (Sushant singh Rajput case) में महाराष्ट्र राज्य मानवाधिकार आयोग ने रिया चक्रवर्ती (Rhea Chakraborty) के कूपर अस्पताल की मोर्चरी में जाने पर नोटिस जारी किया है. कूपर अस्पताल और डीसीपी अभिषेक त्रिमुखे को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है कि किस नियम के आधार पर रिया को मोर्चरी के अंदर जाने दिया गया, जबकि नियम के मुताबिक ब्लड रिलेशन वाला ही अंदर शव के पास जा सकता है. पुलिस ने उन्हें क्यों नहीं रोका. मुम्बई पुलिस और अस्पताल से जवाब मांगा है.

**ड्रग्स एंगल की CBI कर सकती है जांच**

सुशांत सिंह राजपूत के केस में बहुत बड़ा ट्विस्ट आ गया है. मामले में अब ऐसा सबूत सामने आ गया है जो जांच की कड़ी में बेहद अहम साबित हो सकता है रिया चक्रवर्ती की वॉट्सऐप चैट्स से ड्रग की साजिश होने का शक गहरा रहा है के पास रिया चक्रवर्ती की वो ड्रग्स वाली WhatsApp चैट है जिसमें वो ड्रग्स के बारे में बात कर रही हैं. जिस मिरांडा सुशी से रिया की चैट हुई है ये कोई और नहीं बल्कि सुशांत का हाउस मैनेजर सैमुअल मिरांडा है.

सूत्रों के मुताबिक, रिया चक्रवर्ती के ड्रग्स वाली चैट सामने आने के बाद सीबीआई इस बारे में सिद्धार्थ पिठानी, कुक केशब ठाकुर, कुक नीरज, हाउस मैनेजर सैमुअल मीरांडा, स्टाफ दीपेश सावंत से भी ड्रग्स वाली बात को लेकर एक बार फिर पूछताछ कर सकती है.





रिया जब सुशांत के साथ रहती थी, तब यही सारे किरदार सुशांत और रिया के करीबी थे जो ड्रग्स की आदतों के बारे में सीबीआई के सामने कोई खुलासा कर सकते हैं. अगर ये तथ्य सच है तो इन किरदारों के मुताबिक ड्रग्स का सेवन कितने दिनों से हो रहा था, इसका सेवन रोजाना होता था या सिर्फ पार्टियों में, ड्रग्स लेने में और कौन कौन शामिल थे, ड्रग्स की खेप क्या इनका ही कोई स्टाफ मुहैया करवाता था और इनके मुताबिक ड्रग्स का आखिरबार सेवन इनके सामने कब किया? ये वो तमाम सवाल हैं जिनका जवाब सीबीआई सुशांत के घर में रहनेवाले इन किरदारों से हासिल कर सकती है.

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# हयात बलूच की हत्या को लेकर ब्रिटिश एक्टिविस्ट ने पाक सरकार को लगाई लताड़

**लंदन।**

बलूच राष्ट्रीय आंदोलन ब्रिटिश जोन के अध्यक्ष हकीम बलूच ने बलूच युवक हयात बलूच की हत्या पर पाकिस्तान सरकार को लताड़ लगाई और कहा कि उसकी मौत के साथ ही उसके सपनों की भी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि ÷13 अगस्त को, हमने जो देखा और सुना वह एक दुखद घटना थी जिसमें एक बलूच युवक हयात मिर्जा (बलूच को अपनी जान गंवानी पड़ी। हयात मिर्जा की हत्या न केवल उसकी आत्मा की हत्या थी, बल्कि इस हत्या ने एक सम्मानजनक नौकरी करने और अपने माता-पिता की देखभाल करने के कई सपनों, शिक्षा के सपनों को मार दिया। हकीम बलूच ने अपनी पोस्ट में लिखा कि पाक के फ्रंटियर कॉर्प्स (एफसी) द्वारा हयात कोउसके बूढ़े मां-बाप के सामने ही गोलियों से भून दिया गया। उन्होंने लिखा ÷हयात मिर्ज़ा का परिवार गरीब है और उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी कोशिश की है कि हयात एक अच्छी शिक्षा प्राप्त करें। दुर्भाग्य से तथाकथित रक्षक (एफसी) कर्मियों द्वारा उशकी निर्ममता से हत्या कर दी गई। उन्होंने कहा, इस अमानवीय हत्या को सही ठहराने के लिए ढ्ढत्रस्नष्ट ने हयात मिर्जा के घर का दौरा किया, उनके पिता ने उनसे पैसे की पेशकश की, लेकिन अपनी आंखों के सामने जवान बेटे को खोने वाले बूढ़े मां-बाप ने पैसे लेने से इंकार कर दिया। उन्होंने कहा कि सिर्फ क्वेटा और कराची से ही नहीं बल्कि यूरोप की बलूच जनता में हयात बलूच की हत्या के खिलाफ गुस्सा पाया जा रहा है और इंसाफ की इमरान खान सरकार से हत्यारों की गिरफ्तारी और न्याय की मांग की जी रही है। सरकार से हत्यारों की गिरफ्तारी और न्याय की मांग की जी रही है। उन्होंने कहा कि बलूच की बर्बरता और उत्पीड़न को समाप्त करने के लिए पाकिस्तानी राज्य की दमनकारी नीतियों का हर संभव तरीके से विरोध करने की जरूरत है।बता दें कि इस हत्या ने पूरे पाकिस्तान में विरोध प्रदर्शन तेज कर दिए हैं।

# भारी बारिश ने पाकिस्तान में मचाई तबाही, 106 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।**

पाकिस्तान में गत 15 जून से भारी बारिश के कारण होने वाली घटनाओं में कम से कम 106 लोगों की मौत हो गई और 52 लोग घायल हुए हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अनुसार पाकिस्तान का दक्षिण सिंध प्रांत बारिश से सर्वाधिक प्रभावित है जहां इसके कारण 34 लोगों की मौत हुई है और 9 अन्य घायल हुए है। प्रशासन ने बताया कि भारी बारिश के कारण 24 घरों को नुकसान पहुंचा है। इस बीच सिंध प्रांत के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह ने शुक्रवार को बताया कि प्रांत में बारिश के कारण 80 लोगों की मौत हुई है जिसमें से 47 लोगों की मौत प्रांत की राजधानी कराची में हुई है। उन्होंने कहा कि अगस्त में कराची में रिकॉर्ड 604 मिलीमीटर बारिश हुई है और कई वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इसने इस महीने में बारिश के कई वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। एनडीएमए ने कहा कि खाइबर पखतुखवा प्रांत में 29 लोगों की मौत हुई है और इतने ही लोग घायल हुए है जबकि 196 घरों को नुकसान पहुंचा है। दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान में भी बारिश से काफी नुकसान पहुंचा है। यहां सैकड़ों लोगों के घर बाढ़ में बह गए



जिससे यह लोग बेघर हो गए हैं। एनडीएमए ने कहा कि 15 लोगों की मौत हुई है और सात अन्य घायल हुए है जबकि 907 घरों को नुकसान पहुंचा है। प्रशासन ने बताया कि पूर्वी पंजाब प्रांत में 12, उत्तरी गिलगिट-बाल्टिस्तान क्षेत्र में 10 और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भारी बारिश के कारण छह लोगों की मौत हुई है।

# अमेरिका में 2019 में 48 प्रतिशत विदेशी छात्र चीन और भारत के थे : रिपोर्ट



**वाशिंगटन।**

अमेरिका में 2019 में पढ़ रहे विदेशी छात्रों में से 48 प्रतिशत चीनी और भारतीय विद्यार्थी थे। एक सरकारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी है। अमेरिका में प्रवासी छात्रों पर 'स्टूडेंट एंड एक्सचेंज विजिटर प्रोग्राम' (एसईवीपी) द्वारा शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिका में अंतरराष्ट्रीय गैर-प्रवासी छात्रों और एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत आने वाले विद्यार्थियों पर जानकारी रखने वाली वेब आधारित प्रणाली सेविस के रिकॉर्ड के अनुसार 2019 में एफ-1 और एम-1 वीजा वाले विदेशी छात्रों की संख्या 15.2 लाख थी। इसमें 2018 से 1.7 प्रतिशत की कमी आई। एफ-1 वीजा अमेरिका के किसी कॉलेज या विश्वविद्यालय में किसी अकादमिक कार्यक्रम या अंग्रेजी भाषा के कार्यक्रम में भाग ले रहे अंतरराष्ट्रीय छात्रों को जारी किया जाता है, वहीं एम-1 वीजा व्यावसायिक संस्थानों तथा तकनीकी संस्थानों में पढ़ने वाले विदेशी छात्रों के लिए होता है। रिपोर्ट के मुताबिक 2019 में अमेरिका में कुल 7,33,718 या 48 प्रतिशत छात्र चीन और भारत के थे। इनमें चीन के 4,74,479 और भारत के 2,49,221 छात्र थे।

# इक्वाडोर का कपल सबसे उम्रदराज शादीशुदा दंपति घोषित, दोनों की कुल उम्र 215 साल

**लंदन।**

इक्वाडोर में घर वालों की मर्जी के खिलाफ भागकर विवाह करने वाले जूलियो मोरा और उनकी पत्नी वाल्ड्रामीना क्विंटेरोस पूरी दुनिया में सबसे उम्रदराज शादीशुदा जोड़े के रूप में चिन्हित किए गए हैं और दोनों की संयुक्त उम्र करीब 215 साल है। विवाह के 79 साल के बाद भी दोनों एक साथ हैं। दोनों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। मोरा की उम्र जहां 110 साल है वहीं उनकी पत्नी 104 साल की हैं। दोनों उम्र के इस पड़ाव पर भी आकर्षक लगते हैं और उनका स्वास्थ्य भी बेहतर है। हालांकि, उनके संबंधियों का कहना है कि दंपती थोड़े निराश हैं क्योंकि महामारी के कारण वे अपने बृहद परिवार से दूर हैं। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के अनुसार दोनों सबसे उम्रदराज शादीशुदा दंपति हैं और इस समय और किसी जोड़े की उम्र इतनी नहीं है। दोनों की संयुक्त उम्र 215 साल से कुछ ही कम है। मोरा का जन्म 10 मार्च 1910 को हुआ था जबकि क्विंटेरोस 16 अक्टूबर 1915 को पैदा हुयी थीं और दोनों सात फरवरी 1941 को यहां के पहले स्पेनिश चर्च में परिणय सूत्र में बंधे थे। दोनों अवकाश प्राप्त शिक्षक हैं और इक्वाडोर की राजधानी क्वीटो में रहते हैं जहां अगस्त के मध्य में उन्हें गिनीज से प्रमाण पत्र मिला। उनकी बेटी सेसीलिया कहती हैं कि दोनों आकर्षक और सक्रिय हैं, हालांकि अब उनमें वो चुस्ती नहीं है जितनी पहले थी। लेकिन पिछले एक महीने से वे थोड़े अलग हैं और मायूस हैं क्योंकि वे अपने नाती पोतों से भरे परिवार से दूर हैं। उनके चार बच्चे जीवित हैं। उनके 11 नाती पोते पोतियां हैं। उनकी 21 प्रपौत्र हैं और दंपती की पांचवीं पीढ़ी में भी एक बच्चा है। सेसीलिया कहती हैं कि मार्च से हम में से कोई उनके पास नहीं है, मेरे माता-पिता परिवार के साथ रहना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि उसके पिता को टीवी देखना और दूध पीना पसंद है ।

## संक्षिप्त समाचार



### पाकिस्तान में सितम्बर से शिक्षण संस्थान पुनः खोलने की तैयारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में कोविड-19 के हालात में लगातार सुधार के बाद सितंबर के मध्य से शिक्षण संस्थानों को फिर से खोलने की तैयारी है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। देश में कोरोना वायरस महामारी के कारण 16 मार्च से शिक्षण संस्थान बंद हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि पिछली एक रात में देश में कोरोना वायरस संक्रमण से मौत का केवल एक मामला सामने आया। अब तक देश में कोविड-19 से 6,284 लोगों की मौत हो चुकी है। मंत्रालय ने कहा कि देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस के 319 नये मामले सामने आने के साथ कुल संक्रमितों की संख्या 2,95,372 पहुंच गयी है। सिंध प्रांत में सर्वाधिक 1,29,179 मामले सामने आये हैं। इस बीच प्रधानमंत्री इमरान खान ने शुक्रवार को कहा कि 15 सितंबर से शिक्षण संस्थान पुनः खोले जा सकते हैं और प्रांतों को इस लिहाज से बंदोबस्त करने को कहा गया है। उन्होंने कोविड-19 के हालात की समीक्षा के लिए आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि शिक्षण संस्थाओं को फिर से खोलने का समय आ गया है लेकिन सात सितंबर को एक और उच्चस्तरीय बैठक होगी जिसमें इस बाबत अंतिम निर्णय लिया जाएगा। खान के हवाले से एक बयान में बताया गया कि शुरू में माध्यमिक स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय खोले जाएंगे। प्राथमिक स्कूलों को शुरूआत में नहीं खोला जाएगा।

### विदेश मामलों की समिति का सम्मन बार बार खारिज करने पर पोम्पिओ के खिलाफ अवमानना का प्रस्ताव

**वाशिंगटन।** यूक्रेन से संबंधित रिकॉर्ड के बारे में अमेरिकी प्रतिनिधिसभा की विदेश मामलों की समिति का सम्मन बार-बार खारिज करने के बाद समिति ने विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ के खिलाफ अवमानना का प्रस्ताव लाने का निर्णय किया है । प्रतिनिधिसभा की विदेश मामलों की समिति के चेयरमैन इलियट एंगेल ने शुक्रवार को कहा कि पोम्पियो के खिलाफ समिति अवमानना प्रस्ताव तैयार करेगी क्योंकि विदेश मंत्री ने सदन के निरीक्षण के संवैधानिक अधिकार में व्यवधान पैदा किया और इसकी अवहेलना भी की है। समिति ने डेमोक्रेट नेता जो बाइडेन के बेटे हंटर बाइडेन और यूक्रेन में उनकी गतिविधियों से संबंधित उन्हीं दस्तावेजों की मांग की थी जिस पर सीनेट जांच के लिये विदेश विभाग ने काम करना शुरू कर दिया है लेकिन पोम्पिओ ने ये दस्तावेज समिति को मुहैया कराने से इंकार कर दिया है । एंगेल को इस हफ्ते लिखे पत्र में विदेश विभाग ने कहा कि अगर सीनेट की तरह प्रतिनिधि सभा की समिति मामले की जांच करती है तो विदेश मंत्री पोम्पिओ यह दस्तावेज सौपेंगे। डेमोक्रेट सांसदों ने कहा है कि उनका मानना है कि सीनेट होमलैंड एवं सरकारी मामलों की समिति की चुनावी वर्ष में जांच राजनीति से प्रेरित है। सदन की विदेश मामलों की समिति के अवमानना प्रस्ताव में पिछले साल महाभियोग जांच के दौरान जारी समन के आदेश को मानने से इंकार करने के पोम्पिओ की कार्रवाई का भी हवाला दिया जायेगा ।

### अमेरिका में ट्रेड सीक्रेट चुराने के आरोप में चीनी रिसर्चर गिरफ्तार




**वॉशिंगटन।** अमेरिका में ट्रेड सीक्रेट चुराने के आरोप में चीनी रिसर्चर को गिरफ्तार किया गया है। हाऊझू हू को चीन की फ्लाइट पर बैठने की कोशिश में गिरफ्तार किया गया। उनके ऊपर आरोप है कि उन्होंने बिना अधिकार एक कंप्यूटर का इस्तेमाल किया या किसी प्रोटेक्टेड कंप्यूटर से अधिकार से ज्यादा जानकारी निकाली और ट्रेड सीक्रेट चुराए। जस्टिस डिपार्टमेंट से मिली जानकारी के मुताबिक फ्लाइट पकड़ने से पहले रिसर्चर को गिरफ्तार कर लिया गया । अमेरिका और चीन के बीच गहराए तनाव के बाद इस तरह की कार्रवाइयों में तेजी देखी जा रही है। अमेरिका में चीन के कई नागरिकों पर जासूसी का आरोप लगाकर गिरफ्तार किया जा चुका है। जस्टिस डिपार्टमेंट के ताजा बयान में बताया गया है कि चीनी नागरिक को दो फेडरल अपराधों को लेकर आपराधिक शिकायत के कुछ दिन बाद चीन की फ्लाइट पर चढ़ने की कोशिश में गिरफ्तार किया गया। बयान में बताया गया है, कोर्ट के दस्तावेजों और हू के बारे में सबसे पहले जानने वाले जांचकर्ताओं के मुताबिक 25 अगस्त 2020 को हू को शिकागो के ओ-हेर इंटरनैशनल एयरपोर्ट से चीन के लिए फ्लाइट पकड़ने की कोशिश में गिरफ्तार किया गया। प्रशासन की रूटीन स्क्रीनिंग में पाया गया कि हू के बास बायो-इंस्पायर्ड रिसर्च सिमुलेशन सॉफ्यवेयर्स कोड था जिसका उनके पास अधिकार नहीं था और इसमें वर्जिनिया यूनिवर्सिटी के सदस्यों की सालों की रिसर्च और रिसोर्स डिवेलपमेंट के रिजल्ट थे।

# कमला हैरिस में शीर्ष पद में आसीन होने की "काबिलियत नहीं": ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उप राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस पर निशाना साधते हुए कहा कि हैरिस में शीर्ष पद पर आसीन होने की ''काबिलियत नहीं''है। ट्रंप ने शुक्रवार को न्यूहैम्पशायर में रिपब्लिकन पार्टी की प्रचार रैली को संबोधित किया। ट्रंप ने कहा कि वह अमेरिका में शीर्ष पद पर किसी महिला को देखने का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी बेटी एवं व्हाइट हाउस सलाहकार इवांका ट्रंप ऐसे पद के लिए उचित उम्मीदवार हो सकती हैं। हैरिस पिछले साल तक राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दावेदारी कर रहीं थी। डेमोक्रेटिक पार्टी से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन ने हैरिस को उप राष्ट्रपति पद के लिए चुना है। हैरिस के पिता जमैका से और उनकी मां भारत से थीं। ट्रंप ने कहा ,''आप जानते हैं कि मैं भी शीर्ष पद पर एक महिला को देखना चाहता हूं, लेकिन मैं नहीं चाहता कोई महिला इस पद पर इस तरीके से आए और वह काबिल भी नहीं हैं।'' ट्रंप के इतना कहते ही लोग तालियां बजाने लगे और कुछ इवांका ट्रंप का नाम चिल्लाने लगे। इस पर राष्ट्रपति ने अपने समर्थकों से कहा, ''वे सब भी कह रहे हैं 'हम इवांका को चाहते हैं। मैं आप पर तोहमत नहीं लगा रहा।'

# अमेरिका करेगा सीरिया में आईएसआईएस के पाकिस्तानी आतंकवादियों की जांच , बढ़ेगी इमरान की टेंशन

**इस्लामाबाद।**

पाकिस्तान प्रयोजित आंतकवाद के खिलाफ अमेरिका ने कड़ा कदम उठाने का फैसला किया है जिससे इमरान खान सरकार की टेंशन बढ़ सकती है। । अमेरिकी सरकार द्वारा सीरिया में सक्रिय पाकिस्सतानी आतंकवादियों की भूमिका की जांच करने के इस ऐलान से पाकिस्सतानी प्रधानमंत्री इमरान खान की मुश्किलें बढ़ने के आसार हैं । बता दें कि इमरान ने अभी स्नढ्ढञ्जस्न की ग्रे लिस्सट से बचने के लिए दो बेहद अहम विधेयकों को संसद से पारित कराया है। खान चीन की मदद से पाकिस्तान को की ग्रे लिस्ट से निकालने के लिए प्रयास कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका समर्थित और कुर्द सीरियाई डेमोक्रेटिक फोर्स ने 29 पाकिस्सतानी आतंकियों के नामों की लिस्ट शेयर की है। ये लोग उनके कब्जे में हैं और इस्लामिक स्टेट की ओर से जंग लड़ रहे थे। ने इराक और सीरिया में पिछले कुछ सालों में जमकर कत्तलेआम किया है। इनमें से 4 पाकिस्सतानी ऐसे हैं जिन्सहोंने तुर्की और सूडान की नागरिकता हासिल कर ली है। बताया जा रहा है कि जिन 29 पाकिस्सतानी आतंकवादियों को अरेस्सट किया गया है, उनमें से 9 महिलाएं भी हैं। एक आतंकवाद निरोधक अधिकारी ने कहा, अमेरिकी सुरक्षा बल पाकिस्सतानी नागरिकों से पूछताछ कर रहे हैं। वे यह भी जानने का प्रयास कर रहे हैं कि इन आतंकवादियों को आईएस में सीरिया किसने भेजा? उनके पिछले आतंकी समूहों जैसे अल कायदा और अन्य पाकिस्तानी आतंकियों के बारे में भी अमेरिकी पता लगा रहे हैं। अधिकारी ने कहा, चूंकि पाकिस्सतानी खुफिया एजेंसियां अफगानिस्सतान में इस्सलामिक स्सटेट ऑफ खोरासान प्रांत के साथ मिली हुई हैं, ऐसे में पूछताछ में उनके बारे में भी पता चल सकता है। के आतंकवादियों ने काबुल में गुरुद्वारे पर हमला किया था। इसके अलावा उन पर कई निर्दोष लोगों पर हमला करने का आरोप है। चीफ असलम फारुकी एक इससे पहले फारुकी लश्सकर-ए-तैयबा से जुड़ा हुआ था। फारुकी इन दिनों अफगानिस्सतान सरकार की कस्सटडी में है ।

# पिज्जा डिलीवरी करने वाले पाकिस्तानी जनरल ने बनाया भ्रष्टाचार का नया रिकॉर्ड, 4 देशों में खरबों की अकूत संपत्ति

**पेशावर।**

पाकिस्तान के नेताओं समेत सेना के बड़े अधिकारी भ्रष्टाचार में फंसे हैं और उन्होंने बेहद कम समय में अकूत संपत्ति बनाई है। लेकिन इस बार चीन से मिलकर पाकिस्तानी सेना के एक पूर्व जनरल ने इतनी ज्यादा संपत्ति बना ली है कि इसके खुलासे ने पाकिस्तानी सियासत में भूचाल ला दिया है। पाकिस्तानी सेना से रिटायर होने के बाद चीन-पाकिस्तान इकॉनॉमिक कॉरीडोर (छ्क्क्ष्ट) के चेयरमैन बनाए जनरल असीम सलीम बाजवा और उनके परिवार ने 99 कंपनियां और 133 रेस्त्रां बनाकर भ्रष्टाचार का नया रिकॉर्ड बनाया है। रिपोर्ट के मुताबिक जनरल बाजवा ने जब इमरान के विशेष सलाहकार के तौर पर शपथ ली थी तो उनके पास कोई संपत्ति नहीं थी। ऐसा उन्होंने अपने शपथपत्र में दावा किया था कि न तो उनकी और न ही उनकी पत्नी या परिवार के किसी सदस्य की पाकिस्तान के बाहर कोई संपत्ति है। सेना में आने से पहले बाजवा एक पिज्जा कंपनी में डिलिवरी ब्यॉय का काम करते थे और देखते ही देखते उनके भाइयों ने और परिवार के दूसरे सदस्यों ने पापा जॉन पिज्जा कंपनी की चेन खड़ी कर ली। पाकिस्तान की एक चर्चित वेबसाइट फैक्ट फोकस ने ये खुलासा किया है कि बाजवा का कारोबार चार देशों में फैला है और कुछ ही सालों में इस जनरल ने खरबों की संपत्ति बना ली है। असीम बाजवा पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता भी रह चुके हैं। उस समय यानी 2002 में बाजवा तत्कालीन सेना प्रमुख जनरल परवेज मुशर्रफ के साथ लेफ्टिनेंट कर्नल हुआ करते थे। आज बाजवा की पत्नी और उनके भाइयों के पास 133 पिज्जा रेस्त्रां हैं और वे 99 कंपनियों के मालिक हैं। इनके रेस्त्रां की मौजूदा कीमत करीब 4 करोड़ डॉलर बताई जा रही है। हैरानी की बात यह है कि बाजवा प्रधानमंत्री इमरान खान के बेहद खास लोगों में हैं और उनके अहम सलाहकार हैं। चीन के साथ जो इन दिनों पाकिस्तान के बेहतरीन आर्थिक रिश्ते नजर आ रहे हैं, उनमें बाजवा की भूमिका अहम है। असीम बाजवा छ्क्क्ष्ट के चेयरमैन अपने इसी हुनर की बदौलत बनाए गए हैं और इसी वजह से चीन पाकिस्तान में अरबों डॉलर का निवेश कर रहा है। जाहिर है, ऐसे में बाजवा इमरान के लिए कितने अहम हैं, समझा जा सकता है। बाजवा की कंपनी का नाम है बाजको ग्रुप ऑफ कंपनीज और पाकिस्तान के बाहर अमेरिका, कनाडा और,श्व में इनकी अहम शाखाएं मौजूद हैं। इनकी कीमत अरबों रुपये है। इधर हाल ही की खबरों पर अगर गौर करें तो सलीम बाजवा पाकिस्तान के लिए बहुत अहम किरदार हैं और आम लोगों को नौकरियां देने का भी दावा करते रहते हैं। बतौर छ्क्क्ष्ट चेयरमैन अभी दो दिन पहले ही बाजवा ने ट्वीट किया है कि चीन की मदद से पाकिस्तान के युवाओं के लिए 1100 से ज्यादा नई नौकरियां मिलने जा रही हैं। उन्होंने कहा है कि शंघाई इलेक्ट्रिक कंपनी का कामकाज तेजी से शुरू हो चुका है और पाकिस्तान के युवा वहां निकली 1100 से ज्यादा नौकरियों के लिए आवेदन कर सकते हैं। जाहिर है बाजवा ने जिस तरह चीन को पाकिस्तान के करीब लाने में अहम भूमिका निभाने के साथ ही अपने परिवार का खजाना भी भरा है और भ्रष्टाचार के कई आरोपों से घिरे हैं, उससे पाकिस्तान की सियासत गरमाने लगी है।

# भारी तबाही के लिए दुनिया रहे तैयार, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा- सर्दी में कोरोना होगा और खतरनाक



**इंटरनेशनल डेस्क।** कोरोना वायरस के कहर से जूझ रही दुनिया जहां एक और वैक्सीन के जल्द से जल्द आने की उम्मीद लगाई बैठी है तो वहीं दूसरी और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेतावनी जारी कर लोगों को अलर्ट कर दिया है। की मानें तो सर्दी बढ़ने के साथ साथ कोरोना भी अपनी रफ्तार तेज कर सकता है। संगठन ने लोगों को तैयार रहने की नसीहत दी है। रीजनल डायरेक्टर हंस क्लग के अनुसार सर्दियों में यूरोप समेत दुनिया के कई हिस्सों में कोरोना का कहर बढ़ जाएगा। इस दौरान अस्पतालों में भर्ती होने वाले लोगों की संख्या बढ़ेगी और मृत्यु दर में भी तेजी से इजाफा होगा। उन्होंने कहा कि सर्दियों के मौसम में युवा आबादी बुजुर्गों के ज्यादा नजदीक होगी। ऐसे में संक्रमण फैलने का खतरा काफी ज्यादा रहेगा। हेनरी ने तीन मुख्य कारणों पर फोकस करने की नसीहत दी है। पहला स्कूलों का फिर से खुलना, दूसरा सर्दी-जुकाम का मौसम और तीसरा सर्दियों के दौरान बुजुर्गों की ज्यादा मौत। मौसम और तीसरा सर्दियों के दौरान बुजुर्गों की ज्यादा मौत। मौसम और तीसरा सर्दियों के दौरान बुजुर्गों की ज्यादा मौत। उन्होंने कहा कि यह सब आने वाले समय में खतरनाक स्थिति पैदा कर सकते हैं, ऐसे में दुनिया को अभी से तैयार हो जाना चाहिए।

# ड्रेगन की फिर दादागीरी; साउथ चाइना सी में दागीं मिसाइलें, अमेरिका बोला-शांति और सुरक्षा खतरे में



**बीजिंग।**

चीन ने एक बार फिर अपनी नापाक हरकत कर अमेरिका को भड़का दिया है। चीन ने गुरुवार को साउथ चाइना सी में पार्सल आईलैंड के पास 2 बैलिस्टिक मिसाइले दाग कर अपनी हेंकड़ी दिखाई है। मिलिट्री एक्सारसाइज के दौरान इन मिसाइलों को अलग अलग जगहों से लॉन्च किया गया। इनमें डीएफ-26 बी और डीएफ-21 डी मिसाइलें शामिल थीं। ष्ठस्न-26 बी मिसाइल की रेंज 4 हजार किमी. और डीएफ-21 मिसाइल की रेंज 1500 किमी. तक है। चीन की ये मिसाइलें चलते पोतों और फाइटर जेट्स को निशाना बना सकती हैं। अमेरिका ने चीन की ओर से किए गए मिसाइल टेस्ट्स पर आपत्ति जताई है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने गुरुवार को दावा किया कि चीन ने साउथ चाइना सी में कम से कम चार मिसाइलों का परीक्षण किया है। यह अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है। इससे क्षेत्र की शांति और सुरक्षा को खतरा होगा। पेंटागन ने कहा है- साउथ चाइना सी में मिसाइलों का परीक्षण चीन की ओर से किए 2002 में किए गए समझौते के खिलाफ है। समझौते के तहत चीन ने कहा था कि यह ऐसा कोई काम नहीं करेगा जिससे क्षेत्र में तनाव पैदा हो। पिछले एक दशक में चीन ने यहां के कई आईलैंड्स्स पर अपने सैन्य ठिकाने बना लिए हैं। यह इस क्षेत्र के कई इलाकों पर अपना दावा कर रहा है। चीन वियतनाम, फिलीपिंस, मलेशिया, ताइवान और इंडोनेशिया जैसे देशों के समुद्री इलाकों को भी अपना बता रहा है। चीन की डिफेंस मिनिस्ट्री के प्रवक्ता वु क्विन ने आरोप लगाया था कि अमेरिका जेट्स हमारे नो फ्लाय जोन में घुसे थे। अमेरिकी नेवी के दो यू-2 एयरक्राफ्ट्स ने उत्तरी इलाके में हमारी सेना के अभ्यास की कई घंटे तक जासूसी की। इससे हमारी ट्रेनिंग पर असर हुआ। अमेरिका ने दोनों देशों के बीच समझौते का उल्लंघन किया है। अमेरिका की यह हरकत बेहद खतरनाक है। अगर वो चीन के इलाके में घुसेगा तो इससे सैन्य झड़प हो सकती थी। वहीं, अमेरिका ने चीन के आरोप का खंडन तो नहीं किया, लेकिन कहा- हमने किसी नियम को नहीं तोड़ा।



कॅबिनेट मंत्री सतीश महाना

उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मन्त्री सतीशमहाना ने कोविड के प्रारम्भिक लक्षण दिखने पर टेस्ट करवाया जिसकी रिपोर्ट पाजिटिव आई है। डॉक्टर्स की सलाह से उन्होंने खुद को घर पर आइसोलेट कर लिया है।' सतीश जी ने निवेदन किया है कि जो भी लोग गत कुछ दिनों में उनके संपर्क में आयें हैं, कृपया अपनी जाँच करवा लें।

## फांसी पर झूलता मिला युवक का शव

कानपुर भीतरगांव चौकी क्षेत्र के अन्तर्गत रायपुर गांव में गांव के बाहर आम के पेड में हलवाई का शव लटका मिला। युवक दोपहर बाद से घर से गायब था। जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिजन घटनास्थल पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को नीचे उतार पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ग्रामीणों के मुताबिक युवक हलवाई का काम करता था। लाकडाउन के चलते आर्थिक स्थिती के संकट से गुजर रहा था।

साढ थाना के रायपुर गांव निवासी गजेंद्र सचान (35) पुत्र रामचन्द्र शुक्रवार दोपहर बाद घर से गायब था। कल देर शाम शौच के लिये गये लोगों ने आम के बाग में उसका शव अगौछे से फांसी पर लटका देखा । सूचना घर पहुचते ही रोते – बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना भीतरगांव चौकी को दी। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था ।

## जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में स्थापित सखी वन स्टॉप सेन्टर का किया औचक निरीक्षण

उन्नाव ब्यूरो:प्रकाश शुक्ला

उन्नाव जिलाधिकारी श्री रवीन्द्र कुमार ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित घरेलू हिंसा पीड़ित महिलाये एवं अन्य निराश्रित महिलायें आदि को शासकीय सरंक्षण प्रदान कराये जाने के उद्देश्य से जिला अस्पताल में स्थापित सखी वन स्टॉप सेन्टर का आज औचक निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने सखी वन स्टॉप सेन्टर का निरीक्षण करते हुयें सेन्टर मैनेजर सुश्री ज्योती मिश्रा को निर्देश दिये कि घरेलू हिंसा पीड़ित महिलाये एवं अन्य निराश्रित महिलायें सेन्टर में आये उन्हें विभाग द्वारा निर्धारित गाइड लाइन के अनुसार पूरा संरक्षण एवं सहयोग प्रदान किया जाये। वन स्टॉप सेन्टर में आवास हेतु सम्बन्धित से सी0डब्लू0सी0 का आदेश, एफ0आई0आर0/थाने का आदेश/आधार कार्ड की कॉपी तथा बलिका के साथ से सम्बन्धित थाने की महिला आरक्षी निगरानी के उद्देश्य से व्यवस्था की जानी

**हिंसा पीडित महिलाओं को पुलिस सहायता, तत्कालीन एवं कानूनी सहायता, चिकित्सा सेवा, आश्रय सुविधा एवं परामर्श आदि की सुविधा वन स्टॉप सेन्टर के माध्यम से उपलब्ध कराई जायेगी:**

**महिला कल्याण विभाग द्वारा 48.69 लाख की लागत से बनवाये जा रहे निर्माणाधीन वन स्टॉप सेन्टर को समय से पूरा करने के दिये निर्देश:**

चाहियें। जिलाधिकारी को बताया गया कि सम्बन्धित महिलाओं के अल्प आवास हेतु पॉच बेड की व्यवस्था की गई है। 05 दिन के आईसोलेशन रूम में रख कर हिंसा पीडित महिलाओं को खाने पीने, पुलिस सहायता, तत्कालीन सहायता, कानूनी सहायता, चिकित्सा सेवा, आश्रय सुविधा एवं परामर्श आदि की सुविधा वन स्टॉप सेन्टर के माध्यम से मुहैया कराई जाती है। जिलाधिकारी ने वन स्टॉप सेन्टर में कार्यरत सभी कर्मियों एवं अब तक की गई कार्यवाही के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जो भी पीडित महिला एवं बालिका सेन्टर में आये उसकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जायें। वन स्टॉप सेन्टर के परिसर में गन्दगी को देखकर सम्बन्धित को निर्देश दिये है कि अभीयान चलाकर परिसर को साफ कराया जाये। महिला कल्याण विभाग द्वारा 48.69 लाख की लागत से बनवाये जा रहे निर्माणाधीन वन स्टॉप सेन्टर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था उ0प्र0 सहकारी विधायन शीतगृह संघ लिमिटेड के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि समय सीमा में निर्माणाधीन वन स्टॉप सेन्टर का कार्य पूरा करायें। गुणवत्ता एवं मानक को परखने के लिये निर्माणाधीन भवन के विभिन्न कमरों आदि का निरीक्षण किया।

निर्देश दिये गये कि शासन के मंशा के अनुरूप संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाये। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 आशुतोष कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 बी0बी0 भट्ट, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 आर0के0 गौतम, उप निदेशक सूचना डा0 मधु ताम्बे आदि

## सार–समाचार



कानपुर ट्रक की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल युवक ने लगाये पुलिस पर सौदे बाजी का आरोप घायल हालत मे पुलिस ने युवक को हॉस्पिटल के बजाए भेजा घर हालत चिंता जनक थाना चकेरी क्षेत्र का मामला

### आगजनी की नहीं लिखी रिपोर्ट डीजीपी से शिकायत

90 पेड़ और फसल जलकर राख थाने व एसपी ने नहीं सुनी फरियाद

रायबरेली खेत में खड़ी फसल व पेड़ों को जलाकर राख करने वालों के खिलाफ पुलिस ने रिपोर्ट न दर्ज करके उनका मनोबल बढ़ाया है पीड़ित किसान ने मुख्यमंत्री व डीजीपी से इसकी शिकायत दर्ज कराई है कोतवाली सलोन क्षेत्र के तरकोलवा मजरे बघोला निवासी दिनेश कुमार पुत्र राम नवमी ने अपने शिकायती पत्र में कहा है कि शराब के अवैध कारोबारी रिब्बा रामबाबू अर्जुन तथा रामकुमार पुत्र स्वर्गीय सुन्दर पासी ने खेत में खड़ी उड़द की फसल व 90 पेड़ यूकेलिप्टस को जला दिया है जिसकी शिकायत सलोन कोतवाली में की गई लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं किया है पीड़ित का कहना है कि आरोपी कच्ची शराब के कारोबारी है जो पुलिस को माहवारी देते हैं और पुलिस के मुंह लगे हैं इसीलिए इतनी बड़ी घटना की रिपोर्ट नहीं लिखी रिपोर्ट न दर्ज किए जाने पर दबंग आरोपी अब मुझ पीड़ित को धमका रहे हैं और हमला हो रहे हैं पीड़ित ने पुलिस महानिदेशक से घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाने की मांग की है आयोग और डीजीपी ने जिला प्रशासन से जवाब तलब किया है

### ना दर्ज हुई गुमशुदगी ना मिला कमलेश

रायबरेली बारात से गायब हुआ कमलेश अभी तक अपने ननिहाल नहीं पहुंचा है मामा द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज किया है और ना कमलेश अभी तक घर वापस आया है प्रदेश के मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक को दिए गए शिकायती पत्र में रामसुख यादव पुत्र महंत निवासी जमुरवा बुजुर्ग थाना कोतवाली सलोन ने कहा है कि उसका भांजा कमलेश उर्फ गुगई उर्फ बहरा भदोखर थाना क्षेत्र के जरियारी गांव एक बारात गया था वहां से घर वापस नही आया है रामसुख ने अपने बहनोई राजाराम व सोतेले भांजा आशीष कुमार पर उसे अपहण करने का आरोप लगाया है उन्होंने कहा है कि मेरी सगी बहन की मृत्यु के बाद कमलेश के नाम करीब 4 बीघा जमीन आ गई और मेरे बहनोई ने दूसरी शादी कर ली है जमीन हड़पने की नीयत से कमलेश उर्फ गुगई का अपहण किया गया जिसका अभी तक कोई अता–पता नहीं चल पा रहा कमलेश मां की मृत्यु के बाद अपने ननिहाल जमुरवा बुजुर्ग में अपने मामा रामसुख के यहां रहता था रामसुख यादव ने घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग मुख्यमंत्री से की है

### गोपालपुर में बुखार से युवक की मौत

कानपुर साढ़ घाटमपुर साढ़ थाना क्षेत्र के गोपालपुर नर्वल गांव में बुखार से एक युवक की मौत होने से गांव में सनसनी फैल गयी।

जानकारी के मुताबिक गोपालपुर नर्वल निवासी रामू अवस्थी 22 पुत्र रंजन अवस्थी करीब 15 दिन से बुखार से पीड़ित था।और कस्बा साढ़ के एक झोलाछाप के यहा इलाज करा रहा था दो दिन पूर्व हालत ज्यादा खराब होने पर परिजन उसे हैलट ले गए थे जहाँ इलाज के दौरान ही उसकी वहाँ मौत हो गयी।परिजनों के मुताबिक कस्बा साढ़ स्थित एक डॉक्टर के यहा इलाज हो रहा था जब हालत ज्यादा खराब हुई तो उसे लेकर हैलट लेकर आये थे जहाँ प्लेटलेट्स अत्यधिक कम होने से उसे ब्रेन हेमरेज हो गया और उसकी मृत्यु हो गयी।

### कोरथा गांव मे चोरियों का खुलासा दो अभियुक्त गिरफ्तार

कानपुर थाना साढ क्षेत्र के कोरथा गांव मे 25 अगस्त की रात

प्रधान रमेशपासवान,व श्यामसुंदर तिवारीके घर समेत एकअन्य घरों मे नगदी समेत लाखों रुपये कीमत के जेवरात चोरी हो गये थे जिसमे थाना प्रभारी साढ प्रयाग नारायण बाजपेयी की टीम ने बीती रात माल समेत दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करके बरामदगी की है जिसमे कोरथा निवासी राज पुत्र श्रीराम 19 व उजागर 20 पुत्र बालेश्वर पासवान निवासी कमालपुर थाना महाराजपुर को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया

### ट्रक और कार मे भिडंत युवक घायल

कानपुर साढ जहानाबाद रोड पर.देर रात अनूप सचान 52निवासी



टकौली जहानाबाद फतेहपुर कानपुर से वापस गांव जा रहा था तभी गडरियनपुर गाव के समीप सामने से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गया। पुलिस ने घायल अनूप को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहानाबाद भेज दिया। ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया।घायल अनूप प्राइवेट फार्मासिस्ट है।

### साप्ताहिक लॉकडाउन को लेकर उन्नाव प्रशासन के फिर बदले तेवर

प्रदेश सरकार ने करोना के बढ़ते मामलो को देखते हुए साप्ताहिक



लॉकडाउन को शक्ति के साथ पालन करने के दिशा निर्देश दिए हैं।आदेश का पालन करने के क्रम मेदोस्ती नगर चौकी इंचार्ज सुधाकर सिंह मय पुलिस बल के साथ लॉकडाउन में मास्क व गाड़ियों की चेकिंग करते हुए दिखाई दिये।

## विद्यालय प्रबंधकों के साथ सदर विधायक की हुई बैठक, फीस वसूली पर हुआ अहम निर्णय

कोरोना वायरस के फैलते संक्रमण के चलते लॉकडाउन की



स्थितियों में कई माह से अभिभावको व स्कूल प्रबन्धकों के बीच फीस को लेकर चल रहे प्रकरण पर सदर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा जिला निगरानी समिति की बैठक में इस मुद्दे को प्रमुखता से रखने के फलस्वरुप विकास भवन में जिलाधिकारी की उपस्थिति में बड़े स्कूलों के प्रबन्धको व अभिभावक संघ की बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में सदर विधायक द्वारा रखे गये मुद्दो को विद्यालय प्रबन्धकों ने सहर्ष स्वीकृति दी। जिसमें यह निर्णय लिया गया कि कोई भी विद्यालय फीस नही बढ़ायेगा। इसके अलावा अतिरिक्त रुप से कोई शुल्क नही लेगा तथा 25 प्रतिशत कटौती करने का आश्वासन दिया। बैठक में हुये निर्णय के प्रति सदर विधायक पंकज गुप्ता ने सभी प्रबन्धकों का आभार जताया।

## जनता की सेवा पहली प्राथमिकता सहरे आलम

रायबरेली मोहर्रम के त्यौहार को देखते हुए वार्ड 6 के किला बाजार के सभासद प्रतिनिधि सहरे आलम अपने वार्ड में लगातार साफ सफाई को लेकर गंभीर दिखाई



दे रहे है उसी को लेकर आज अपने वार्ड में रोड और नालियों के साथ साथ खराब पड़े हैंडपंप को भी बनवा रहे है जिसकी उनके क्षेत्र की जनता सराहना भी कर रही है वही जब सहरे आलम से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कल मोहर्रम का त्योहार है जिसको लेकर क्षेत्र की जनता ने मुझसे आकर कहा कि जिस रास्ते से ताजिया को निकालना है वहा पर सड़को में गड्ढे है और नालियों में पानी जाम है हैंडपंप खराब पड़ा है जैसे ही जानकारी में मामला आया तो मैंने तत्काल सदर विधायक अदिति सिंह को अवगत कराया उन्होंने मुझसे कहा कि अभी एक घंटे के अंदर काम शुरू कराकर जल्द से जल्द ताजिया के रास्ते मे जो गड्ढे है उन्हें भरवा दो और हैंडपंप और नाली का काम तत्काल प्रभाव से कराए क्योंकि किसी भी व्यक्ति को ताजिया कर्बला ले जाने में दिक्कत न हो वही सहरे आलम ने कहा कि कल मोहर्रम का त्योहार है उस से पहले सारा काम हो गया जिससे क्षेत्र की जनता काफी खुश है वही मैं अपने वार्ड में काम को लेकर लापरवाही नही करता क्योंकि जनता ने मुझसे इसलिए चुना है कि मैं उसके काम आ सकू और मेरी यही पहली प्राथमिकता होती है कि मेरे वार्ड की जनता को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो और यही कारण रहा है कि लगातार दो बार मुझे मेरी क्षेत्र की जनता ने सभासद प्रतिनिधि चुना और जब तक मैं प्रतिनिधि रहूंगा तब तक मैं जानता कि सेवा करता रहूंगा इस मौके पर साबिर अली, शिव प्रसाद, अजय कुमार, बब्लू, मुन्ना, हाजी कदीर, फारुख आदि लोग रहे

## संजीत यादव के परिजनों का साथ

## कानपुर पुलिस ने ऑपरेशन–विजय के राष्ट्रीय अध्यक्ष व राष्ट्रीय महासचिव सहित 45 लोगों पर दर्ज किया मुकदमा।

कानपुर संजीत यादव परिजनों के न्यायिक सहयोग में ऑपरेशन विजय के राष्ट्रीय अध्यक्ष को कानपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार। न्यायिक प्रकोष्ठ के अधिवक्ताओं के भारी विरोध में हुए रिहा।

पीड़ित व न्याय से वंचित परिवारों के हित में सामाजिक संगठनों द्वारा आवाज उठाने को पुलिस मानती है अपराध पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने में पूरी तरह फेल कानपुर पुलिस पीड़ित परिवार सहित सामाजिक लोगों पर कर रही है पद का दुरुपयोग।

**संजीत हत्याकांड को लेकर परिजनो की मदद कर रहे वकीलों पर किए गए फर्जी मुकदमों पर बार एसोसिएशन के प्रत्याशी बलजीत सिंह यादव ने सरकार एवं प्रशासन को बूरी तरह से घेरा**




ऑपरेशन विजय बिना रुके, बिना झुके, अपने सिद्धांतों पर चलता रहेगा।

गैर राजनीतिक, अभियान ऑपरेशन–विजय बुराइयों के खिलाफ जंग द्वारा संजीत यादव हत्या व अपहरण कांड में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने हेतु किए जा रहे सहयोग से खफा कानपुर पुलिस द्वारा दिनांकः– 25 अगस्त 2020 को ऑपरेशन–विजय के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवमंगल सिंह क्षआई.पी.द्व के आवास पर भारी फोर्स के साथ पहुंचकर हिरासत में लिया व करीब 12 घंटे अज्ञात स्थान पर रखकर शांति भंग में न्यायालय में पेश किया। जहां पुलिस अधिकारियों के दबाव में बिना जमानत दिए सिटी मजिस्ट्रेट प्रथम द्वारा 14 दिन न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का प्रयास किया गया।

जिसकी जानकारी होने पर ऑपरेशन–विजय बुराइयों के खिलाफ जंग के न्यायिक प्रकोष्ठ के अधिवक्ताओं ने ACM&1 न्यायालय पहुंचकर भारी विरोध जताया व तत्काल जमानत न देने पर न्यायिक आंदोलन की चेतावनी दी। जिसके बाद ACM&1 ने जमानत स्वीकार करते हुए, तत्काल ऑपरेशन विजय के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रिहाई का आदेश जारी किया।

हिरासत से रिहा होने के बाद ऑपरेशन–विजय के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, कि कानपुर पुलिस पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने में पूरी तरह फेल है, व अपनी विफलता को छिपाने के लिए समाज हित में पीड़ितों को न्याय दिलाने हेतु ऑपरेशन विजय बुराइयों के खिलाफ जंग के पदाधिकारियों द्वारा उठाई जा रही आवाज को दबाने के लिए स्वयं हमारे व हमारे वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित 40 लोगों पर थाना– नौबस्ता में कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

उन्होंने यह भी कहा कि ऑपरेशन–विजय बुराइयों के खिलाफ जंग द्वारा समाज हित में उठाई जा रही पीड़ितों की आवाज को दबाने में कानपुर पुलिस द्वारा किए जा रहे पद का दुरुपयोग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा व ऑपरेशन–विजय बुराइयों के खिलाफ जंग अपने सिद्धांतों पर बिना रुके, बिना झुके लगातार चलता रहेगा। यदि कानपुर पुलिस द्वारा पीड़ितों व पीड़ितों की आवाज उठाने वाले लोगों के साथ किए जा रहे दमनकारी रवैए में बदलाव नहीं आया तो ऑपरेशन विजय एक प्रदेश स्तरीय आंदोलन करने पर विवश होगा।और वकीलों ने एसएसपी से बात की और मुक़दमा वापस लेने को कहा। इसमे एडवोकेट अनुराग यादव, सुधीर यादव, सुभाष गौड़ नरेश त्रिपाठी राकेश तिवारी अनुराग श्रीवास्तव एवं आदि वकीलों का हुजूम उपस्थित रहा।

## राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए खेलों का आयोजन

बछरावां रायबरेली राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर दयानंद बछरावां पीजी कॉलेज की एनसीसी एवं एनएसएस इकाई द्वारा कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए खेलों का आयोजन किया गया ।

इन यूनिट के छात्र छात्राओं ने विभिन्न खेलों में जैसे रस्सी कूद, बैडमिंटन, और दौड़ का आयोजन किया । एनसीसी के कैडेट, एनएसएस के स्वयंसेवक सहित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुभाष चंद्र श्रीवास्तव , परीक्षा प्रभारी डॉ शिशिर श्रीवास्तव, डॉ विनय सिंह, डॉ सत्येन्द्र सिंह राठौर और श्रीमती एकता गुप्ता ने प्रतिभाग किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि ष्मेजर ध्यानचंद हाकी के जादूगर पद्म भूषण से अलंकृत भारत ही नहीं विश्व के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी थे। वे खेल जगत के मसीहा एवं मां भारती के सच्चे सपूत थे। एनसीसी एवं एनएसएस के यूनिटों की ओर से खेल का आयोजन करके इस महान खिलाड़ी एवं सच्चे देशभक्त को याद किया गया है।



आयोजित खेलों में बैडमिंटन राहुल ,शशांत , रिया , अपर्णा, शहनवाज, अतुल उस्मान ने प्रतिभाग किया। रस्सी कूद में दीपांशी अपर्णा एकता रूबी , पारुल पल्लवी ने प्रतिभाग किया। दौड़ में आलोक,प्रवीण, अनुभव अर्पिता आदि कई छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का संयोजन डॉ विष्णु चंद श्रीवास्तव एवं डॉ शालिनी श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर डॉ शालिनी श्रीवास्तव ने कहा कि खेलों से ही व्यक्ति स्वस्थ होता है और उसमें देशभक्ति का भाव जागृत होता है।

ध्यानचंद इसके सशक्त उदाहरण है।

इस अवसर पर सुखबीर सिंह, विजय आदि महाविद्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## युवाओं को नशे के खेल में फंसाकर राष्ट्रीय खेल दिवस क्यों.? ज्योति बाबा

**संजय मौर्य,उत्तरप्रदेश ब्यूरो**

कानपुर युवाओं की तूफानी शक्ति को राष्ट्रहितकारी व समाजोपयोगी दिशा देने में खेल अहम भूमिका निभाते हैं इसीलिए खेलो इंडिया को सफल बनाने हेतु युवा वर्ग को नशे के रोग से बचाना ही होगा, उपरोक्त बात सोसायटी योग ज्योति इंडिया के तत्वाधान में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कोरोना मिटाओ नशा हटाओ हरियाली लाओ अभियान के अंतर्गत वर्चुअल संगोष्ठी शीर्षक राष्ट्र के चौमुखी विकास में खेलों की भूमिका पर अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्त अभियान के प्रमुख योग गुरु ज्योति बाबा ने कही,श्री ज्योति बाबा ने आगे कहा कि छात्रों की सकारात्मक शक्ति का क्षय नशे के कारण हो रहा है जो ऊर्जा समाज के विकास में खर्च होनी थी वह नशे के खेल में फंसकर तबाह हो रही है बाबा श्री ने जोर देकर कहा कि कानपुर में कोरोना को रोकने हेतु प्रथम चरण में कोटपा– लॉ को शत–प्रतिशत सामाजिक संस्थाओं एंड मिक के सहयोग से लागू किया जाए,क्योंकि सार्वजनिक स्थलों पर जब कोई धूम्रपान नहीं करेगा व पान मसाला खाकर नहीं थूकेगा तब कोरोना हार जाएगा, क्योंकि पूरे शहर को पान मसाला तंबाकू खाने वालों ने पीकदान बना दिया है तथा अपने मुख को गुदाद्वार से भी ज्यादा गंदा बना दिया है इसीलिए गंदगी मुक्त भारत



के लिए स्वयं की गंदगी मुक्त करने का संकल्प सभी को इस महामारी से निपटने के लिए लेना होगा स राष्ट्रीय संयोजक कुलदीप सिंह परमार एडवोकेट ने कहा कि शहर के ग्रामीण क्षेत्रों में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और कोरोना गाइडलाइंस का पालन तो कोसों दूर की बात है जब जबकि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से गुटखा पर प्रतिबंध है कि पान मसाला में तंबाकू मिलाकर नहीं बेचा जाएगा और पाउच भी प्लास्टिक का नहीं होगा तथा नियम विरुद्ध 18 वर्ष के नीचे के बच्चों को नहीं बेचा जाएगा,फिर भी यह सब किसकी शह पर हो रहा है, परिणाम स्वरूप अबोध बच्चे नशे के खेल में फंसकर कैंसर का तोहफा लेने के साथ परिवार को कर्जगीर बना रहे हैं मीटिंग्स का संचालन समाजसेवी आलोक मेहरोत्रा व धन्यवाद समाज चिंतक राकेश चौरसिया ने दिया अन्य प्रमुख विचारक डॉ मनीष विश्नोई, शिक्षक उमेश शुक्ला, दिलीप सैनी ,महंत राम अवतार दास,अजय वर्मा इत्यादि थे।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# शहर सौंदर्यीकरण के लिए अहमदाबाद के पांच और तालाब मनपा को निःशुल्क सौंपने का मुख्यमंत्री का निर्णय

अहमदाबाद मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने अहमदाबाद शहर में राज्य सरकार के स्वामित्व वाले पांच और तालाबों को विक. सित करने के लिए अहमदाबाद महानगरपालिका (एएमसी) को निःशुल्क सौंपने का निर्णय किया है। शहर सौंदर्यीकरण के लिए महानगरपालिका इन तालाबों को सैर–सपाटे, पर्यटन और पिकनिक के पर्यावरण अनुकूल क्षेत्र के तौर पर विकसित करेगी। इसके चलते तालाबों के आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को सैर और पिकनिक आदि के लिए पर्यावरण अनुकूल स्थान का नया नजराना अपने घर के निकट ही मिल सक. ेगा। मुख्यमंत्री ने अहमदाबाद की घाटलोडिया तहसील के आंबली के सर्वे नं. 04 टीपी पर, एफपी 6 में स्थित 21,265 वर्गमीटर क्षेत्रफल का ग्राम तालाब, ओगणज के सर्वे नं. 08, टीपी 228, एफपी 8 में मौजूद 55,391 वर्गमीटर क्षेत्रफल का ग्राम तालाब, ओगणज सर्वे नं. 720, टीपी 221, एफपी 15 में स्थित 22,966 वर्गमीटर का ग्राम तालाब, सोला सर्वे नं. 830 टीपी 221, एफपी 938 में स्थित 15,783 वर्गमीटर का ग्राम तालाब



और हेबतपुर ब्लॉक नं. 11, टीपी 217, एफपी 11 में मौजूद 34,702 वर्गमीटर क्षेत्रफल का ग्राम तालाब विकास के लिए अहमदाबाद मह. ानगरपालिका को आवंटित करने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने इससे पूर्व मार्च, 2020 में 4 तालाबों तथा जून एवं जुलाई माह में 1–1 तालाब सहित कुल छह तालाबों को अहमदाबाद महानगरपालिका को शहर सौंदर्यीकरण के लिए निःशुल्क सौंपा है। अब इन और पांच तालाबों को भी सौंपने के निर्णय के साथ कुल 11 तालाबों के सुंदरीकरण और विकास से अहमद. ाबाद शहर की सुंद. रता में चार चांद लग जाएंगे। इतना ही नहीं, अहमदाबाद महानगर का सीवेज वाटर (इस्तेमाल किया हुआ गंदा पानी) सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के जरिए शुद्ध कर इन तालाबों में प्रवाहित करने से ये तालाब बारह महीने भरे हुए रहेंगे और आसपास के क्षेत्रों का भूमिगत जलस्तर भी ऊंचा उठेगा। मुख्यमंत्री ने महानगरों में रीयूज ऑफ ट्रीटेड वाटर (उपचारित जल का पुनर्उपयोग) के जिस दृष्टिकोण को अपनाने का आह्वान किया है, उसे इन तालाबों में रिसाइकल्ड वाटर यानी पुनर्शोधि ात जल भरकर महानगरपालिका साकार करेगी। राज्य सरकार ने इससे पूर्व जिन छह तालाबों को अहमदाबाद महानगरपालिका को शहर सौंदर्यीकरण के लिए सौंपा है उसमें वेजलपुर तहसील के सर्वे नं. 783 पर मौजूद 32,072 वर्गमीटर क्षेत्रफल का तालाब, वटवा के सर्वे नं. 907 पर स्थित वांदरवट तालाब, छारोड़ी के सर्वे नं. 251 पर स्थित सरकारी तालाब, गोता में सर्वे नं. 1 पर स्थित ग्राम तालाब, शीलज में ब्लॉक नं. 86 पर स्थित सरकारी तालाब और घाटलोडिया तहसील के सोला के सर्वे नं. 1 में मौजूद 37,194 वर्गमीटर क्षेत्रफल का ग्राम तालाब सोला शामिल है।

# पीएम मोदी 31 अक्टूबर को गुजरात में सी प्लेन सर्विस को दिखाएंगे हरी झंडी

अहमदाबाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरदार पटेल की जयंती पर गुजरात आ रहे हैं और इस अवस पर वह राज्य में सी प्लेन सर्विस को प्रारंभ करा सकते हैं। जानकारी के मुताबिक अहमदाबाद रिवरफ्रंट से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, शेत्रुंजय डैम और धरोई डैम के बीच सी प्लेन सर्विस शुरू करने की कवायद तेज की गई है। हांलाकि अक्टूबर में केवल दो रूट पर सी प्लेन सेवा का प्रारंभ होगा। अहमदाबाद के साबरमती रिवरफ्रंट से केवडिया के स्टैच्यू ऑफ यूनिटी और पालीताणा के शेत्रुंजय डैम के बीच सी प्लेन सर्विस शुरू की जाएगीद्य गुजरात में पहले चरण में साबरमती रिवरफ्रंट से केवडिया स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक 200 किलोमीटर पर सी प्लेन सेवा शुरू की जाएगी।

दूसरे चरण में साबरमती रिवरफ्रंट से पालीताणा के शेत्रुंजय डैम तक 250 किलोमीटर रूट पर सी प्लेन सेवा प्रारंभ होगी।

ये दोनों जगह पर्यटन की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण हैं,

इसलिए फिलहाल इन दोनों रूट को चुना गया हैद्य इन दोनों रूट पर आगामी अक्टूबर तक सी प्लेन सर्विस शुरू करने की दिशा में कवायद तेज कर दी गई हैद्य सी प्लेन योजना के तहत स्थानीय संपर्क बढाने के लिए 16 सी–प्लेन रूट तय किए गए हैंद्य गौरतलब है वर्ष 2017 के गुजरात विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की न सिर्फ चर्चा की थी, बल्कि अहमदाबाद की साबरमती रिवरफ्रंट से सी प्लेन में सवार होकर उत्तरी गुजरात के धरोई डैम गए थेद्य जहां से पीएम मोदी सड़क मार्ग से अंबाजी के दर्शन करने गए थे।

करीब ढाई साल बाद अब अहमदाबाद के साबरमती रिवरफ्रंट से सी प्लेन सर्विस शुरू होने जा रही है।

# गुजरात में कोरोना के 1282 नए केस, 1111 लोग डिस्चार्ज, 13 मरीजों की मौत

अहमदाबाद गुजरात में कोरोना की रफ्तार थम नहीं रही और पिछले कई दिनों से 1100 से अधिक पॉजिटिव केस दर्ज हो रहे हैं। बीते 24 घंटों में राज्य में 1282 नए केस सामने आए हैं और 13 मरीजों की कोरोना से मौत हो गई। जबकि 1111 लोगों को ठीक होने के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया है।

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटों में सूरत कॉर्पोरेशन में 181, अहमदाबाद कॉर्पोरेशन में 143, सूरत में 92, वडोदरा कॉर्पोरेशन में 89, जामनगर कॉर्पोरेशन में 88, राजकोट कॉर्पोरेशन में 79,

भावनगर कॉर्पोरेशन में 36, राजकोट में 36, वडोदरा में 35, पंचमहल में 34, कच्छ में 28, मोरबी में 28, अमरेली में 25, भ. ावनगर में 25, गिर सोमनाथ में 22, अहमदाबाद में 21, भरुच में 21, गांधीनगर में 21, मेहसाणा में 20, पाटन में 19, बनासकांठा में 18, दाहोद में 18, खेडा में 16, जूनागढ़ कॉर्पोरेशन में 15, गांधीनगर कॉर्पोरेशन में 14, जामनगर में 14, जूनागढ़ में 13, सुरेन्द्रनगर में 13, वलसाड में 13, तापी में 12, अरवल्ली में 11, नवसारी में 11, आणंद में 10, छोटाउदेपुर में 10, देवभूमि द्वारका में 9, नर्मदा में 9, साबरकांठा में 9, महीसागर में 8, बोटाद में 7, पोरबंदर में 5 और डांग में 4 समेत राज्यभर में कुल 1282 कोरोना पॉजिटिव केस सामने आएं हैं।

जबकि 1111 लोगों के ठीक होने के बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया है।

इस दौरान अहमदाबाद कॉर्पोरेशन में 3, राजकोट कॉर्पोरेशन में 2, सूरत कॉर्पोरेशन में 2, अमरेली में 1, गिर सोमनाथ में 1, मेहसाणा में 1, मोरबी में 1, जामनगर कॉर्पोरेशन में 1 और वडोदरा कॉर्पोरेशन में 1 समेत राज्य में कुल 13 मरीजों की कोरोना से मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज 74234 समेत अब तक राज्य में कुल 2195985 टेस्ट किए गए और उसमें 93883 कोरोना पॉजिटिव केस सामने आए।

इसमें से अब तक 75662 लोग कोरोना को मात देकर स्वस्थ हो गए हैं और 2991 मरीजों की मौत हो चुकी हैद्य शेष 15230 एक्टिव केसों में 15141 मरीजों की हालत स्थिर है और 89 मरीज वेन्टीलेटर पर हैंद्य राज्य के विभिन्न जिलों में आज की तारीख में 499371 लोगों को कोरन्टाइन किया गया है।

जिसमें 498853 होम कोरन्टाइन और 518 लोगों को फैसिलिटी कोरन्टाइन में रखा गया है।

# सौराष्ट्र के फोफल–1 जलाशय के लिए 83 करोड़ रुपए के पाइपलाइन के कार्यों को स्वीकृति

अहमदाबाद मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने सौराष्ट्र के धोराजी और उसके आसपास स्थित गांवों को पेयजल और सिंचाई की स्थायी सुविधाएं मुहैया कराने के उदार भाव के साथ फोफल–1 जलाशय के लिए 83 करोड़ रुपए के पाइप. लाइन के कार्यों को मंजूरी दी है।

मुख्यमंत्री द्वारा पाइपलाइन आगे बढ़ाने के कार्यों की स्वीकृति देने के परिणामस्वरूप फोफल–1 बांध को सरलता से पानी उपलब्ध होगा और 8 गांवों के 10 हजार एकड़ क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा सुदृढ़ बनेगी।

इतना ही नहीं, जाम. कंडोरणा और धोराजी के 52 गांवों की 1 लाख 80 हजार आबादी को पीने का पानी सुलभ होगाद्य इस क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री जयेशभाई रादड़िया ने फोफल–2 जलाशय के नीचले इलाके की पाइपलाइन को आगे बढ़ाकर फोफल–1 जलाशय में पानी भरने का मुद्दा मुख्यमंत्री के समक्ष रखा था,

जिस पर अनुकूल प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने 83 करोड़ रुपए की इस योजना को स्वीकृति दी है।

# कच्च में मेघ तांडव, अबडासा में 5 घंटों में 10 ईंच बारिश

अहमदाबाद (ईएमएस)द्य भारी से अतिभारी बारिश के अनुमान के बीच आज मेघ तांडव से कच्छ पानी पानी हो गयाद्य कच्छ जिले के अबडासा में केवल 5 घंटे में 10 ईंच मूशलाधार बारिश से सड़कें नाले में तब्दील हो गईंद्य अबडासा शहर में नदी की तरह पानी बहने से वाहन चालकों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

जबकि निचले इलाकों में जलजमाव ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं।

भारी बारिश होने से नदी, नाले और डैम ऑवरफ्लो हो गए हैं।

अबडासा तहसील के कई गांव भी जलमग्न हो गए हैं।

अबडासा के अलावा कच्छ के मुंद्रा में 4 ईंच, नखत्राणा में 3 ईंच, भुज और लखपत में 1–1 ईंच बारिश हुई।

मूशलाधार बारिश के चलते नखत्राणा के मथल के निकट नदी में बाढ़ आ गई हैद्य गुजरात में अब तक मौसम की औसत 110 प्रतिशत से अधिक बारिश हो चुकी है और 31 अगस्त तक राज्य में भारी से अतिभारी बारिश का मौसम विभाग ने अनुमान व्यक्त किया हैद्य राज्य में मौसम की सबसे अधिक बारिश 226.37 प्रतिशत बारिश हुई है।

जबकि सौराष्ट्र में 144.74 प्रतिशत, उत्तरी गुजरात में 96 प्रतिशत, दक्षिण गुजरात में 95.20 प्रतिशत और 81.59 प्रतिशत बारिश हो चुकी हैद्य राज्य में लगातार बारिश के चलते जलाशय छलकने लगे हैंद्य राज्य में 96 जलाशय 100 प्रतिशत भर चुके हैं।

जबकि 141 डैम हाईअलर्ट पर और 16 डैम अलर्ट पर हैद्य राज्य के कुल 206 जलाशयों में से सौराष्ट्र के 140 डैमों में 92.88 प्रतिशत पानी का संग्रह हुआ हैद्य कच्छ के 20 डैम में 77.49 प्रतिशत, उत्तरी गुजरात के 15 बांध में 55.68 प्रतिशत, मध्य गुजरात के 17 डैम में 86.22 प्रतिशत और दक्षिण गुजरात के 13 डैम में 77 प्रतिशत जलराशि उपलब्ध है।

गुजरात की जीवनदायिनी सरदार सरोवर नर्मदा बांध में 76.21 प्रतिशत पानी का संग्रह हुआ हैद्य मौसम विभाग के मुताबिक वेलमार्ग लो प्रेशर और साइक्लो. निक सर्क्युलेशन के कारण गुजरात में 31 अगस्त तक भारी से अतिभ. ारी बारिश होने की संभावना है।

# जुहापुरा से दो शख्स चरस के साथ गिरफ्तार

अहमदाबाद शहर की वेजलपुर पुलिस ने जुहापुरा क्षेत्र से दो शख्सों को चरस और वाहन के साथ गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की है। जानकारी के मुताबिक अहमदाबाद की वेजलपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि शहर के जुहापुरा क्षेत्र के सोनल सिनेमा रोड पर रहनेवाले जैनुल सैयद को जमालपुर निवासी मुनीरखान पठान चरस देने आने वाला है। सूचना के आधार पर वेजलपुर पुलिस ने जैनुल और मुनीर को उस वक्त गिरफ्तार कर लिया, जब दोनों जुहापुरा की भठिया गली में बैठे हुए थे। जैनुल और मुनीर की तलाश में 10 ग्राम चरस बरामद हुई। जैनुल ने पूछताछ में बताया कि मुनीर उसे चरस दी है। हांलाकि मुनीर ने चरस कहां से लाया था, इसकी जानकारी पुलिस को नहीं दी। पुलिस ने जैनुल और मुनीर को वाहन के साथ गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

# नर्मदा बांध का जलस्तर पहुंचा 131.25 मीटर पर, 23 गेट खोले गए

अहमदाबाद मध्य प्रदेश के ओमकारेश्वर बांध से 5 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से गुजरात के सरदार सरोवर नर्मदा बांध का जलस्तर 131.25 मीटर पर पहुंच गया है। लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए नर्मदा डैम के 23 दरवाजे खोले गए।

डैम से नर्मदा नदी में 3.65 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। जिसकी वजह से नर्मदा नदी के जलस्तर में लगातार इजाफा हो रहा है। जलस्तर बढ़ने से वडोदरा, भरुच और नर्मदा जिले के नदी किनारे के गांवों को अलर्ट कर दिया गया है। नर्मदा डैम का जलस्तर बढ़ने से रिवर बेड पावर हाउस के 6 टर्बाइन शुरू किए जाने के बाद शुक्रवार को मौसम में पहली बार डैम के 10 गेट 3 फूट तक खोले गएथे। जिसके बाद रात के दौरान और 15 गेट खोले गए। फिलहाल डैम के 23 दरवाजे खोल गए हैं और 3.65 लाख क्यूसेक पानी नर्मदा नदी में छोड़ा जा रहा है। डैम से पानी छोड़े जाने से गोरा गांव के ब्रिज पानी में डूब गया है। भरुच शहर के नर्मदा किनारे स्थित गोल्डन ब्रिज और वेजलपुर की बहुचराजी मंदिर के निकट झुग्गी बस्ती को खाली करवा दिया गया है। नर्मदा नदी का जलस्तर बढ़ने से भरुच जिले के 35 गांवों को अलर्ट किया गयाहै। अंकलेश्वर, झगडिया और भरुच तहसील में नदी किनारे के लोगों को सतर्क रहने की प्रशासन ने चेतावनी दी है। भरुच में नर्मदा नदी का जलस्तर 22 फूट को पार कर जाता है तो भरुच में बाढ़ आ सकती हैद्य गौरतलब है कि पिछले साल नर्मदा डैम के जलस्तर 135 मीटर पर पहुंचने पर डैम के सभी 30 दरवाजे खोले गए थेद्य गत 11 सितंबर को डैम के 30 दरवाजे खोले जाने के बाद वडोदरा, भरुच, नर्मदा जिले को अलर्ट किया गया थाद्य इस साल भी इन तीनों को जिलों को अलर्ट कर दिया गया है और नर्मदा जिले के अधिकारियों को मुख्यालय नहीं छोड़ने का आदेश दिया गया है।

इन तीन जिलों में बाढ़ के हालात में निचले इलाकों से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की प्रशासन तैयारी कर ली है।

# ऊपरी हिस्से से नर्मदा डैम में 5 से 8 लाख क्यूसेक पानी आने की संभावना

अहमदाबाद भारी बारिश के चलते ऊपरी हिस्से से सरदार सरोवर नर्मदा बांध में 5 से 8 लाख क्यूसेक पानी आने की संभावना है। शनिवार को मध्य प्रदेश के इंदिरा सागर डैम और ओमकारेश्वर डैम से करीब 5 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से सुबह 8 बजे सरदार सरोवर डैम का जलस्तर 131.28 मीटर पर पहुंच गया है।

नर्मदा डैम के अधिशाषी अभियंता अशोक गज्जर के मुता. बिक जलस्तर बढ़ने के बाद डैम से 15 गेट 3.13 मीटर तक नर्मदा नदी में पानी छोड़ा रहा है।

शनिवार की सुबह 11 बजे डैम के 23 गेट 2.85 मीटर तक खोले गए और 4.10 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया।

नर्मदा डैम में फिलहाल इनफ्लो 3.76 लाख क्यूसेक दर्ज हुआ हैद्य शनिवार शाम 4 बजे तक नर्मदा डैम का जलस्तर 131.15 मीटर रिकार्ड हुआ है।

ऊपरी हिस्सों में हो रही भारी बारिश के चलते करीब 5 से 8 लाख क्यूसेक जितना पानी सरदार सरोवर नर्मदा बांध में आने की संभावना है।

जिसे ध्यान में रखते हुए डैम के दरवाजे 2.85 मीटर से अधि ाक ऊंचाई तक खोले जाएंगेद्य

# ऑइल बैरल की आड़ में शराब की तस्करी, हरियाणा के दो शख्स गिरफ्तार

राजकोट लोकल क्राइम ब्रांच ने ऑइल बैरल की आड में शराब की तस्करी का पर्दाफाश करते हुए हरियाणा के दो शख्सों को गिरफ्तार कर लियाद्य पुलिस आ. ॅइल बैरल में छिपाई गई 16 लाख की कीमत की विदेशी शराब भी बरामद की है। अब तक दूध के टैंकर, अनाज से लदे ट्रक, कार या अन्य वाहनों में चोर खाना बनाकर शराब की तस्करी की कई घटनाएं सामने आई हैं। लेकिन ऑइल बैरल में चोर खाना बनाकर शराब तस्करी के तरीके से पुलिस भी चौंक उठी है। जानकारी के मुताबिक राजकोट लोकल क्राइम ब्रांच ने पूर्व सूचना के आधार पर शापर वेरावल से ऑइल बैरल से लदे ट्रक को रोका। पहली नजर में ट्रक में ऑइल बैरल लदे हुए थेद्य लेकिन ट्रक से एक बैरल उतारकर उसकी जांच करने पर पुलिस चौंक पड़ीद्य बैरल खाली थे और उसमें चोर खाना बनाकर विदेशी शराब छिपाई गई थी। बैरल में लोहे की प्लैट बोल्ट से फीट की गई, जिसके नीचे शराब छिपाकर तस्करी की जाती थीद्य शराब बरामद होने के बाद पुलिस ने हरियाणा के सुरेन्द्र गोरा और राजकुमार बैरागी को गिरफ्तार कर लियाद्य साथ ही रु. 16 लाख कीमत की विदेशी शराब, लोहे के बैरल और ट्रक समेत रु. 26 लाख का माल सामान जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

# जुआ, साइबर अपराध, अवैध सूदखोरी एवं महिला उत्पीड़न जैसे अपराधों में लागू होगा पासा का कड़ा कानून

**पासा एक्ट में होगा अहम संशोधनः आगामी कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री रखेंगे अध्यादेश का प्रस्ताव**

अहमदाबाद (ईएमएस)द्य मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने गुजरात की शांत, सलामत और सुरक्षित राज्य की अनोखी पहचान को ज्यादा मजबूती के साथ आगे बढ़ाने की मंशा के साथ पासा (प्रिवेंशन ऑफ एंटी सोशल एवि. टविटीज एक्ट) यानी असामाजिक गतिविधि रोकथाम कानून में महत्वपूर्ण सुधार करने का निर्णय किया है। मुख्यमंत्री ने पासा एक्ट का दायरा बढ़ाकर अब साइबर अपराध में संलिप्त और अवैध ब्याज की वसूली करने वाले सूदखोरों सहित शारीरिक हिंसा और धमकी जैसे मामलों तथा लैंगिक अपराध ाों (यौन हिंसा) जैसी असामाजिक प्रवृत्तियों को भी इसमें शामिल करते हुए ऐसे अपराधियों को सख्त सजा दिलाने के लिए पासा एक्ट में संशोधन करने का अडिग संकल्प किया है। मुख्यमंत्री राज्य के विकास को बुलंदी पर पहुंच. ाकर उत्तम से सर्वोत्तम गुजरात के निर्माण की बुनियाद में मजबूत कानून व्यवस्था स्थापित करने के प्रखर हिमायती रहे हैं। विजय रूपाणी वर्तमान साइबर तकनीक से संबंधित अपराधों सहित तेजी से बढ़ रहे यौन अत्याचार जैसे अपराध ाों पर लगाम कसने के लिए पासा एक्ट में संशोधन के लिए अध्यादेश का प्रस्ताव राज्य मंत्रिमंडल की आगामी बैठक में रखेंगे। राज्य में असामाजिक तत्वों की प्रवृत्तियों पर अंकुश लगाने के लिए वर्ष 1985 से ही गुजरात प्रिवेंशन ऑफ एंटी सोशल एक्टीविटीज एक्ट (पासा) लागू है। इस अधिनियम के प्रावध ाानों के अनुसार भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और आर्म्स एक्ट के तहत अपराध करने वाले व्यक्ति, खतरनाक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्ति, निजी एवं सरकारी संपत्ति हड़पने वाले भूमाफिया, मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले, जुए का अड्डा चलाने वाले, जिस्मफरोशी जैसे अनैतिक व्यापार से जुड़े अपराधी, गोवंश की हत्या और गोमांस की तस्करी या बिक्री करने वाले तथा शराब का अवैध कारोबार करने वाले बूटलेगर जैसे व्यक्तियों के खिलाफ पासा एक्ट के प्रावधानों का उपयोग कर हिरासत में लिया जा सकेगा। अब, तेजी से बदलती आधुनिक तकनीक के चलते अपराध की प्रवृत्तियों में भी तकनीक आधारित अपराधों यानी साइबर अपराध के मामले निरंतर बढ़ रहे हैं साथ ही यौन उत्पीड़न से संबंधित अपराधों में भी बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में, इन तमाम अपराध ाों पर अंकुश लगाने में पासा एक्ट के प्रावधानों में यह संशोधन अमोघ अस्त्र साबित होगा। मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के दिशा–निर्देश में पासा एक्ट के प्रावधानों में जो संशोधन किए जाने हैं उसमें टेक्नोलॉजी के जरिए अंजाम दिए जाने वाले साइबर अपराधों के तहत आईटी अधिनियम 2000 के अंतर्गत यदि कोई भी व्यक्ति दंडनीय अपराध करता है या ऐसा अपराध करने का प्रयास करता है या फिर उस अपराध में सहायक होता है, तो ऐसे व्यक्ति को पासा एक्ट के प्रावधान में शामिल किया गया है। जुए की गतिविधि के संदर्भ में पासा एक्ट में पहले ऐसा प्रावधान था कि सजा मिलने के तीन वर्ष के भीतर व्यक्ति दोबारा अपराध करता था तो पासा की कार्यवाही की जाती थी। मुख्यमंत्री ने राज्य में जुए की सामाजिक बुराई पर सख्ती से रोक लगाने और जुए की गतिविधियों के कारण परिवारों के आर्थिक रूप से बर्बाद होने के मामलोंपर अंकुश लगाने के लिए अब इन प्रावधानों में भी संशोधन करने का निश्चय किया है। इसके अनुसार पासा एक्ट को और अधिक सख्त बनाकर तीन वर्ष के भीतर अपराध दोहराने पर सजा के प्रावधान को रद्द कर अब कभी भी जुए का अपराध करने वाले के खिलाफ पासा एक्ट लागू किया जाएगा। इसके अलावा, पासा एक्ट में जो नए प्रावधान शामिल किए गए हैं उसमें साहूकारी संबंध ाी अपराध करने वाले की व्याख्या करने वाले पुराने अधिनियम के प्रकरण–9 के अंतर्गत दंडनीय अपराध करने वाला, अपराध का प्रयास करने वाला या उसमें मदद करने वाला, कर्ज या उसका ब्याज या उसकी किस्त वसूलने या कर्ज के लेनदेन के साथ जुड़ी चल या अचल संपत्ति पर कब्जा करने के मकसद से शारीरिक हिंसा का प्रयोग करना या उसके लिए ध ाौंस, धमकी देना या ऐसे व्यक्ति की ओर से किसी और व्यक्ति के मार्फत काम कराने के मामलों का भी सजा पात्र प्रावधानों में समावेश किया गया है। राज्य में यौन अपराधों पर लगाम कसने और महिलाओं को ज्यादा सुरक्षित करने के उद्देश्य से पासा के कानून में पूर्व के प्रावधानों में विस्तार किया गया है। भारतीय फौजदारी अधिनियम 1860 की विभिन्न धाराओं तथा पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत दंडनीय अपराध करने पर या अपराध का प्रयास करने या उसमें मदद करने वाले व्यक्तियों का अब पासा एक्ट के तहत सजा पात्र प्रावधानों में अलग से समावेश किया गया है। इस अधिनियम में संशोधन होने से जुए की गतिविधि में शामिल, सा. इबर अपराधी, सूदखोरी तथा यौन उत्पीड़न में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ पासा की कार्यवाही हो सकेगी। इस अधिनियम के वर्तमान प्रावधान के अनुसार भारतीय दंड संहिता के अध्याय–16 और 17 में दर्शाये गए अपराधों को करने वाले व्यक्ति के खिलाफ खतरनाक श्रेणी में पासा की कार्यवाही की जाती थी। उसमें अब अध्याय– 8 या 16 (धारा–354, 354 (ए), 354 (बी), 354 (सी), 354 (डी), 376, 376 (ए), 376 (बी), 376 (सी), 376 (डी) या 377 को छोड़कर) अथवा अध्याय– 17 या अध्याय– 22 में दर्शाये अपराध को करने वाले के खिलाफ भी पासा की कार्यवाही संभव हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने राज्य में असामाजिक तत्वों व अपराधियों के खिलाफ सख्ती से पेश आने का संकल्प जताया है। पुलिस हमेशा जनता के साथ खड़ी है और जनता के हित में कार्यरत




स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर, सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1



## रिया चक्रवर्ती को सुरक्षा देगी मुंबई पुलिस, सीबीआई के कहने पर घर के बाहर तैनात हुए पुलिसकर्मी

**नेशनल डेस्क।** अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मामले की जांच कर रही सीबीआई के कहने पर मुंबई पुलिस ने अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को पुलिस सुरक्षा मुहैया कराई है। रिया पर अभिनेता को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि सीबीआई ने शनिवार को शहर पुलिस से यह अनुरोध किया था। सीबीआई ने रिया से उपनगर सांताक्रूज में डीआरडीओ के गेस्ट हाउस में शुक्रवार को पूछताछ की थी। अभिनेत्री से फिर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि केन्द्रीय जांच एजेंसी के अनुरोध पर हमने रिया को सुरक्षा मुहैया कराई है। रिया ने हाल ही में एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था कि उनके और उनके परिवार के सदस्यों को खतरा है। रिया ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया था जिसमें उनके पिता को उनकी इमारत परिसर के बाहर मीडिया ने घेर रखा था। रिया ने साथ ही कहा था कि इस स्थिति में वह जांच एजेंसियों के साथ सहयोग के लिए अपने घर से बाहर भी नहीं जा पा रही हैं। बता दें कि सीबीआई ने शुक्रवार को रिया चक्रवर्ती से 10 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी। पहली बार सीबीआई के सामने पेश हुईं रिया रात नौ बजे के बाद सांताक्रूज में डीआरडीओ अतिथि गृह से रवाना हुईं थी। उन्हें दोबारा पेश होने के लिये कहा गया था।

## जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों ने जैश-ए-मोहम्मद के ठिकाने का भंडाफोड़ किया

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षा बलों ने जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकी ठिकाने का शुक्रवार को भंडाफोड़ किया । पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि दक्षिण कश्मीर के इस जिले के अंवतीपोरा इलाके के ताकिया गुलबाग त्राल क्षेत्र में प्रतिबंधित संगठन के आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के बाद सुरक्षा बलों ने यहां तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि इलाके की तलाशी के दौरान जैश के एक ठिकाने का पता चला जिसे बाद में नष्ट कर दिया गया । प्रवक्ता ने कहा कि सुरक्षा बलों को यहां से आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।सुरक्षा बलों को यहां से आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है।

## देश में 28 अगस्त तक चार करोड़ से अधिक कोरोना नमूनों की जांच

**नई दिल्ली।** देश में वैश्विक महामारी कोविड-19 पर नियंत्रण करने के लिये परीक्षण का दायरा निरंतर बढ़ाया जा रहा है और 28 अगस्त तक कुल जांच का आंकड़ा चार करोड़ को पार कर गया । भारतीय चिकित्सा अनुंसधान परिषद (आईसीएमआर) की तरफ से शनिवार को जारी आंकड़ों में बताया गया कि 28 अगस्त तक देश भर में कोरोना वायरस के कुल चार करोड़ 40 लाख 6609 नमूनों की जांच की जा चुकी है। परिषद के अनुसार 28 अगस्त को नौ लाख 28 हजार 761 नमूनों की जांच की गई। देश में 21अगस्त को रिकार्ड दस लाख 23 हजार 836 कोरोना जांच की गई थीं और एक दिन में दस लाख से अधिक संक्रमण परीक्षण करने वाला विश्व में तीसरा देश था। उधर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार मंत्रालय के आज जारी आंकड़ो में देश में कोरोना वायरस के मामले नहीं कम नहीं हो रहे हैं । स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से शनिवार सुबह जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में पिछले 24 घंटों में संक्रमण के 76,472 नए मामले सामने आए और कुल मरीजों की संख्या 34,63,973 पर पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में सक्रमण से 1021 संक्रमितों की और मौत हुई और मृतकों की कुल संख्या 62550 हो गई। संक्रमण से अब तक 26,48,998 मरीज ठीक हो चुके हैं।कोरोना से स्वस्थ होने का रिकवरी रेट मामूली बढ़ोतरी के साथ 76.47 फीसदी पर पहुंच गया है। पॉजिटिविटी रेट 8.23 प्रतिशत है। देश में कोरोना के फिलहाल सक्रिय मामले सात लाख 52 हजार 424 हैं। कोरोना से स्वस्थ होने का रिकवरी रेट मामूली बढ़ोतरी के साथ 76.47 फीसदी पर पहुंच गया है। पॉजिटिविटी रेट 8.23 प्रतिशत है। देश में कोरोना के फिलहाल सक्रिय मामले सात लाख 52 हजार 424 हैं।

## अनलॉक-4 में 'आजाद' होगी दिल्ली!



**नई दिल्ली ।** दिल्ली में मेट्रो, जिम और योग सेंटर अभी बंद हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अनलॉक-3 में इन्हें अनुमति नहीं दी थी। मगर दिल्ली सरकार अनलॉक-4 में सबकुछ खोलने को तैयार है। सरकार चाहती है, सख्त नियमों के साथ दिल्ली में सभी मामलों में छूट दी जाए। दिल्ली सरकार इस मामले में केंद्र के कदम का इंतजार कर रही है। दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि दिल्ली सरकार ने खासकर मेट्रो का संचालन शुरू करने के लिए एक बार फिर केंद्र से अनुरोध किया है। हालांकि सरकार अभी 31 अगस्त तक दिल्ली की स्थिति देखेगी। उसके बाद समीक्षा कर निर्णय लेगी। अगर कोरोना के मामले बढने् बंद हो गए तो सरकार को सब कुछ खोलने की अपनी रणनीति के तहत फैसला लेना आसान रहेगा। जिम, योग सेंटर, सिनेमा हॉल और बार आदि दिल्ली में अभी बंद हैं। अभी बसों में 20 सवारियों की ही है इजाजत है। ट्रायल के तौर पर साप्ताहिक बाजारों को शुरू किया गया है, मगर नियमित तौर पर खोलने के लिए अभी अनुमति नहीं मिल सकी है। जिस दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा इस बारे में फैसला लेना है। उसके चेयरमैन उपराज्यपाल हैं। 31 जुलाई को दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच विवाद हो चुका है। कोरोना महामारी के मद्देनजर 25 मार्च से लागू देशव्यापी लॉकडाउन को खोलने के दूसरे चरण की शुरुआत अनलॉक-दो के नाम से 1 जुलाई से हुई थी। अनलॉक के दूसरे चरण से मास्क पहनना, सामाजिक दूरी के नियमों का पालन करना अनिवार्य है जो अभी भी जारी रहेगा। अनलॉक 2 में सख्त नियमों के साथ मेट्रो के चलाने के पक्ष में दिल्ली सरकार थी। दिल्ली सरकार ने कहा था कि वह उस पक्ष में है कि अब मेट्रो जनता के लिए खोल दी जानी चाहिए। दिल्ली सरकार का कहना है कि मेट्रो न चलने से जनता को परेशान होना पड़ रहा है। अब केंद्र को मेट्रो को लेकर अनुमति दे देनी चाहिए।

# 'लव जिहाद' मामले में सख्त हुई योगी सरकार-लड़कियों को धोखे में रखकर शादी करने वालों पर होगी कड़ी कारवाई

**लखनऊ।**

लड़कियों को धोखे में रखकर शादी करने वालों के खिलाफ यूपी सरकार सख्त कार्रवाई करने जा रही है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृह एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को प्रदेश में लव जेहाद की घटनाएं रोकने को कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पहचान छिपाकर बहलाने-फुसलाने या ब्लैकमेल करके धर्मांतरण कराने की कोशिशों पर सख्त कार्रवाई की जाए। महिलाओं का उत्पीडऩ या उनके साथ हिंसा की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शुक्रवार को अफसरों के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने हाल के दिनों में सामने आई महिला उत्पीडऩ की घटनाओं पर नाराजगी जताई। इस दौरान मेरठ, कानपुर और लखीमपुर खीरी में धोखे से लड़कियों को प्रेमजाल में फंसाने की घटनाओं की भी समीक्षा की गई। इसमें लखीमपुर खीरी व मेरठ में लड़कियों की हत्या भी कर दी गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी घटनाएं रोकने के लिए व्यापक कार्ययोजना बनाई जाए। ऐसी सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी व डीजीपी एचसी अवस्थी समेत अन्य वरिष्ठ अफसर मौजूद रहे। बता दें कि हाल ही में कानपुर की रहने वाली शालिनी यादव नामक युवती ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल कर धर्म परिवर्तन कर अपनी मर्जी से निकाह करने की बात कही है। इस मामले को लेकर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने युवक पर जबरन धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाते हुए किदवई नगर थाने के बाहर हंगामा किया। उन्होंने युवती को बरामद करने और आरोपित युवक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की मांग की थी। बर्रा-6 निवासी शालिनी यादव ने 29 जून को परीक्षा के बहाने घर से भागकर लाल कॉलोनी के मोहम्मद फैसल से गाजियाबाद में धर्म परिवर्तन कर निकाह किया था। शालिनी के परिजन मामले को लेकर फैसल और उसके परिजनों के खिलाफ किदवई नगर थाने में मुकदमा दर्ज करा चुके हैं। रविवार दोपहर विश्व हिंदू परिषद के संयोजक दिलीप सिंह के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने किदवई नगर थाने के बाहर हंगामा और नारेबाजी की। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि फैसल ने शालिनी का जबरन धर्म परिवर्तन कराकर उससे निकाह किया है।

इसलिए पुलिस शालिनी को तत्काल फैसल के चंगुल से मुक्त कराए और उसे परिजनों को सौंप दे। इसके साथ ही जबरन धर्म परिवर्तन के आरोप में फैसल को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। सीएम योगी के मीडिया सलाहकार मृत्युंजय कुमार ने कहा कि राज्य के अलग-अलग हिस्सों से लव जिहाद के मामले बढ़ रहे हैं।

## खाद की कालाबाजारी करने वाले 17 डीलरों पर गिरी गाज, लाइसेंस निरस्त



**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा में खाद की कालाबाजारी को लेकर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए 17 डीलरो के लाइसेंस निरस्त कर दिये गये है । जिला कृषि अधिकारी अभिनंदन सिंह ने शनिवार को बताया कि खाद वितरण में गड़बड़ी करने के आरोप में 17 डीलरों के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए है । करीब डेढ़ दर्जन डीलर अभी जांच के घेरे में हैं । दूसरी ओर इटावा में 20 समिति बीते दो दशक से बंद होने से वितरण में दिक्कत है। इसके बावजूद प्रशासन ने अन्य व्यवस्थाएं करके खाद वितरण कार्य बेहतर करने के सार्थक प्रयास कर रहा है। उप निदेशक कृषि प्रसार डा. ए.के.सिंह ने बताया कि जिले में लक्ष्य के सापेक्ष खाद का भंडार काफी अधिक है। वितरण व्यवस्था दिन प्रतिदिन सही कराई जा रही है। लगातार कई टीमें छापामार कार्रवाई कर रही है जिससे काफी हद तक सुधार हो रहा है। सहायक निबंधक सहकारिता सुरेश कुमार ने बताया कि किसी समिति पर सचिव या भवन नहीं होने तथा कई डिफाल्टर होने से जनपद के ब्लॉक जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र बसरेहर 11, सैफई 8, जसवंतनगर 7, बढ़प्रा 6, चकरनगर 5, महेवा 4, भरथना 4 तथा ताखा में 2 समितियों पर एवं इफ्को व कृभको द्वारा जसवंतनगर और नवीन मंडी इटावा में एक-एक केंद्र पर खाद वितरित की जा रही है। 38 हजार 222 बोरी यूरिया स्टॉक में है जबकि 2600 मीट्रिक टन की रैक आने वाली है। इससे खाद की कतई कमी नहीं है।

## बड़ी बेआबरू होकर 'अन्ना दरबार' से निकली बीजेपी

**नई दिल्ली ।**

भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में रामलीला मैदान से बिगुल फूंकने वाले वरिष्ठ समाज सेवी अन्ना हजारे के पत्र ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता और उनके सलाहकारों के लिए मुसीबत बढ़ा दी है। अन्ना ने साफ शब्दों में कहा कि वर्तमान समय में देश की कोई भी पार्टी देश को उज्जवल भविष्य दे पाएगी, ऐसा उन्हें नहीं लगता है। उन्होंने किसी भी आंदोलन में फिर से दिल्ली आने की बात को सिरे से नकारते हुए आदेश गुप्ता के उस दावे को भी झूठा करार दे दिया, जिसमें गुप्ता ने कहा था कि अन्ना उनके जन आंदोलन में दिल्ली सरकार के विरुद्ध साथ देंगे। अन्ना ने पत्र में यह कहकर भी प्रदेश भाजपा संगठन और अध्यक्ष को सलाह देने वालों की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़ा किया कि भाजपा की तरफ से कोई खत उन्हें 24 अगस्त को लिखा गया है। उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी भी उनको मीडिया से मिली है। हैरत की बात यह है कि शुरू में इस जवाबी पत्र को भाजपा के पदाधिकारी फर्जी साबित करने का प्रयास करते दिखे। लेकिन जब अन्ना हजारे ने अपने फेसबुक अकाउंट पर भी पत्र डाल दिया तो फिर अलग ही राग अलापने में पीछे नहीं रहे। अन्ना ने अपने पत्र में अफसोस जताते हुए मोदी सरकार से लेकर दिल्ली और देश के मौजूदा राजनीतिक हालात पर कहा कि आपकी भारतीय जनता पार्टी देश की सत्ता पिछले छह साल से अधिक समय से संभाल रही है। उन्होंने खुद को एक फकीर बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी निशाना साधने से गुरेज नहीं किया। उन्होंने कहा कि विश्व में सबसे अधिक युवा सहित सदस्य संख्या का दावा करने वाली पार्टी अन्ना हजारे जैसे फकीर आदमी को दिल्ली में आंदोलन करने के लिए बुला रहे हैं, इससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण बात और क्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि केन्द्र में आपकी सरकार है। दिल्ली सरकार के भी कई विषय केन्द्र सरकार के अंतर्गत है। सीबीआई व दिल्ली पुलिस केन्द्र सरकार के नियंत्रण में है। उन्होंने सवाल किया कि भ्रष्टाचार निर्मूलन के लिए कठोर कदम केन्द्र सरकार ने उठाए ऐसा दावा हमेशा प्रधानमंत्री करते हैं। अगर ऐसा है और अगर दिल्ली सरकार ने भ्रष्टाचार किया है तो क्यों उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई आपकी ही सरकार नहीं करती? या भ्रष्टाचार निर्मूलन के केन्द्र सरकार के सब दावे खोखले हैं? अन्ना हजारे ने दो टूक कहा कि उनका मकसद है कि लोगों को भ्रष्टाचार से राहत मिले, लेकिन देश में मौजूदा समय में सत्ता से पैसा और पैसों से सत्ता इसी चक्र में पार्टियां लगी हुई हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता कोई भी पक्ष की हो, जब तक व्यवस्था बदलाव नहीं होगा, तब तक लोगों को राहत नहीं मिलेगी। ऐसे में दिल्ली आकर किसी आंदोलन में उनके शामिल होने से भी कोई फर्क नहीं पडने् वाला।



इस जवाबी खत पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने बाद ने बयान जारी करके कहा कि भाजपा दिल्ली में केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार अपनी आवाज उठाती रही है और आने वाले दिनों में पार्टी इस आंदोलन को दिल्ली की सड़कों तक ले जाएगी। इसी मकसद से भाजपा ने अन्ना हजारे को पत्र लिखकर भ्रष्टाचार के आंदोलन को और तेज करने के लिए उनके शामिल होने के लिए अनुरोध किया था।

## हीबा- कश्मीर की मेकअप इंडस्ट्री में उभरता नाम, महिलाओं के लिए बन रही है प्रेरणा



**श्रीनगर।**

केन्द्र प्रशासित जम्मू कश्मीर में युवा व्यवसाई अपने काम का ढंका बजवाने मे पीछे नहीं हैं। नये आडिया और काम को लेकर नई तकनीकों का प्रयोग करने में माहिर हो गये हैं। ऐसा ही एक नाम हे हीबा। कश्मीर की मेकअप इंडस्ट्री में हीबा का हुनर बोलता है। दुल्हनों को सुन्दर बनाने का काम ही नहीं करती हैं बल्कि एक तरह से वो हर उस महिला का सपना सच करती हैं जो अपने स्पेशल दिन पर स्पेशल लगना चाहती है। हीबा का सफर इंस्टाग्राम पर एक पेज के जरिये शुरू हुआ जिसका नाम है मेकअप एंड स्ले। उसे बहुत प्रशंसा मिली और यहीं से उसने अपना मेकअप स्टूडियो बना डाला। फेसबुक पर भी उसका अपना एक पेज है। यह कश्मीरी महिला सोशल जगत की एक एक्टिव मेम्बर है और दुल्हनों की तस्वीरें शेर करती है और काम को लेकर वाहवाही लूटती है। उसने कहा कि वो हमेशा से इसी काम को चाहती थी। मैं इस काम को बहुत पंसद करती थी और अपनी बहनों पर इसका प्रयोग करती थी। बचपन में मैं चेहरे बनाती थी और उनको डेकोरेट करती थी। मुझे पता था कि मै कर सकती हूं। उसने कहा कि समाज में मेकअप आर्टिस्ट को हीन भावना से देखा जाता है ।

खासकर मुख्यधारा वाले समाज में क्योंकि स्भाव ही ऐसा है पर मैने कुछ समय में इसमें काफी नाम कमाया है और मुझे इस बात की खुशी है। उन्होंने कहा कि कई लोगों ने मुझे कहा कि यह काम सही नहीं है और मैं समय बर्बाद कर रही हूं। अभी भी कहते हैं कि मुझे नौकरी करनी चाहिये। मैं कहती हूं कि वो करो जो मन है और उम्मीद है कि महिलाएं वो कर पाएं जिसका उन्हें शौक है। उन्होंने कहा कि मैं भविष्य में ब्लाग शुरू करना चाहूंगी।

## शेयर, बांड जारी कर 4,500 करोड़ रुपये तक की पूंजी जुटायेगा जम्मू एंड कश्मीर बैंक

**नयी दिल्ली ।** सरकारी क्षेत्र के जम्मू एंड कश्मीर बैंक ने इक्विटी शेयर और बांड जारी कर 4,500 करोड़ रुपये तक की पूंजी जुटाने की योजना बनायी है। बैंक ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। बैंक ने शेयर बाजारों को बताया कि उसके निदेशक मंडल ने राइट्स इश्यू, तरजीही आवंटन, निजी नियोजन, पात्र संस्थागत नियोजन, ईएसपीएस या किसी अन्य अनुमोदित माध्यम से एक या अधिक किश्तों में 3,500 करोड़ रुपये तक की इक्विटी शेयर पूंजी जुटाने की मंजूरी दी है। निदेशक मंडल ने गैर-परिवर्तनीय, प्रतिदेय, असुरक्षित, बेसल- के अनुरूप, टिअर- बांड को निजी प्लेसमेंट के आधार पर डिबेंचर के रूप में जारी कर 1,000 करोड़ रुपये तक की पूंजी बढ़ाने की भी मंजूरी दी। कर 1,000 करोड़ रुपये तक की पूंजी बढ़ाने की भी मंजूरी दी। उसने कहा कि अभी इस योजना को शेयरधारकों की मंजूरी मिलना शेष है।

## कोरोना काल में हुए घाटे के बाद कारोबारी ने लगाई फांसी, सुसाइड नोट में लिखी बात...

**भोपाल।**

वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के कारण आर्थिक मंदी से जूझ रहे एक व्यापारी ने एमपी नगर जोन-2 स्थित अपने दफ्तर में फांसी लगा ली। उसके दफ्तर में लगे सीसीटीवी कैमरे में खुदकुशी से पहले के कुछ फोटो सामने आए हैं जिनमें वह फांसी लगाने की तैयारी करता नजर आया है। इसके साथ ही एमपी नगर पुलिस को उसके दफ्तर से एक सुसाइड नोट भी मिला है जिसमें उन्होंने कोरोना संकर्मण के कारण व्यापार में हुए तगड़े घाटे का जिक्र किया है। उन पर करीब 30 लाख रुपए का कर्ज भी हो गया था। उन्होंने लिखा है कि मैं न अच्छा बेटा, न पिता और न सफल व्यापारी ही बन पाया हूं। जानकारी के अनुसार, मूलत गुना के रहने वाले 33 वर्षीय राकेश चौरसिया तुलसी विहार, अवधपुरी में रहते थे। उनके साथ पिता रामचरण, पत्नी सुमन, तीन साल का एक बेटा और एक साल की बेटी रहते थे। राकेश का सीएचटी मल्टीटेक प्राइवेट लिमिटेड फर्म था। जानकारी के अनुसार, मूलतः गुना के रहने वाले 33 वर्षीय राकेश चौरसिया तुलसी विहार, अवधपुरी में रहते थे। उनके साथ पिता रामचरण, पत्नी सुमन, तीन साल का एक बेटा और एक साल की बेटी रहते थे। राकेश का सीएचटी मल्टीटेक प्राइवेट लिमिटेड फर्म था। जिसमें गैस सेफ्टी डिवाइस और खेती से जुड़े उपकरणों की सप्लाई होती थी। मामले की जांच कर रहे टीआई सूर्यकांत अवस्थी ने बताया कि राकेश का दफ्तर आर्य भवन के पीछे, एमपी नगर जोन-2 स्थित बिल्डिंग की पहली मंजिल पर है। गुरुवार शाम उन्होंने अपने कर्मचारी मयंक से कहा कि तुम घर जाओ, मैं थोड़ी देर से जाऊंगा। इसके कुछ देर बाद पत्नी को फोन किया और कहा कि आने में थोड़ी देर लगेगी। इसके बाद उन्होंने दफ्तर में बैठकर थोड़ी शराब पी, एक कागज पर कुछ लिखा, फिर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

शुक्रवार सुबह 10 बजे जब मयंक दफ्तर पहुंचा तो उसने राकेश को फंदे पर लटका देख परिवार को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस को घटनास्थल से दो पेज का सुसाइड नोट मिला है। इसमें उन्होंने कोरोना काल में व्यापार में हुए घाटे पुलिस जांच में पता चला है कि कारोबारी पर करीब 30 लाख रुपए का कर्ज भी हो गया था।

# यमुना खतरे के निशान के करीब बह रही; जल स्तर घटने की संभावना

**नई दिल्ली।**

दिल्ली में यमुना शनिवार सुबह भी खतरे के निशान के करीब बहती रही, लेकिन जल स्तर के घटने की संभावना है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग के एक अधिकारी ने कहा, पुराना रेल पुल पर सुबह 10 बजे जल स्तर 204.23 मीटर था। शुक्रवार को शाम 5 बजे 204.41 मीटर और गुरुवार सुबह 10 बजे 203.77 मीटर था। हरियाणा के यमुनानगर जिले के हथनीकुंड बैराज से सुबह 8 बजे 7,173 क्यूसेक की दर से यमुना में पानी छोड़ा जा रहा था। शुक्रवार को शाम 4 बजे प्रवाह दर 13,871 क्यूसेक थी, जो पिछले 24 घंटों में अधिकतम थी।



अधिकारी ने कहा, पिछले दो दिनों में प्रवाह दर 10,000 क्यूसेक से 25,000 क्यूसेक के बीच बनी हुई है, जो बहुत अधिक नहीं है। एक क्यूसेक 28.32 लीटर प्रति सेकंड के बराबर होता है। बैराज से छोड़ी गई पानी को आम तौर पर राजधानी तक पहुंचने में दो-तीन दिन लगते हैं। इसी बैराज से दिल्ली को पीने का पानी प्रदान किया जाता है। एक क्यूसेक 28.32 लीटर प्रति सेकंड के बराबर होता है। बैराज से छोड़ी गई पानी को आम तौर पर राजधानी तक पहुंचने में दो-तीन दिन लगते हैं। इसी बैराज से दिल्ली को पीने का पानी प्रदान किया जाता है।

अधिकारी ने बताया कि दिल्ली और आस-पास के क्षेत्रों में बारिश के कारण शुक्रवार को जल स्तर बढ़ गया। पूर्वी दिल्ली जिला प्रशासन ने स्थिति पर नजर रखने के लिए दो गोताखोरों के साथ 24 नौकाएं तैनात की हैं। अधिक नावें और गोताखोरों की टीम को तैयार रखा गया है।

## कर्ज उतारने के लिए नानी ने 30 दिन की बच्ची लगा दी दांव पर, 1 लाख में किया सौदा



**नेशनल डेस्क।** आज के दौर में पैसे के आगे रिश्ते फीके पड़ते दिखाई दे रहे हैं। लोग पैसे के कारण अपने रिश्तो को भी अहमियत देना भूल गए हैं। ऐसा ही दर्दनाक मामला देखने को मिला तेलंगाना के हुजुरबाद में। जहां एक नानी ने अपनी एक महीने की नातिन को एक लाख रुपए के लिए बेच डाला। जानकारी के अनुसार करीमनगर जिले के वीणावंका में रहने वाले पद्मा और रमेश को एक महीने पहले बेटी हुई थी। पद्मा कुछ दिन के लिए अपनी मां के यहा रहने आई थी। उसकी मां कनकम्मा पर एक लाख का कर्जा था, जिसे चुकाने के लिए उसने अपनी नातिन को दाव पर लगा दिया। उसने जिले के ही एक व्यक्ति को 1 लाख 10 हजार रुपये में मासूम बेच दी। इतना ही नहीं कनकम्मा अपनी बेटी को गुमराह करने के लिए मनगढ़ंत कहानी भी बनाई। उसने बताया कि बच्ची गुम हो लेकिन पद्मा को अपनी मां पर शक हुआ। पुलिस में शिकायत करने पर पुरा मामला सामने आया। कनकम्मा ने कबूला कि उसने कर्ज उतारने के लिए मासूम को बेच डाला। साथ ही वह अपनी बेटी के विवाह के भी खिलाफ थी, जिस कारण उसने यह कदम उठाया।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## हत्या और धमकी के आरोप में बंद बाहुबली नेता धनंजय सिंह जेल से रिहा

**जौनपुर की मल्हनी सीट से विधानसभा उपचुनाव लड़ने की जताई इच्छा**

जौनपुर(एजेंसी)। अपहरण और धमकी देने के आरोप में जेल में बंद बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह जेल हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद से रिहा हो गए हैं। जेल से बाहर आते ही धनंजय सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जनता का पैसा लूटने वाली संस्था का मैंने विरोध किया था, जिस पर उस संस्था ने प्रशासन को गुमराह करके मुझे गलत मुकदमे फंसाया है। इस दौरान धनंजय ने मल्हनी सीट से विधानसभा उपचुनाव लड़ने की इच्छा भी जाहिर की, साथ ही कहा कि फैसला पार्टी करेगी।

गौरतलब है कि 10 मई 2020 को लाइन बाजार थाने में नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल ने धनंजय सिंह व संतोष विक्रम सिंह के खिलाफ अपहरण और हत्या की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया था। सिंघल का आरोप लगाया था कि धनंजय सिंह ने प्रोजेक्ट की साइट पर उनके गुर्गे को ही गिट्टी तथा बालू आपूर्ति का काम देने का दवाब डाला था। धमकी दी थी कि ऐसा न करने पर अपहरण कर उसकी हत्या कर दी जाएगी। मामले में शिकायत मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसी रात धनंजय सिंह को उनके आवास से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया था। मीडिया से बातचीत में धनंजय सिंह ने कहा कि जिले नामामि गंगे प्रोजेक्ट द्वारा कराये जा रहे कार्यो में भारी धांधली की जा रही है। मेरे जेल जाने से पहले वही अधिकारी कोर्ट में हलफनामा देते हैं कि सब काम ठीक चल रहा है, जबकि मेरे जेल जाने के ठीक 3 दिन बाद वही अपने अधिकारी को पत्र लिखते हैं कि काम सही नहीं चल रहा है। धनंजय सिंह कहा कि मल्हानी से मेरी पार्टी मुझे चुनाव लड़ाएगी तो मैं चुनाव लड़ूंगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद ने प्रेस के सामने कहा कि यह सीट भाजपा–निषादराज गठबंधन में दी जाए। धनंजय ने कहा कि विधानसभा चुनाव में मल्हनी सीट पर निषादराज पार्टी रनरअप रही है इसलिए यहां मेरी पार्टी की दावेदारी बनती है।

## लखनऊ में रेलवे अफसर की बेटी ने अपनी मां और भाई की गोली मारकर हत्या की

लखनऊ (एजेंसी)। लखनऊ में रेलवे अफसर आरडी बाजपेई की बेटी ने अपनी मां और भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। उसने सोते वक्त दोनों को अपनी .22 की रायफल से गोली मारी थी। रेलवे के सरकारी आवास में हुए इस डबल मर्डर का पुलिस ने शनिवार को खुलासा किया।

पुलिस के अनुसार सीनियर आईआरटीएस अफसर आरडी बाजपेई की बेटी नैशनल लेवल शूटर है। पहले जानकारी आ रही थी कि मां–भाई की हत्या के बाद से वह सदमे में है और उसी ने 112 पर कॉल करके पुलिस को बुलाया था। पुलिस ने बताया, 'आरोपी लड़की ने अपनी रायफल से 5 गोलियां चलाई थीं। गन पुलिस ने कब्जे में ले ली है।'

पुलिस के अनुसार आरोपी लड़की ने खुद भी पहले कई बार आत्महत्या की कोशिश की है। उसने ब्लेड से हाथ की कलाई पर कई बार खुद आत्महत्या का प्रयास किया।

उसके हाथ में पट्टी बंधी मिली है। युवती को गिरफ्तार कर लिया गया है।

इससे पहले यह चर्चा थी कि दोनों हत्याएं घर में डकैती की वारदात के दौरान हुई हैं। हालांकि पुलिस ने इससे साफ इनकार किया था।

आरडी बाजपेई की बेटी नैशनल शूटर है। घटना के बाद उसने 112 पर फोन किया, फिर नानी को बुलाया। पुलिस अब उससे पूछताछ कर रही है।

## मुखबिर की सूचना ने पुलिस को दिलाई आरोपी को पकड़ने में सफलता,जाने क्या है

अमेठी:मुसाफिरखाना पुलिस ने पिछले डेढ़ वर्ष से वांछित चल रहे विस्फोटक पदार्थ अधिनियम सहित कई अन्य धाराओं के आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भैया राम(45) वर्ष पुत्र बनवारी लाल निवासी ग्राम निजामुद्दीनपुर,मुसाफिरखाना के विरुद्ध मुसाफिरखाना थाने में विस्फोटक पदार्थ अधिनियम सहित कई अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था।आरोपी मुकदमा दर्ज होने के बाद से वांछित चल रहा था।उसकी काफी जगह खोजबीन की लेकिन वह हाथ नहीं आया।

शनिवार को आरोपी भैयाराम के घर मे मौजूद होने की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस ने मुखबिर सूचना के आधार पर उसके गाँव से वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।आरोपी को पकड़ने वाले दल में उप निरीक्षक गिरजेश मिश्र,कांस्टेबल दीपक शुक्ला और महावीर प्रसाद शामिल थे।

## सार–समाचार



लखीमपुर बरवर। नगर में मोहर्रम के मद्देनजर सीओ विवेक उपाध्याय इंस्पेक्टर आदर्श कुमार,एसआई सुनील सिंह ने अपने दलबल के साथ किया पैदल रूट मार्च।'



### इंटेलीजेंस मीडिया एसोसिएशन(IMA) ने केशव के बयान की घोर निंदा की

उत्तर प्रदेशके उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के बेतुके बयान से जहा पत्रकारों में रोष ब्याप्त है वही तमाम पत्रकार संघटनो ने भी उनके बयान की घोर निंदा की है । इसी कड़ी में इंटेलिजेंस मीडिया एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय राय ने भी उप मुख्यमंत्री के बयान की घोर निंदा की है ।उन्होंहे अपने संबोधन में कहा कि पत्रकार अपनी कलम को धार दें अपने ईमान को पहचाने किसी के दबाव मे न आएं और सच्चाई को सभी के सम्मुख लाएं । पूरा उत्तर प्रदेश हिंसक दौर से गुजर रहा है कानून के रखवाले ही हत्यारे हो गए हैं । पत्रकारों को बंद करके उत्पीड़न किया जा रहा है, जान से मरवा जा रहा हैं सभी पत्रकार एकजुट होकर जनता को जगाएं । ये नेता अपने आप ही औकात में आ जाएंगे ।

## कांग्रेस में लड़ाई अब सतह पर आयी, निर्मल खत्री ने गुलाम नबी को जमकर कोसा

लखनऊ (एजेंसी)। कांग्रेस में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर छिड़ी रार के बीच अब पार्टी के नेताओं की आपसी लड़ाई अब सतह पर आने लगी है। पार्टी आलाकमान की आलोचना करने के बाद गुलाम नबी आजाद, कपिल सिब्बल सरीखे नेता अन्य कांग्रेस नेताओं के निषाने पर आ गये हैं। इस लड़ाई के बहाने कांग्रेस नेता एक दूसरे से अपनी पुरानी खुंदक निकालने लगे हैं। पूर्व विधान परिषद सदस्य नसीब पठान के बाद अब उप्र के कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष निर्मल खत्री ने गुलाम नबी आजाद को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने तो यहां तक कहा कि जब–जब आजाद उप्र के प्रभारी बनकर आये पार्टी का सत्यानाष हुआ।

अयोध्या से पूर्व सांसद रहे निर्मल खत्री ने अपने फेसबुक पेज पर आजाद द्वारा एक एजेंसी को दिये इंटरव्यू का हवाला देते हुए पोस्ट किया कि अपने इंटरव्यू में इन्होंने (आजाद ने) कुछ राज्यों का जिक्र किया जिसमें यह दावा किया कि इन्हीं के दम पर उन राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनी लेकिन आप अपने इंटरव्यू में उत्तर प्रदेश को भूल गये जहाँ पर जब–जब आप प्रभारी बन कर आये कांग्रेस का सत्यानाश किया। उन्होंने कहा कि 1996 में आजाद ने उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में बसपा से समझौता किया,

नतीजा कोई खास नहीं रहा और 2017 में इन्होंने सपा से समझौता किया, सीट पहले से निम्नतम स्तर पर सात सीट आ गयी यानी यह जब जब उत्तर प्रदेश के प्रभारी के रूप में आये प्रदेश में कांग्रेस बैक गेयर में ही जाती रही।

पूर्व प्रदेष कांग्रेस अध्यक्ष निर्मल खत्री ने संजय गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के संघर्ष के दिनों का उल्लेख करते हुए कहा कि मुझे याद है

## उप्र के 16 जिलो के 792 गांव बाढ. प्रभावित

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में बाढ़ की स्थिति में मामूली सुधार हुआ है लेकिन अब भी राज्य के 16 जिलों के 792 गांव प्रभावित हैं। प्रदेश में वर्तमान में सभी तटबंध सुरक्षित है। राहत एवं बचाव के लिए एनडीआरएफ की 12 टीमें तथा एसडीआरएफ व पीएसी की 17 टीमें इस प्रकार कुल 29 टीमें तैनाती की गयी है। 591 नावें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगायी गयी है।

प्रदेश के राहत आयुक्त कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में बाढ़ की स्थिति में सुधार हुआ है और 16 जिलों के 792 गांव बाढ़ प्रभावित है। इनमें से 437 गांव पूरी तरह बाढ़ से घिर गए हैं। बाढ़ प्रभावित जिलों में अंबेडकरनगर, अयोध्या, आजमगढ़, बहराइच, बलिया, बाराबंकी, बस्ती, देवरिया, फर्रूखाबाद, गोंडा, गोरखपुर, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, मऊ, शाहजहांपुर और सीतापुर शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार पलिया कला (लखीमपुरखीरी), सरयू (घाघरा) नदी (अयोध्या) तथा तुर्तीपार (बलिया), सरयू (घाघरा) नदी एल्गिनब्रिज बाराबंकी में अपने खतरे के जलस्तर से ऊपर बह रही है।

उत्तर प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री अनिल राजभर ने शनिवार को यहां पत्रकारों को बताया कि मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं

### ई– टिकट बुकिंग करने वाले दो दलाल दबोचे

अलीगढ़ (एजेंसी)। रेलवे की आईआरसीटीसी वेबसाइट पर पर्सनल आईडी बनाकर ई– टिकट बुकिंग करने व मोटी रकम लेकर मनमाने दामों पर टिकट बेचने वाले दो दलालों को आरपीएफ व क्राइम ब्रांच की टीम ने दबोच लिया।आरोपियों के पास से चार पर्सनल आईडी, कंप्यूटर आदि उपकरणों के साथ टिकट बिक्री से जुड़े दस्तावेज बरामद हुए हैं।पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।आरपीएफ इंस्पेक्टर चमन सिंह तोमर व क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार कौशिक ने बताया कि कासिमपुर के 10 मार्केट में मातृछाया कंप्यूटर सेंटर से राजीव कुमार निवासी नई बस्ती रामपुर कासिमपुर व उसके साथी प्रीतम सिंह उर्फ प्रदीप निवासी तालिब नगर जवां को गिरतार किया गया है।राजीव कासिमपुर पावर हाउस स्थित मातृछाया कंप्यूटर सेंटर पर काम करता है।यह दुकान वरुण की है।ट्रक गेट मार्केट में प्रीतम सिंह उर्फ प्रदीप का लक्की फोटो स्टूडियो है।इन पर लंबे समय से रेलवे रिजर्वेशन का काम किया जा रहा था।प्रदीप ग्राहकों को फंसा कर लाता था। राजीव अपनी पर्सनल आईडी से टिकट बनाता था।इसकी एवज में लोगों से मोटी रकम वसूलते थे। इनका रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है।

### जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों व क्षेत्राधिकारियों को दिए शासन के निर्देशों का अक्षरशः पालन कराने के निर्देशः

उन्नाव आगामी मोहर म व गणेश उत्सव के त्यौहारों पर अलर्ट रहें।जिलाधिकारी ने दिए लंबित संदर्भो का निस्तारण शीघ्र करें।संबंधित को दिए आयोग में लंबित संदर्भों का शीघ्र निस्तारण करें।जिलाधिकारी ने दिए समस्त नगर पालिका/नगर पंचायतों में साफ सफाई व पानी की व्यवस्था करें।संबंधित नगर पालिका व नगर पंचायतों में बैरिकेडिंग व सैनिटाइजेशन के कार्य को विशेष महत्ता दे।जिलाधिकारी ने दिए सामाजिक दूरी, मास्क जरूरी का अक्षरशः से पालन करे।मवेशियों को नहीं होनी चाहिए किसी भी प्रकार की असुविधाःजिलाधिकारी ने दिए समस्त गौशालाओं की स्थिति सुदृढ़ बनाए।जिलाधिकारी ने दिए ग्रामीण क्षेत्रों में कान्हा गौशालाओं का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण हो।

### महिला से राशन डीलर ने की मारपीट

अलीगढ़ (एजेंसी)। मडराक क्षेत्र के गांव सिंगारपुर में राशन राशन लेने गई महिला से राशन डीलर ने मारपीट की। महिला के पति ने जनसुनवाई द्वारा एसएसपी से शिकायत की । गांव सिंगारपुर सपना पत्नी सतीश कुमार ने एसएसपी को दी जनसुनवाई में कहा है कि 26 अगस्त को सुबह 9 बजे वह घर से राशन लेने के लिए गई तो लाला राम के पुत्र सत्ता मुकेश ने राशन देने से मना कर दिया।जब उनसे राशन नही देने की वजह पूछी तो उन्होंने मुझे गंदी गंदी गालियां दी तथा मेरे साथ मारपीट कर दी और कहा कि तेरे परिवार को जान से मार देंगे तुझे जो करना है वह कर ले।

### चार दरोगा लाइन हाजिर, कई बदले

अलीगढ़ (एजेंसी)। एसएसपी मुनिराज जी ने लगातार मिल रही शिकायतों के चलते गभाना के चार दारोगा लाइन हाजिर कर दिए हैं। इनके स्थान पर नई तैनाती दी गई है। वहीं अतरौली में एसएसआई की तैनाती कर दी है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार गभाना से प्रवीन कुमार, अंकित कुमार, अरुण कुमार व सुखपाल को लाइन हाजिर किया गया है। इनके स्थान पर पुलिस लाइन से मोहम्मद इरफान, उपेंद्र कुमार, मयंक कुमार व सुरेंद्र सिंह को गभाना भेजा है।वहीं अतरौली थाने की भानपाड़ा चौकी प्रभारी रवेंद्र कुमार को अतरौली में ही एसएसआई बनाया है। मंढौली चौकी से अखिलेश प्रधान को कस्बा अतरौली चौकी प्रभारी, एसपी ग्रामीण के वाचक विशन चंद्र राणा को थाना जवां, रसलगंज से अनिल कुमार को वाचक एसपी ग्रामीण, सुभाष कुमार को पुलिस लाइन से रसलगंज, रामबाबू शर्मा को पुलिस लाइन से थाना गांधीपार्क भेजा है।

## राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को हाकी के जादूगर मेजर जनरल ध्यानचंद कुशवाहा जी के जन्मदिवस पर खास रिपोर्ट

**संजय मौर्य,**
**उत्तरप्रदेश ब्यूरो की कलम से**

मेजर ध्यानचंद सिंह कुशवाहा जी का जन्म 29 अगस्त 1905 को हुआ था। आप भारतीय फील्ड हॉकी के भूतपूर्व खिलाड़ी एवं कप्तान थे। भारत एवं विश्व हॉकी के सर्वश्रेष्ठ खिलाडड़ियों में उनकी गिनती होती है। वे तीन बार ओलम्पिक के स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के सदस्य रहे जिनमें 1928 का एम्सटर्डम ओलोम्पिक, 1932 का लॉस एंजेल्स ओलोम्पिक एवं 1936 का बर्लिन ओलम्पिक है । उनकी जन्मतिथि को भारत में षाष्ट्रीय खेल दिवसष के के रूप में मनाया जाता है। उनके छोटे भाई रूप सिंह कुशवाहा जी भी अच्छे हॉकी खिलाड़ी थे जिन्होने ओलम्पिक में रूप सिंह भी ध्यानचंद की तरह होकी खेला करते थे, जो अच्छे खिलाड़ी थे। ध्यानचंद के पिता समेश्वर जी भी आर्मी में थे जिस वजह से उनका तबादला आये दिन कही न कही होता रहता था। इस वजह से ध्यानचंद ने कक्षा छठवीं के बाद अपनी पढाई छोड़ दी, बाद में ध्यानचंद के पिता उत्तरप्रदेश के झाँसी में जा बसे थे।

उनके बाल्य–जीवन में खिलाड़ीपन के कोई विशेष लक्षण दिखाई नहीं देते थे। इसलिए कहा जा सकता है कि हॉकी के खेल की प्रतिभा जन्मजात नहीं थी, बल्कि उन्होंने सतत साधना, अभ्यास, लगन, संघर्ष और संकल्प के सहारे यह प्रतिष्ठा अर्जित की थी।

साधारण शिक्षा प्राप्त करने के बाद 16 वर्ष की अवस्था में 1922



कई गोल दागे थे।

उन्होंने अपने खेल जीवन में 1000 से अधिक गोल दागे। जब वो मैदान में खेलने को उतरते थे तो गेंद मानों उनकी हॉकी स्टिक से चिपक सी जाती थी।

जीवन परिचय–

ध्यानचंद का जन्म उत्तरप्रदेश के इलाहबाद में 29 अगस्त 1905 को हुआ था। वे कुशवाहा परिवार के थे, उनके पिता का नाम समेश्वर सिंह कुशवाहा था, जो ब्रिटिश इंडियन आर्मी में एक सूबेदार के रूप कार्यरत थे, साथ ही होकी गेम खेला करते थे। ध्यानचंद के दो भाई थे, मूल सिंह एवं रूप सिंह।

ई. में दिल्ली में सेना में एक साधारण सिपाही की हैसियत से भरती हो गए व वही हॉकी खेलने लगे देखते ही देखते वह दुनिया के एक महान खिलाड़ी बन गए।

सन् 1927 ई. में लांस नायक बना दिए गए। सन् 1932 ई. में लॉस ऐंजल्स जाने पर नायक नियुक्त हुए। सन् 1937 ई. में जब भारतीय हाकी दल के कप्तान थे तो उन्हें सूबेदार बना दिया गया। जब द्वितीय महायुद्ध प्रारंभ हुआ तो सन् 1943 ई. में 'लेफ्टिनेंट' नियुक्त हुए और भारत के स्वतंत्र होने पर सन् 1948 ई. में कप्तान बना दिए गए। केवल हॉकी के खेल के कारण ही सेना में उनकी पदोन्नति होती गई। 1938 में उन्हें 'वायसराय का कमीशन' मिला और वे सूबेदार बन गए। उसके बाद एक के बाद एक दूसरे सूबेदार, लेफ्टीनेंट और कैप्टन बनते चले गए। बाद में उन्हें मेजर बना दिया गया।

ध्यानचंद को फुटबॉल में पेले और क्रिकेट में ब्रैडमैन के समतुल्य माना जाता है। गेंद इस कदर उनकी स्टिक से चिपकी रहती कि प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को अक्सर आशंका होती कि वह जादुई स्टिक से खेल रहे हैं। यहाँ तक हॉलैंड में उनकी हॉकी स्टिक में चुंबक होने की आशंका में उनकी स्टिक तोड़ कर देखी गई। जापान में ध्यानचंद की हॉकी स्टिक से जिस तरह गेंद चिपकी रहती थी उसे देख कर उनकी हॉकी स्टिक में गोंद लगे होने की बात कही गई। ध्यानचंद की हॉकी की कलाकारी के जितने किस्से हैं उतने शायद ही दुनिया के किसी अन्य खिलाड़ी के बाबत सुने गए हों। उनकी हॉकी की कलाकारी देखकर हॉकी के मुरीद तो वाह–वाह कह ही उठते थे बल्कि प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाड़ी भी अपनी सुधबुध खोकर उनकी कलाकारी को देखने में मशगूल हो जाते थे। उनकी कलाकारी से मोहित होकर ही जर्मनी के रुडोल्फ हिटलर सरीखे जिद्दी सम्राट ने उन्हें जर्मनी के लिए खेलने की पेशकश कर दी थी। लेकिन ध्यानचंद ने हमेशा भारत के लिए खेलना ही सबसे बड़ा गौरव समझा। वियना में ध्यानचंद की चार हाथ में चार हॉकी स्टिक लिए एक मूर्ति लगाई और दिखाया कि ध्यानचंद कितने जबर्दस्त खिलाड़ी थे।

विपक्षी टीम को किस हद तक अपना लोहा मनवाया होगा इसका अंदाज़ा इस बात से लगाया जा सकता है कि वियना के स्पोर्ट्स क्लब में उनकी एक मूर्ति लगाई गई है जिसमें उनके चार हाथ और उनमें चार स्टिकें दिखाई गई हैं।

## पुलिस को चकमा देकर मुख्य आरोपी ने कोर्ट में किया सरेंडर

गाजियाबाद (एजेंसी)। गाजियाबाद जिले के मोदीनगर में अक्षय सांगवान हत्याकांड के मुख्य आरोपी अश्वनी न पुलिस को चकमा देकर शुक्रवार गाजियाबाद कोर्ट में सरेंडर कर दिया। एसपी देहात सहित 100 से अधिक पुलिसकर्मी अश्वनी की तलाश में लगे हुए थे। सवा लाख रुपये की फिरौती देकर अक्षय की हत्या कराने की बात पुलिस जांच में सामने आ रही है। अक्षय हत्याकांड में नामजद मुख्य आरोपी अश्वनी निवासी कस्बा पतला की तलाश में एसपी देहात के नेतृत्व में पुलिस की आठ टीम लगी हुई थी। 100 से अधिक पुलिस कर्मी पतला, मेरठ व गाजियाबाद में उसे तलाश कर रहे थे, लेकिन पुलिस को चकमा देकर अश्वनी ने शुक्रवार शाम तीन बजे के आसपास गाजियाबाद की अदालत में सरेंडर कर दिया। हत्याकांड में नामजद सभासद पति सप्पू गुर्जर व विकास 18 अगस्त से दिल्ली की जेल बंद हैं। अक्षय सांगवान हत्याकांड के मामले में नामजद आरोपी अश्वनी ने अदालत में सरेंडर कर दिया है। जल्द ही पुलिस उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

## पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने मोहम्मदी नगर मे फ्लैग मार्च किया

लखीमपुर खीरी(देवेश मिश्रा)

मोहम्मदी खीरी, मोहर्रम सहित अन्य त्योहारों को देखते हुऐ पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने मोहम्मदी नगर मे फ्लैग मार्च किया ,जिसका नेतृत्व उप जिलाधिकारी स्वाति शुक्ला और पुलिस

उपाधीक्षक विवेक उपाध्याय ने



किया फ्लैग मार्च में प्रभारी निरीक्षक बृजेश त्रिपाठी ,एसएसआई अमरनाथ राय ,कस्बा इंचार्ज जगपाल सिंह ,रहरिया चौकी इंचार्ज मनीष पाठक ,एसआई मुस्ताक खान , कपेद्र सिंह ,राजवीर सिह,सहित भारी संख्या में पुलिस बल ने पीडी इंटर कॉलेज ,नयथू चौराहा,,पुवाया मार्ग ,शुक्लापुर में फ्लैग मार्च किया ,उप जिलाधिकारी स्वाति शुक्ला ने कहा कल मोहर्रम की दसवीं तारीख है शासन की गाइडलाइन और करौना महामारी को देखते हुए किसी प्रकार का कोई जुलूस नहीं निकाला जाएगा ,सभी सहयोग करते हुऐ अपना अपना पर्व मनाए, और पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें ,

वहीं पुलिस उपाधीक्षक विवेक उपाध्याय और प्रभारी निरीक्षक बृजेश त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से कहा कि इस रुट मार्च का उद्देश्य जनता में विश्वास पैदा करना है किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नही होगी,जो कानून का पालन नही करेगा तो कानून अपना काम करेगी,वही अराजक तत्वों पर भी नजर रखी

## पपी को पैरों से कुचलने वाली आरोपी अरेस्ट, जमानत पर छोड़ा गया

**वीडियो शेयर कर दोनों आरोपियों ने अपने ऊपर लगे आरोपों को गलत बताया**

लखनऊ(एजेंसी)। लखनऊ पुलिस ने कार में पपी को पैरों से कुचलने की आरोपी ओमैक्स अपार्टमेंट निवासी पूजा ढिल्लन को गिरफ्तार कर लिया। देर शाम डीसीपी पूर्वी चारू निगम ने थाने से जमानत दिए जाने की पुष्टि की। डीसीपी पूर्वी चारू निगम ने बताया कि सोशल मीडिया पर दो विडियो वायरल हुए थे। इनमें कार के अंदर एक महिला पैरों से पपी को कुचल रही थी। इस मामले में एक समाजसेवी महिला की शिकायत पर विभूतिखंड थाने में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद ओमेक्स अपार्टमेंट निवासी पूजा ढिल्लन को गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि एफआईआर के अनुसार सात साल से कम की सजा होने के कारण थाने से जमानत दे दी गई।

पूरे मामले में पूजा और उनके पति राज ने सोशल मीडिया पर एक विडियो शेयर किया है।

इसमें दोनों ने अपने ऊपर लगे आरोप को पूरी तरह गलत और खुद को पशु प्रेमी बताया है। दोनों का कहना है कि उन्हें बदनाम करने के लिए ऐसा किया गया है।